

30:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 146 epaper.rashtriyakhabar.com ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

दूरागतं पथि श्रान्तं वृथा च गृहमागतम्।
अनर्चयित्वा यो भुंक्ते स वै चाण्डाल उच्यते॥

भावार्थ : दूर से चलकर आनेवाला यात्री थका हुआ होता है, बिना किसी स्वार्थ के घर में आये हुए अतिथि की पूजा किये बिना जो घर का स्वामी स्वयं भोजन कर लेता है, उसे निश्चय ही चाण्डाल कहा जाता है।

## रांची पारा अपडेट



| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.29 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.02 बजे

## नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण

**श्रीहरिकोटा:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ-12 के जरिये देश की दूसरी पीढ़ी के पहले नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह 10:42 बजे 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी-एफ12 अपनी 15वीं उड़ान में दो हजार 232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना हुआ। प्रक्षेपण की उल्टी गिनटी 27.5 घंटे पहले रविवार सुबह सात बजकर 12 मिनट पर शुरू हो गयी थी। प्रक्षेपण के लगभग 18 मिनट बाद, जीएसएलवी-एफ12 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित करेगा।

## तटरक्षक बल ने छह मछुआरों को बचाया

चेन्नई: समुद्र के बीचोंबीच इंजन के फेल होने के बाद लहरों के बीच फंसी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की ओर बढ़ रही एक नाव तथा उस पर सवार छह मछुआरों को भारतीय तटरक्षक बल के मंडपम स्टेशन के जवानों ने सुरक्षित बचा लिया है। यहां आज जारी रक्षा विज्ञप्ति ने बताया गया कि बंदरगाह पर पहुंचने पर भारतीय तटरक्षक बल ने तमिलनाडु सरकार के मत्स्य विभाग के गार्ड को सौंप दी। नाव का इंजन फेल होने के बाद यह मछुआरे शनिवार से ही समुद्र में फंसे थे और उनकी नावें लहरों के साथ अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की ओर बढ़ रही थी। काफी खोजबीन के बाद मछुआरा नाव को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के काफी नजदीक पंबन लाइट से मात्र 16 नॉटिकल मील की दूरी पर खोज निकाला। नाव पर सवार मछुआरों से संपर्क करने पर पता चला की शाफ्ट टूटकर समुद्र में ही गिर जाने से वह पानी के बीच रास्ता ही नहीं बना पा रहे थे और नाव पिछले दो दिनों से पानी में यूं ही फंसी थी। मछुआरों को तटरक्षक बल के पोत पर लाया गया और जरूरी मदद दी गयी। बाद में नाव को पोत की मदद से उत्तरी मंडपम मछुआरा बंदरगाह पर लाया गया।

## ओडिशा सरकार ने 'मो घर' योजना को दी मंजूरी

**भुवनेश्वर:** ओडिशा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न और निम्न मध्यम आय वाले परिवारों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के वास्ते 'मो घर' नयी आवास योजना को सोमवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्य सचिव पी के जेना ने पत्रकारों को बताया कि इस योजना में ऐसे सभी परिवार शामिल होंगे जो मौजूदा आवास योजनाओं में कठोर पात्रता मानदंड या अपर्याप्त आवंटन के कारण छूट गए थे। यह योजना उन लोगों को भी कवर करेगी जिन्हें पहले आवास सहायता प्राप्त हुई है लेकिन वे अपने घरों का उन्नयन या विस्तार करना चाहते हैं। श्री जेना ने कहा कि लगभग चार लाख लाभार्थियों (प्रत्येक ऋण स्लैब से एक लाख) की वित्तीय भागीदारी दो साल की अवधि में 2150 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत, एक लाभार्थी तीन लाख रुपये तक के आवास ऋण का लाभ उठा सकता है।

## सभी खेल संगठनों में सुरक्षा उपाय लागू करने की जरूरत: बिंद्रा

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के सदस्य अभिनव बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों की भयावह तस्वीरों पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को सभी खेल संगठनों में ह्यस्वतंत्र सुरक्षा उपायह्ल लागू करने की मांग की। बीजिंग ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज बिंद्रा ने टवीट किया, कल रात सो नहीं सका। अपने साथी भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की भयावह तस्वीरों ने मुझे विचलित रखा। समय आ गया है कि हम सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय लागू करें। उल्लेखनीय है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। करीब एक महीने से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर बैठे पहलवानों को पुलिस ने हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू उखाड़ दिये।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** › पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखायी पीएम ने

# निर्माण भी सच्चा सामाजिक न्याय है : प्रधानमंत्री मोदी

- गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी तक चलेगी ट्रेन
- पूरी तरह स्वदेश निर्मित ट्रेन है यह रेलगाड़ी
- नये संसद भवन का महत्व भी रेखांकित किया

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश में आधारभूत संरचना के विकास का सर्वाधिक लाभ मिलने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि अवसंरचना निर्माण भी सच्चा सामाजिक न्याय है, सच्चा सेकुलरिज्म है। श्री मोदी ने पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को गुवाहाटी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 199 रूट किलोमीटर के न्यू बोंगाईगांव-दुधनोई-मेंदीपाथेर और 238 किलोमीटर के गुवाहाटी-चापरमुख नव विद्युतीकृत खंडों तथा लमडिंग में नवनिर्मित डेमो मेमो शेड को भी राष्ट्र को समर्पित किया। है। प्रधानमंत्री ने कहा, आधारभूत संरचना सबके लिए है, समान रूप से है, बिना भेदभाव के है। इसलिए ये अवसंरचना निर्माण भी एक तरह से सच्चा सामाजिक न्याय है, सच्चा सेकुलरिज्म है। इससे पूर्वोत्तर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री मोदी ने कहा, अपने अतीत की नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए कुछ लोग कहते हैं कि पहले भी तो पूर्वोत्तर में बहुत काम हुआ था। इन लोगों ने पूर्वोत्तर के लोगों को मूल सुविधाओं के लिए भी दशकों तक इंतजार करवाया। इस अक्षम्य अपराध का बहुत बड़ा नुकसान पूर्वोत्तर ने उठाया है। उन्होंने कहा, गति के साथ-साथ भारतीय रेल आज दिलों को जोड़ने, समाज को जोड़ने और लोगों को अवसरों से जोड़ने का भी

### यही अवसंरचना तेज विकास का आधार है : मोदी

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत में हो रहे अवसंरचना के काम की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है। क्योंकि यही अवसंरचना तो जीवन आसान बनाती है और रोजगार के अवसर लाती है। यही अवसंरचना तेज विकास का आधार है। यही अवसंरचना गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, ऐसे हर वंचित को सशक्त करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना निर्माण के इस काम से सबसे अधिक लाभ अगर किसी को हुआ है तो वह पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत है। उन्होंने कहा कि 2014 के दशक से पहले अलग-अलग सेक्टरों में घोटाले करने के रिकॉर्ड बनते थे। इन घोटालों से सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों और विकास में पिछड़े क्षेत्रों को हुआ। हमारी सरकार ने गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी।

» पेज 2 भी देखें

दुकान पर उसे देख, जो जहां था वहां से भाग निकला

# केक की दुकान से भालू ने भरपेट केक खाया

- एक बार स्वाद चखने के बाद उसे यह अच्छा लगा
- अपना पेट भरने के लिए भालू ने लगभग 60 कपकेक खा लिए

**राष्ट्रीय खबर**



**कॉनिकट:** यहां से एक अजीब घटना की सूचना आयी है। दरअसल समझा जा रहा है कि इस घटना का मुख्य पात्र शायद बहुत भूखा रहा होगा और अचानक उस भूख के मारे वह एक केक की दुकान के अंदर कुछ भोजन की तलाश में चला गया। चार फीट के इस भालू को देखते ही वहां मौजूद अथवा दूर खड़े लोग सुरक्षा के लिहाज से वहां से चंपत हो गये। दुकान में मौजूद कर्मचारियों ने जब उसे अंदर आते देखा तो शोर मचाया। भालू, भालू का शोर सुनकर दूसरे लोगों का ध्यान भी इस तरफ आकृष्ट हुआ। बड़े आकार के इस भालू को देख दुकान के अंदर और बाहर मौजूद लोग सुरक्षित इलाकों की तरफ भाग निकले।

कई लोग जान बचाने के लिए पड़ोस की दुकान में प्रवेश कर गये और उसके दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया। किसी ने आपातकालीन सेवाओं को फोन पर इस घटना की जानकारी दी। लेकिन जिसे लेकर इतना हंगामा हुआ, वह बेफिक्र था। भोजन तलाशते हुए दुकान में उसे रखा हुआ कप केक नजर आ गया। एक बार स्वाद चखने के बाद उसे यह अच्छा लगा।

इस वजह से वह दुकान में रखे कप केकों को भी मजे से खाने लगा। अपना पेट भरने के लिए भालू ने लगभग 60 कपकेक खा लिए। उसके बाद दुकान का एक कर्मचारी अपनी कार से बार-बार हॉर्न बजाने लगा। उस हॉर्न की आवाज पर कुछ देर बाद उसने केक खाया और भाग गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर गई। लेकिन तबतक भालू ने केक खा लिया था। बताया जा रहा है कि यह घटना बीते बुधवार की है. उस दुकान के मालिक ने इस घटना को इंस्टाग्राम पर हाईलाइट किया। उन्होंने जो तस्वीर पोस्ट की उसमें सड़क पर कपकेक बिखरे नजर आ रहे थे। हालांकि भालू के हमले में कोई घायल नहीं हुआ।

अमित शाह के दौरे से पहले मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# दो पुलिसकर्मी सहित कम से कम 10 लोगों की मौत



- चार दिन के दौरे पर इंफाल पहुंचे हैं गृह मंत्री
- रविवार की रात से अचानक उपद्रव तेज हुआ
- सीएम ने दोनों समुदायों से शांति की अपील की

**पूर्वोत्तर संवाददाता**

**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार दिन के दौरे पर आज इंफाल पहुंच गए हैं।केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे से पहले मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। हिंसा की ताजा घटनाओं में 2 पुलिसकर्मी सहित 10 लोगों की मौत हुई है। पुलिस सूत्र ने बताया कि मणिपुर में हिंसा थमती नहीं दिख रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने जहां आज (29 मई) राज्य का दौरा किया है, वहीं रविवार आधी रात (29 मई) को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। हिंसा में 2 पुलिसकर्मी सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। पिछले महीने जातीय हिंसा में कम से कम 120 लोगों मारे गए थे। रविवार (28 मई) को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक बयान जारी कर बताया था कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि हिंसा के दौरान 40 आतंकवादी मारे गए हैं। सीएम ने कहा, ये आतंकवादी नागरिकों के खिलाफ एम-16 और एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे थे। ये कई गांवों में घरों को जलाने के लिए आए थे। सेना और अन्य सुरक्षा बलों की मदद से उनके खिलाफ बहुत कड़ी कार्रवाई की गई जिसमें करीब 40 आतंकवादियों को मार गिराया गया है।गृह मंत्री अमित शाह ने आज शाम मणिपुर का दौरा किया। इस संदर्भ में, सीएम ने कुकी जनजाति मैतेई समुदाय दोनों से शांति बनाए रखने और सामान्य स्थिति लाने के लिए काम करने की अपील की है। इससे पहले सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शनिवार को मणिपुर का दौरा किया था।इससे पहले, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने

» पेज 2 भी देखें

नये संसद भवन के उदघाटन को लेकर पशोपेश में पार्टी

# जदयू का बहिष्कार पर हरिवंश हुए शामिल



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश दरअसल जदयू के राज्यसभा सांसद हैं। उन्होंने कल नये संसद भवन के उदघाटन समारोह में भाग लिया था। उन्होंने इस समारोह में उपराष्ट्रपति का संदेश भी पढ़ा। इस वजह से जदयू के अंदर ही सवाल उठ गये हैं। पटना में जद (यू) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पर पार्टी द्वारा समारोह के बहिष्कार के बावजूद नए संसद भवन के उद्घाटन में हिस्सा लेने पर निशाना साधा। कड़े शब्दों वाले बयान में, श्री कुमार ने एक समारोह में पत्रकार से राजनेता की भागीदारी की निंदा की, जहां यहां तक कि आपके अध्यक्ष, माननीय उपराष्ट्रपति भी मौजूद नहीं थे। जद (यू) के प्रवक्ता ने कहा, पत्रकारिता में आपके योगदान के लिए पार्टी ने आपको राज्यसभा भेजा था। लेकिन जब देश में संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय, आपने अपने उच्च पद के लिए बौद्धिक अखंडता का व्यापार किया। पार्टी के सर्वोच्च नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह के बहिष्कार का बचाव करते हुए इसे उन लोगों द्वारा इतिहास को बदलने का प्रयास बताया, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं दिया था।

» पेज 2 भी देखें

सीमा पर पिछले कुछ समय से लगातार गश्त लगा रहा है यह प्राणी

# नॉर्वे ने जासूस व्हेल से दूर रहने की चेतावनी दी

**राष्ट्रीय खबर**



**ओस्लो:** नार्वे के मत्स्य पालन निदेशालय ने आम जनता से कहा है कि लोगों को गलती से घायल होने या मारने से बचने के लिए प्रसिद्ध बेलुगा व्हेल के करीब जाने से बचना चाहिए। दरअसल इस ह्वेल को एक रूसी जासूस माना गया है। उसके बदन पर इसके निशान भी मिले हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक 2019 में एक कैमरे के लिए माउंट के साथ विशेष रूप से बनाए गए हार्नेस पहने हुए स्पॉट किए जाने के बाद ह्वाल्डिमिर नामक व्हेल को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली। विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्हेल को रूसी सेना द्वारा प्रशिक्षित किया गया हो सकता है। निदेशालय के अनुसार, 2019 के बाद से, यह नॉर्वे तट के आस पास घूम रहा है। शायद इस इलाके में उसे समुद्री भोजन मिलने में आसानी भी हो रही है। ह्वाल्डिमिर को नावों का अनुसरण करने और उन पर सवार लोगों के साथ खेलने के लिए जाना जाता है। निदेशालय ने कहा कि व्हेल, जो नॉर्वे में एक संरक्षित प्रजाति है, अब भीतरी ओस्लोफजॉर्ड में रहती है। इसका मतलब है कि यह बहुत घनी आबादी वाले क्षेत्र में आ गया है, और मानव संपर्क के कारण व्हेल के घायल होने का जोखिम काफी अधिक हो गया है। मत्स्य निदेशक फ्रैंक बक्के-जेन्सेन ने कहा कि अब तक केवल छोटी घटनाएं हुई हैं जहां व्हेल को मामूली चोटें आई हैं, मुख्य रूप से नावों के संपर्क से लेकिन उन्होंने लोगों से अपनी दूरी बनाए रखने का आग्रह किया, भले ही व्हेल पालतू है और लोगों के आसपास रहती है। बक्के-जेन्सेन ने कहा, हम विशेष रूप से नावों में लोगों को व्हेल को घायल होने से बचने के लिए या नाव यातायात से सबसे खराब स्थिति में मारे जाने के लिए अच्छी दूरी बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, हमने हमेशा बताया है कि प्रश्न में व्हेल एक मुक्त रहने वाला जानवर है और हमें इसे

» पेज 2 भी देखें

**आंतरिक रहस्य** › लाईलाज बीमारी को ठीक करने की दिशा में कारगर जेनेटिक्स

# एचआईवी के पांच मरीज ठीक हो चुके हैं

- जेनेटिक पद्धति से ठीक होने की पुष्टि हुई
- दुनिया में लाखों लोग इस वायरस से पीड़ित
- सीसीआर 5 जीन की पहचान कर ली गयी है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** जेनेटिक विज्ञान नित नये कमाल कर रहा है। दरअसल इंसानी शरीर के आंतरिक रहस्यों पर से जैसे जैसे पर्दा उठ रहा है, वैसे वैसे असंभव सी लगने वाली चीजों भी अब संभव लगने लगी हैं। इस कड़ी में एचआईवी जैसी लाईलाज बीमारी के लिए भी अच्छी खबर आयी है। ओरेगन हेल्थ एंड साइंस यूनिवर्सिटी का नया शोध यह समझाने में मदद कर रहा है कि स्टेम सेल ट्रांसप्लांट प्राप्त करने के बाद कम से कम पांच लोग एचआईवी मुक्त क्यों हो गए हैं। वैज्ञानिकों को आशा है कि एड्स का कारण बनने वाले वायरस के

» पेज 2 भी देखें

### यह पुष्टि करने के लिए संतुष्टिदायक था:सच्चा

हालांकि सच्चा ने कहा कि यह पुष्टि करने के लिए संतुष्टिदायक था कि स्टेम सेल प्रत्यारोपण ने अमानवीय प्राइमेट को ठीक कर दिया, वह और उनके साथी वैज्ञानिक यह भी समझना चाहते थे कि यह कैसे काम करता है। विषयों से नमूनों का मूल्यांकन करते समय, वैज्ञानिकों ने निर्धारित किया कि दो अलग-अलग, लेकिन समान रूप से महत्वपूर्ण, एचआईवी को मात देने के तरीके थे। सबसे पहले, प्रत्यारोपित दाता स्टेम कोशिकाओं ने प्राप्तकर्ताओं की एचआईवी संक्रमित कोशिकाओं को विदेशी आक्रमणकारियों के रूप में पहचानने और उन पर हमला करने में मदद की, भ्रष्टाचार-बनाम-ल्यूकेमिया की प्रक्रिया के समान जो कैंसर के लोगों को ठीक कर सकती है। दूसरा, जिन दो विषयों में इलाज नहीं हुआ, उनमें वायरस प्रतिरोपित दाता कोशिकाओं में कूदने में कामयाब रहा। एक बाद के प्रयोग ने सत्यापित किया कि एचआईवी दाता कोशिकाओं को संक्रमित करने में सक्षम था, जब वे एचआईवी पर हमला कर रहे थे। इसने शोधकर्ताओं को यह निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया कि दाता कोशिकाओं को संक्रमित करने के लिए इस रिसेप्टर का उपयोग करने से एचआईवी को रोकना भी एक इलाज के लिए आवश्यक है। सबसे पहले, वैज्ञानिकों ने देखा कि एचआईवी अब उनके हाथों और पैरों में फैले रक्त में पता लगाने योग्य नहीं था। इसके बाद, वे लिम्फ नोड्स, या प्रतिरक्षा ऊतक के गांठों में एचआईवी नहीं पा सके जिनमें सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं और संक्रमण से लड़ती हैं। अंगों में लिम्फ नोड्स पहले एचआईवी मुक्त थे, उसके बाद पेट में लिम्फ नोड्स थे।

### सागरदिघी के कांग्रेस विधायक बिस्वास तृणमूल कांग्रेस में

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को उस समय बड़ा झटका लगा जब पार्टी के इकलौते विधायक बायरन बिस्वास सोमवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। श्री बिस्वास मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी से कांग्रेस विधायक हैं। जो आज तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में चल रही जोनो संजोग यात्रा के दौरान श्री बिस्वास सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए। पार्टी ने कहा, हम तहेदिल से उनका (बिस्वास का) तृणमूल कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हैं। तृणमूल ने अपने बयान में कहा, भारतीय जनता पार्टी की विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण राजनीति के खिलाफ लड़ने के अपने संकल्प को मजबूत करने के लिए आपने सही मंच चुना है।

# बेनिस नहर का पानी चमकीला हरा हुआ, जांच जारी है

**राष्ट्रीय खबर**



**रोम:** रविवार की सुबह प्रसिद्ध ग्रैंड कैनाल में फ्लोरोसेंट (चमकीला) हरे पानी का एक पैच दिखाई देने के बाद वेनिस के अधिकारी जांच कर रहे हैं। ह्वेनेटो के क्षेत्रीय अध्यक्ष लुका जिया ने ट्विटर पर लिखा, आज सुबह वेनिस के ग्रैंड कैनाल में फॉस्फोरसेंट ग्रीन लिक्विड का एक पैच दिखाई दिया, जिसकी सूचना रियाल्टो ब्रिज के पास कुछ निवासियों ने दी। प्रीफेक्ट ने तरल की उत्पत्ति की जांच के लिए पुलिस के साथ एक तत्काल बैठक बुलाई है, स्थानीय प्रीफेक्ट प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने तुरंत पानी के नमूने लिए, सीसीटीवी निगरानी टेप की समीक्षा की और स्थानीय गोंडोलियर पायलटों और नाव चालकों से पूछा कि क्या उन्हें कुछ भी संदेह है, हरे पानी के कारण की जांच के लिए एक आपातकालीन बैठक बुलाने से पहले, यह

» पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

## अल्पसंख्यक शिक्षकों को नियुक्त करे सरकार

रांची: कांग्रेस पार्टी का राजधानी रांची के इरबा में बुनकरों के साथ संवाद कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने सरकार से अल्पसंख्यक समुदाय की सभी जायज मांगों को पूरा करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के लिए शिक्षक नियुक्ति समेत अन्य मामलों पर नियोजित नहीं किया गया, तो इसके लिए 2024 में पार्टी से यह समुदाय दूर हो जायेगा।उन्होंने प्रदेश सरकार के साथ-साथ सरकार में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भी अल्पसंख्यक समुदाय की मांगों पर न्यायोचित निर्णय लेने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्य समुदाय पार्टी के लिए चुनाव में साथ देते आ रही है। पिछले कुछ वर्षों से यह समुदाय कांग्रेस पार्टी से अलग हो रहा है।

उपलब्धि > केंद्रीय मंत्री ने नौ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को बताया

# नौ वर्षों में बगैर किसी भेदभाव के लोगों तक योजनाओं को दिया: वी के सिंह

राष्ट्रीय खबर




रांची: केंद्रीय सड़क परिवहन व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह ने आज रांची में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को बताया। रांची प्रेस क्लब में सोमवार को आयोजित मीडिया संवाद के दौरान पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के जरिये नौ वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों को दर्शाया। इसके बाद कर्नल वी के सिंह मीडिया रूबरू हुए।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 9 साल पूरे होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रूप में मना रही है। नौ वर्षों में बगैर किसी भेदभाव के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। इन नौ वर्षों में तीन व्यवस्था में बदलाव आया है। इनमें पहला आर्थिक, दूसरा सामाजिक और तीसरा राजनीतिक व्यवस्था शामिल है।उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में जो काम हुआ है, उतना काम पिछले 70 वर्षों में भी नहीं हुआ है। एक सवाल के जवाब में जनरल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में किसी गैरभाजपा शासित प्रदेशों के लिए अलग व्यवस्था नहीं है। मोदी सरकार पूरे देश को एक ही तरह से देखती है चाहे वो गैरभाजपाई प्रदेश हो या भाजपा शासित प्रदेश।

ये तो प्रदेश की सरकार पर निर्भर है वो अपने राज्य में योजनाओं को लाने के प्रति कितनी गंभीर है।जनरल सिंह ने कहा कि देश में 1947 से लेकर अब तक 950 विलियन डॉलर निवेश हुए। इनमें 532 मिलियन डॉलर निवेश केवल नौ वर्ष के अंदर आये। कुल 162 देशों ने भारत में निवेश किये और वो भी 31 प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों में हुए हैं। यही नहीं ये निवेश 61 अलग-अलग सेक्टर में किये गये। जहां तक राजनीतिक व्यवस्था की बात है तो देश में 90 करोड़ निबंधित वोटर हैं। इनमें से 60 करोड़ लोग वोट डालते हैं। तकरीबन दो करोड़ लोग नये हैं और 10 लाख मतदान केंद्र हैं।

उन्होंने कहा कि देश में 36 लाख मुद्रा लोन दिया गया। 30 लाख लोगों को मुद्रा लोन मिला। यह तय बात है कि सरकार सबको नौकरी नहीं दे सकती। ऑगेर्नाइज सेक्टर में मात्र 4 प्रतिशत को ही नौकरी मिलती है। आंकड़े बताते हैं कि प्राइवेट सेक्टर में रोजगार बढ़े हैं। मोदी सरकार ने स्टार्टअप क्रांति ला दी है। युवाओं का रूझान भी बढ़ा है। जब युवा अपने दिमाग से कोई काम शुरू करेंगे तो वही उन्हें आगे तक ले जायेगा।उन्होंने कहा कि हत्या और विकास के साथ कोई तालमेल नहीं। हत्या दंगा-फसाद ये सब विकास में बाधक होते हैं। वैसे भी इन नौ वर्षों के अंदर कश्मीर में काफी कुछ बदलाव आया है। जहां तक पाकिस्तान की बात है तो वहां जो स्थिति बनी है वो किसी छुपी नहीं है। वो जिस रास्ते चल चुका है उससे उसकी तबाही निश्चित है।

## कल का दिन हमसब को शर्मसार कर गया: झामुमो

राष्ट्रीय खबर

रांची:केंद्र की मोदी सरकार द्वारा नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नहीं कराने पर विपक्षी दलों का पीएम मोदी पर लगातार हमला जारी है। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीएम मोदी पर जम कर हमला बोला। कहा कि अब तो राष्ट्रपति महात्मा गांधी पर भी सवाल उठाने लगे हैं।बीते कल का दिन हमसब को शर्मसार कर गया है। आनेवाले दिनों में यह हमसब के लिए चुनौती है कि देश के एक समाज की बुनियादी आत्मा जनतांत्रिक भावना को बचाये रखें और बाबा साहेब के द्वारा दिये गये संविधान की रक्षा कर सकें।कल संसद में ईंटें नहीं लगायी गयी, संविधान के एक-एक पन्ने को चुना और कील लगा कर अंदर साट दिया गया।उन्होंने कहा कि 28 मई 2023 का दिन लोकतंत्र के लिए शर्मसार करनेवाला है। एक साथ पांच घटनाएं हुई हैं। नये संसद भवन के उद्घाटन से राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को वंचित रखा गया। उनके आवास को बैरीकेड कर दिया गया।संसद के उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी लोकतंत्र और मातृशक्ति पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उसी समय दिल्ली में बेटियों को घसीटा और पीटा जा रहा था। उसी लोकतंत्र के मंदिर में पीएम मोदी एक बलात्कारी सांसद के सामने बैठ कर लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रहे थे। सत्यमेव जयते का नारा लगा रहे थे। ओलंपिक में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को भी नये सांसद भवन उद्घाटन में नहीं बुलाया गया था। उन्हें पुलिस के द्वारा पिटवाया गया।उन्होंने महाकाल में कॉरिडोर गिरने की चर्चा की।

दो ने अभी से अपने अपने हिस्सों के सीटों पर ठोंका दावा

# मिशन 2024 की तैयारी में अभी से जुटा आजसू और राजद

राष्ट्रीय खबर

रांची:लोकसभा चुनाव 2024 होने में अब एक साल से भी कम का समय बच गया है। मगर इसे लेकर झारखंड में सभी दल अपने-अपने स्तर से तैयारी, सीट शेयरिंग और गुणा-भाग करने में जुट गए हैं। राजद जिसको पिछले बार यूपीए फोल्डर के केवल एक सीट मिली थी। मगर राजद चतरा में भी प्रत्याशी उतार दिया। इसके कारण चतरा में कांग्रेस और राजद के बीच दोस्ताना संघर्ष हुआ, जिसमें दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशी बुरी तरह से हार गए थे। मगर आजसू पार्टी की बात करें तो एनडीए फोल्डर में साथ मिलकर लड़ने से फायदा हुआ और पहली बार झारखंड गठन के बाद आजसू पार्टी की उपस्थिति संसद में हुई।आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह सीट से लोकसभा जीतकर संसद पहुंचे। यूपीए एवं एनडीए के दो अहम पार्टनर राष्ट्रीय जनता दल एवं आजसू पार्टी की बात करें तो इस बार स्थिति और परिस्थिति बहुत ही अलग बनती दिख रही है। मगर दोनों ही दल अपने-अपने स्तर से दावे और प्रतिदावे करने में जुटे हैं। इस बार फिर राजद ने यूपीए फोल्डर के तहत फिर से पिछली बार की तरह चार सीटों पर दावेदारी की तैयारी शुरू कर दी है। जिसमें पलामू, चतरा के अलावे गोड्डा, कोडरमा पर भी दावेदारी करेगा। राजद कोडरमा में यादव आबादी की बहुलता और गत विधानसभा चुनाव में कई गोड्डा संसदीय सीट के कई सीटों पर कम मार्जिन से हारने को आधार बना सकती है। जबकि गोड्डा से खुद झामुमो और कांग्रेस की दावेदारी पहले से है। रही बात कोडरमा की तो इस सीट पर कांग्रेस की स्वाभाविक दावेदारी हमेशा से ही रही है। ऐसे में यूपीए फोल्डर से फिर इस बार राजद को खुश करना बड़ी समस्या बनकर उभरेगी।आजसू पार्टी इस बार फिर से दो सीट गिरिडीह के अलावे हजारीबाग सीट पर दावेदारी की तैयारी शुरू कर दी है। मगर इस बार आजसू को कितना सीट मिलता है, यह देखने वाली बात होगी। भाजपा खेमे से आ रही जानकारी के अनुसार, भाजपा-आजसू के बीच जो केंद्रीय स्तर पर चल रही उच्चस्तरीय वार्ता के अनुसार आजसू को इस बार शायद भाजपा एक सीट भी लोकसभा में न दे।

# रजरप्पा में 30 मई को दामोदर महोत्सव, राज्यपाल शामिल होंगे

राष्ट्रीय खबर



रांची: युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन एवं दामोदर बचाओ आंदोलन की ओर से 30 मई को को देवनद- दामोदर महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य समारोह मां छिन्नमस्तिका मंदिर, रजरप्पा में होगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे।

रजरप्पा के अलावा झारखंड के अन्य 44 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय ने बताया कि 30 मई की शाम 5 बजे से सवा 7 बजे तक महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान राज्यपाल नद पूजन, आरती और संगोष्ठी आदि में हिस्सा लेंगे। राय ने बताया कि दामोदर को बचाने के लिए 2004 में गंगा दशहरा के दिन आंदोलन की शुरूआत हुई थी। यह 19वां साल है। लोगों ने माना है कि दामोदर का पानी साफ हुआ है। लोगों ने यह भी माना है कि लगभग 95 प्रतिशत तक औद्योगिक प्रदूषण से दामोदर मुक्त हो गया है।

सरयू राय ने बताया कि वर्ष 2022 में दामोदर समीक्षा यात्रा के दौरान रजरप्पा में यह संकल्प लिया गया कि अब दामोदर को शहरी प्रदूषण से मुक्त करेंगे। इस संबंध में एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगाने की भी बात हुई। बीते वर्ष ही भारत सरकार को पत्र लिखा गया। भारत सरकार ने उदारता दिखाई और एसटीपी के लिए राज्य सरकार को पैसे भेज दिए। ये पैसे रामगढ़, धनबाद और फुसरो में एसटीपी लगाने के लिए दिए गए थे। चास में डीएमएफटी फंड से एसटीपी लगाने का जिला प्रशासन ने फैसला किया है। पतरातू थर्मल और चंद्रपुरा थर्मल वाले अपने ही खर्चे से एसटीपी लगवा रहे हैं।

सरयू राय ने बताया कि रामगढ़ के अलावा राज्य के 44 अन्य स्थानों पर भी दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर नद पूजा, आरती, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान आदि आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले साल को आभार प्रदर्शन वर्ष या धन्यवाद वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। आंदोलन के इन 19 वर्षों में जिन लोगों ने भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दामोदर नद को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन में हिस्सा लिया, उन सभी से मिल कर उनका आभार जताया जाएगा। राय ने बताया कि दामोदर महोत्सव का आयोजन रांची, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के 44 इलाकों में किया जाएगा।

## सालखन मुर्मू ने हेमंत सरकार को बताया आदिवासी विरोधी, 15 जून को बुलाया भारत बंद

राष्ट्रीय खबर

रांची: आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू आदिवासियों के मुद्दे को लेकर मुखर हैं। इसी के तहत 15 जून को भारत बंद का आह्वान किया है। वहीं 30 जून विश्व सरना धर्म कोड जनसभा, कोलकाता ब्रिगेड परेड ग्राउंड चलो का नारा दिया है। साथ ही आंदोलन का ऐलान किया है। आदिवासी सेंगेल अभियान के नेता पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने जामताड़ा में ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में संविधान प्रदत्त सभी अधिकारों के बावजूद आदिवासी गुलामी का जीवन जी रहे हैं। कहा हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी सरकार है।कहा कि 2011 की जनगणना में प्रकृति पूजक आदिवासी लगभग 50 लाख लोग सरना धर्म को मानने थे। वहीं जैन धर्म के मानने वालों की संख्या 44 लाख ही दर्ज की गई थी। बावजूद जैन धर्म को मान्यता मिल गई। आदिवासियों के सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं मिली। संथाली भाषा एकमात्र राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त बड़ी आदिवासी भाषा है। जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विरोधी दल के नेता बाबूलाल मरांडी संताल समेत लाखों लोग संथाली भाषा भाषी होने के बावजूद झारखंड की राजभाषा क्यों नहीं ?हेमंत सोरेन पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने आदिवासियों को धोखा दिया है। साथ ही समाज को बर्बाद कर दिया है। कहा कि पारसनाथ आदिवासी समाज का धर्म स्थान है। लेकिन इसे जैन धर्म को दे दिया गया।

बयानबाजी > वीके सिंह के बयान पर झारखंड कांग्रेस का पलटवार

# 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड रखा, लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखा: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है जनरल सिंह ने कांग्रेस के 70 सालों के कार्यकाल की तुलना मोदी सरकार के 09 सालों की उपलब्धियों से की है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह प्रश्न करना बहुत आसान है कि 70 सालों में क्या किया तो इन 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड रखा, लोकतंत्र को मजबूत रखा, पाकिस्तान की तरह यहां सैनिक शासन नहीं लगने दिया। मोदी सरकार के इन नौ सालों में बेरोगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न, देश की बेटियों द्वारा सत्ता पक्ष के सांसद के ऊपर यौनशोषण का आरोप लग गया। देश की अर्थव्यवस्था इन नौ साल में पूरी तरह चरमरा गई है। श्री सिन्हा सोमवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।उन्होंने कहा कि नेहरु के शासन काल में इसरो, तारापुर अणुशक्ति, आईआईएम, आईआईटी, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, सरदार सरोवर, भाखड़ा नांगल बांध, एशियन गेम्स की मेजबानी जैसे कई बड़े काम किए गए। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बीएसएफ की स्थापना, डेयरी विकास, पाकिस्तान पर विजय के साथ ही जय जवान जय किसान के स्लोगन से देश की तस्वीर बदलने का काम किया। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने, मिसाइल टैंक से लैस करने, पाकिस्तान को विभाजित करने के साथ-साथ देशहित में कई बड़े फैसले लेने के लिए याद की जाती है। राजीव गांधी के शासनकाल को टेलीकॉम क्रांति, सुपर कंप्यूटर, रेलवे का कंप्यूटरीकरण, पंचायती राज का आधुनिक मॉडल के साथ-साथ युवाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए याद किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### निर्माण भी सच्चा .. ..

माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट योजना के तहत नॉर्थ ईस्ट के रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल बनाए गए हैं। ये वोकल फॉर लोकल को बल दे रहे हैं। इससे हमारे स्थानीय कारीगर, कलाकार, शिल्पकार, ऐसे साथियों को नया बाजार मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस इस क्षेत्र के लोगों को तेज गति और सुविधा पूर्वक यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी।

इस अवसर पर यहां गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाब चंद्र कटारिया, मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और केन्द्र सरकार में रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, निशीथ प्रमाणिक एवं जॉन बारला मौजूद थे । इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज असम सहित पूरे पूर्वोत्तर की रेल कनेक्टिविटी के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। आज पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम एक साथ हो रहे हैं। आज पूर्वोत्तर को अपनी पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत एक्सप्रेस मिल रही है।

### नॉर्वे ने जासूस व्हेल से .. ..

पकड़ने और बाधाओं के पीछे रखने का कोई कारण नहीं दिखता है। हालांकि, अब जबकि व्हेल अधिक संवेदनशील क्षेत्र में है और भोजन तक पहुंच सीमित हो सकती है, हम विभिन्न उपायों पर विचार करेंगे,ह्व बक्के-जेन्सेन ने कहा। मत्स्य निदेशालय इस उम्मीद में व्हेल की गतिविधियों की निगरानी करेगा कि जब वह ऑस्लोफजॉर्ड के अंत तक पहुंचती है तो वह मुड़ जाती है। विशेषज्ञों ने बताया कि ह्वाल्डिमिर एक प्रशिक्षित जानवर था, और सबूत बताते हैं कि यह रूस से आया था। नौसेना को पहले सैन्य अभियान चलाने के लिए बेलुगाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जाना जाता है। इनके जिम्मे नौसैनिक ठिकानों की रखवाली करना, गोताखोरों की मदद करना, खोए हुए उपकरणों को ढूंढना होता है।

### दो पुलिसकर्मी सहित .. ..

इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह चल रहे संकट को हल करेंगे। दरअसल, पिछले महीने राज्य में हिंसा तब भड़क उठी थी जब आदिवासी समूहों, मुख्य रूप से कुकी ने मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग का विरोध किया था। इससे उन्हें आरक्षण का लाभ और वन भूमि तक पहुंच प्रदान करता। सरकार ने हिंसा को और बढ़ने से रोकने के लिए कई क्षेत्रों में कर्फ्यू और इंटरनेट पर बैन लगा दिया है। इस बीच, पुलिस सूत्रों ने बताया कि मणिपुर में संदिग्ध ऑपरेशन सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में रविवार को दो पुलिस कमांडो शहीद हो गए। अब मणिपुर में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि राज्य भर में कई स्थानों पर सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई हैं। सुगनू में स्थिति अस्थिर हो गई, चल रही गोलीबारी और घरों को जलाने की खबरें आईं। सूत्रों के अनुसार, आज हिंसा में कम से कम 8 लोगों की जान चली गई है।

### जदयू का वहिष्कार पर .. ..

भाजपा के विरोधी 20 से अधिक दलों ने रविवार के समारोह का बहिष्कार किया था, जिसमें जोर देकर कहा गया था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए भवन का उद्घाटन करना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को। जद (यू) के प्रवक्ता ने कहा, यह शीर्ष नेतृत्व को तय करना है कि पार्टी के बहिष्कार का फैसला करने के बावजूद आपकी भागीदारी को ध्यान में रखते हुए क्या कार्रवाई की जाए। राज्यसभा में अपने लगातार दूसरे कार्यकाल की सेवा करते हुए, जो अगले साल समाप्त हो जाएगा, हरिवंश 2018 से उपसभापति रहे हैं, जब वह पद पर काबिज होने वाले केवल तीसरे गैर-कांग्रेसी सांसद बने। झारखंड और बिहार के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों में से एक प्रभात खबर के संपादक के रूप में कार्य करने से पहले 66 वर्षीय ने तत्कालीन प्रधान मंत्री चंद्रशेखर के मीडिया सलाहकार के रूप में कार्य किया था। जद (यू) ने पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाले राजग से हाथ खींच लिया था और तब से महागठबंधन का हिस्सा है, जिसमें राजद, कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं। दूसरी तरफ पार्टी के राजग से अलग हो जाने के बाद भी हरिवंश अब तक राजग खेमा की तरफ से राज्यसभा में उप सभापति बने हुए हैं।

### एचआईवी के पांच मरीज.. .. ..

लिए एक व्यापक इलाज बन जाएगा, जिसने दुनिया भर में लगभग 38 मिलियन लोगों को संक्रमित किया है। जर्नल इम्युनिटी में प्रकाशित, ओएचएसयू के नेतृत्व वाले अध्ययन में बताया गया है कि स्टेम सेल प्रत्यारोपण प्राप्त करने के बाद एचआईवी के बंदर के रूप में दो अमानवीय प्राइमेट्स को कैसे ठीक किया गया। अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता, ओएचएसयू के ओरेगन नेशनल प्राइमेट रिसर्च सेंटर और वैक्सीन और जीन थेरेपी संस्थान के एक प्रोफेसर, जोनाह सच्चा, पीएचडी ने कहा पांच रोगियों ने पहले ही प्रदर्शित कर दिया है कि एचआईवी को ठीक किया जा सकता है। सच्चा ने आगे कहा, यह अध्ययन हमें इलाज करने में शामिल तंत्रों पर घर में मदद कर रहा है।ह्व हमें उम्मीद है कि हमारी खोज इस इलाज को किसी के लिए भी काम करने में मदद करेगी, और आदर्श रूप से स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के बजाय एक इंजेक्शन के माध्यम से। स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के माध्यम से एचआईवी का पहला ज्ञात मामला 2009 में दर्ज किया गया था। एक व्यक्ति जो एचआईवी के साथ जी रहा था, उसे एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया, कैंसर का एक प्रकार का निदान किया गया था, और बर्लिन, जर्मनी में स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया गया था। स्टेम सेल ट्रांसप्लांट, जिसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट भी कहा जाता है, का उपयोग कुछ प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए किया जाता है। उत्परिवर्तित सीसीआर 5 जीन वाले किसी व्यक्ति से दान की गई स्टेम कोशिकाएँ मिलीं, जो सामान्य रूप से सफेद रक्त कोशिकाओं की सतह पर एक रिसेप्टर के लिए कोड करती हैं जिसका उपयोग एचआईवी नई कोशिकाओं को संक्रमित करने के लिए करता है। यह म्यूटेशन वायरस के लिए कोशिकाओं को संक्रमित करना मुश्किल बना देता है, और लोगों को एचआईवी के लिए प्रतिरोधी बना सकता है। बर्लिन के मरीज के बाद से अब तक चार और लोग इसी तरह ठीक हो चुके हैं। प्रत्यारोपण प्राप्त करने वाले चार में से दो, ग्राफ्ट-बनाम-होस्ट रोग के सफलतापूर्वक इलाज के बाद एचआईवी से ठीक हो गए, जो आमतौर पर स्टेम सेल प्रत्यारोपण से जुड़ा होता है। अध्ययन पहली बार चिन्हित करता है कि एचआईवी से ठीक हुए शोध जानवर लंबे समय तक जीवित रहे हैं। प्रत्यारोपण के लगभग चार साल बाद आज दोनों जीवित और एचआईवी मुक्त हैं।

### बेनिस नहर का पानी .. ..

देखते हुए कि कोई पर्यावरण समूह नहीं है जिम्मेदारी का दावा किया था। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई कई छवियों के अनुसार, हरी बूँद पहली बार सुबह 9:30 बजे के आसपास देखी गई थी और धीरे-धीरे बढ़ी, जिसमें पन्ना पदार्थ के माध्यम से गोंडोला, जल टैक्सियों और जल बस नौकाओं को तैरते हुए दिखाया गया था। सिटी काउंसिलमैन एंड्रिया पेगोरारो ने तुरंत पर्यावरण कार्यकताओं को दोषी ठहराया जो हाल के महीनों में इतालवी सांस्कृतिक विरासत स्थलों पर हमला कर रहे हैं। पिछले सप्ताहांत रोम में ट्रेवी फाउंटेन में लकड़ी का कोयला डालने वाले समूह अल्टिमा जेनराज़ियोन ने बताया कि क्या वे हरे पानी के पीछे नहीं थे। इटली के फायर ब्रिगेड ने ट्वीट किया कि वे ग्रैंड कैनाल की पर्यावरणीय स्थिति की देखरेख करने वाली क्षेत्रीय एजेंसी एआरपीए वेनेटो को नमूने और तकनीकी सहायता प्रदान करने में सहायता कर रहे हैं, जो पानी में पदार्थ की प्रकृति को स्थापित करने के लिए विश्लेषण कर रहे हैं। विभिन्न सिद्धांत ऑनलाइन सामने आए, जिनमें यह भी शामिल है कि यह शैवाल या नहर में अवैध रूप से फैलाया गया पदार्थ हो सकता है। यह पहली बार नहीं है जब वेनिस की ग्रैंड कैनाल के रंग में बदलाव हुआ है।

# पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन के खिलाफ श्रमिको ने की नारेबाजी

राष्ट्रीय खबर

**गढहरा, बेगूसराय :** रेलवे बोर्ड के द्वारा पारित कारखानों का निर्माण कराने की मांग गढहरा बरौनी रेलवे यार्ड पुनरुद्धार समिति बेगूसराय की ओर से की गई। रविवार की देर शाम गढहरा में हुई समिति की बैठक में कई निर्णय लिये गये। कार्यालय परिसर में हुई बैठक में श्रमिकों ने पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक अशोक कुमार सिंह मुन्ना ने कहा कि गढहरा रेलवे यार्ड के लिए रेलवे बोर्ड का आदेश और बजटीय प्रावधानों का भी कोई मायने नहीं है। समिति के लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 2006-07 के अनुपूरक रेल बजट में गढहरा में माल डिब्बा मरम्मत कारखाना को शामिल किया गया। गढहरा बरौनी रेलवे यार्ड पुनरुद्धार समिति



के संघर्ष को सम्मान देते हुए रेल विभाग ने इस कारखाना का नाम वैगन पुनरुद्धार कारखाना गढहरा रखा। रेलवे बोर्ड द्वारा इसे 2011-12 के मद संख्या. 496 में शामिल कर रेलवे निर्माण संगठन को कारखाना निर्माण का दायित्व सौंपा। निर्माण संगठन विभाग ने इस कार्य के लिए संवेदक को करोड़ों रुपए का भुगतान भी किया। आज की स्थिति में इस अर्द्धनिर्मित कारखाना को रेलवे ने वन विभाग को पौधशाला बनाने के लिए सौंप दिया है। श्री मुन्ना ने कहा कि एशिया प्रसिद्ध यानान्तरण रेलवे यार्ड गढहरा में कार्यरत प्रगतिशील श्रमिक सहयोग समिति ने श्रमिकों का पूर्व की भांति स्थायीकरण की मांग के साथ जन सरोकार से जुड़े मुद्दे पर भी संघर्ष किया है। जिसके फलस्वरूप बरौनी जंक्शन के पूर्वी छोर पर स्थित राजवाड़ा 61 नंबर रेलवे गुमटी पर ऊपरगामी पुल निर्माण की मंजूरी मिली। इस कार्य को रेलवे बोर्ड ने पीडब्ल्यूडी 2011-12 के मद संख्या.167 में शामिल कर रेलवे के निर्माण संगठन को कार्य पूरा करने की जिम्मेवारी भी तय कर दी थी। लेकिन आज तक राजवाड़ा रेलवे गुमती पर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किए गए हैं। इस संबंध में अब स्थानीय सांसद द्वारा स्वीकृति दिलाने की हास्यास्पद घोषणा भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वैगन पुनरुद्धार कारखाना के निर्माण और राजवाड़ा रेलवे गुमटी पर ऊपर गामी सड़क पुल निर्माण को लेकर सक्षम न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। बैठक में प्रगतिशील श्रमिक सहयोग समिति के शंभू यादव, मो खालिद, संतोष साह, रामनरेश पासवान, सरोज कुमार पाठक, फूल कुमार सिंह, मुन्ना ठाकुर, फूदन महतो सहित दर्जनों श्रमिकों ने विचार रखे।

## शहर >> अपडेट

### जेठानी पर लगा जेवर चुराने का आरोप

**रीगा :** थाना क्षेत्र के रीगा प्रथम पंचायत अंतर्गत श्रीरामपुर टोला वार्ड नंबर 8 निवासी रामनिवास सिंह की पत्नी संगीता देवी ने चार लाख के आभूषण चोरी होने पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में बताया कि 15 मई को दिल्ली जाने के लिए सामान पैक कर रात में सो गई। हमारे साथ जेठानी की बेटी सविता कुमारी उर्फ छोटी सोई हुई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई को सुबह उठकर दिल्ली चली गई, पहुंचकर अपना बैग खोलकर देखी तो बैग से आभूषण गायब था। अपनी जेठानी व जेठ से पूछी तो गाली गलौज करने लगे व मारपीट पर उतारू हो गए। पूर्व में भी मारपीट कर दांत तोड़ दिया था।

## उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल, धूप के तल्ख तेवर आमजन परेशान



**सुगौली, पू.च :** मौसम के बढ़ रहे पारा व तल्ख तेवर से परेशान दिखे आमजन। उमस होने से सुबह से ही लोग पसीने से तर बतर रहे। सबसे खास बात है कि दो दिनों से मौसम में नमी नाम मात्र भी नहीं दिख रही है। कड़ी धूप से जहां दो मिनट भी सड़क पर रुक पाना मुश्किल हो रहा है, वहीं घरों व कार्यालयों में भी लोग उमस भरी गर्मी के चलते चैन की सांस नहीं ले पा रहे हैं। दिन भर गर्मी में उबलने के साथ रात को भी लोगों की परेशानियां कम नहीं हो पा रही हैं। सबसे अधिक परेशानियां तो महिलाओं,बच्चों व बुजुर्गों की है जो उमस भरी गर्मी में बिलबिला कर रोते हुए किसी तरह से समय काट रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। शहर के मुख्य बाजारों और चौराहों पर सन्नाटे की स्थिति दिख रही है। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। सूर्य की तपिश इतनी बढ़ गई है कि सुबह 9-10 बजे से ही धूप झुलसाने लगती है। दोपहर तक तेज धूप के कारण लोग गर्मी से बेहाल हो जाते हैं। दोपहर में तो बाजार में सन्नाटा पसरा नजर आया। किसान राजेश्वर कुमार, संजय महतो, विकास कुमार, मो. आलमगीर, गोपी ठाकुर ने बताया कि हमलोगो की हालात बिल्कुल खराब हो गई किसी तरह खेतो में धान के बीज को पानी का सहारा देकर जिंदा रखा हूं। अगर हालात इसी तरह रहा तो सब कुछ खत्म हो जाऐगा और हम किसान दाने-दाने के मोहताज हो जाएंगे।बारिश नही होना खेतो में लगी बीज पर काफी नुकसान शाबित होगा।

## सेवा भारत की ओर विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया

**हवेली खड़गपुर :** सेवा भारत की ओर से प्रखंड के बैजलपुर गांव में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिसमे 100 किशोरियों के साथ सेवा से जुड़ीं आगेवान बहनें भी शामिल हुई। इस दौरान माहवारी को लेकर किशोरियों को जागरुक किया। जिसमें मासिक धर्म से जुड़ी गलत धारणाएं, मासिक धर्म को लेकर मन में पेशोपेश और शर्म, मासिक धर्म में समस्या होने पर बताने से संकोच करना सहित कई जानकारियों के प्रति सभी किशोरियों को जागरुक किया गया। इस दौरान किशोरियों के बीच सेनेटरी नैपकिन बांटे गए। इस मौके पर रंजू प्रकाश, सोनी देवी, सोनी कुमारी, शीतल कुमारी अंशुप्रिया, अमृता कुमारी, रुखसार खातुन आदि सेवा की बहने और गीता देवी, अनीता देवी रीना देवी, स्नेहलता कुमारी, निशा कुमारी, सुजाता देवी, संजना देवी, आदि मौजूद थी।आपको बताते चले कि 28 मई को दुनियाभर में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। ज्ञातव्य है कि महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस बार मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की थीम ह्यइट्स टाइम फॉर एक्शनह्व रखी गई है। इसका अर्थ है कि अब वक्त पीरियड्स (मासिक धर्म) को लेकर सोचने का नहीं बल्कि मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई को लेकर सतर्क रहने का है। सर्वप्रथम 2014 में जर्मनी के ह्यवॉश यूनाइटेडह्व नाम के एक एनजीओ ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इस दिवस को मनाने के लिए 28 तारीख को इसलिए चुना गया क्योंकि आमतौर पर महिलाओं के मासिक धर्म 28 दिनों के भीतर आते हैं।

# सत्य कर्म के लिए मिला है मानव जीवन : नरेश सिंह

राष्ट्रीय खबर

**गढहारा, बेगूसराय :** सत्संग विहार गढहारा (बरौनी) श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी मंदिर परिसर में मासिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ऋतिक नरेश सिंह ने कहा कि मानव जीवन सत्य कर्म लिए मिला है। अच्छे कर्म ही मनुष्य को सुख और आनंद की प्राप्ति का माध्यम है। उन्होनें कहा कि सत्संग से जुड़कर ही सत्य मार्ग की प्रेरित करती है। श्री श्री ठाकुर की वाणी सबको बचाना अपने बचना इसी को तुम धर्म समझना को अपना



कर अपने और लोगो के कल्याण के लिए संकल्प लेना आवश्यक है। ऋतिक मोहन राय ने श्री श्री ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहज जीवन जीने के लिए मनुष्य को जैसे हर चीज की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार सत्संग मानव जीवन का एक अंग है। सत्संग बिना मानव जीवन अधूरा है। संचालन सुरेश राय ने किया। मौके पर ऋतिक विकास सिन्हा, अर्जुन सिंह, चंद्रदेव राय, रवीश कुमार, प्रवीण सिंह, अरूण कुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह एवं रौशन कुमार समेत दर्जनों सत्संगी शामिल थे। विदित हो कि मासिक सतसंग का आयोजन आनंदी प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित की गयी।

# भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अस्मिता का प्रतीक है गंगा : अंजना मित्तल

राष्ट्रीय खबर

**गया :** इनरव्हील क्लब ऑफ गया के पूर्व अध्यक्ष अंजना मित्तल ने गंगा दशहरा के पूर्व संध्या पर कहा कि गंगा अवतरण दिवस जिसे हम सभी गंगा दशहरा के नाम से जानते हैं।यह पर्व पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन ही राजा भागीरथी के तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा ने उनसे वर मांगने को कहा था तब राजा ने धरती के पापों का नाश हेतु उन्हें धरती पर आने का विनम्र आग्रह किया। गंगा मां ने प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्मा के कमंडल से निकलकर धरती पर अवतरित हुई। लेकिन उनके अत्याधिक तेज वेग से पृथ्वी के चारों तरफ जल मग्न होने लगी।भगवान शिव ने इसे अपने जटा में बांधकर एक सीमित वेग से धरती पर भेजा।ऐसी भी मान्यता है की गंगा गोमुख से निकली है,लेकिन गंगोत्री में इनका प्रथम दर्शन होता है। गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करने का , गंगा स्त्रोत पढ़ने का अभूतपूर्व महत्व है। गंगा में स्नान करने से मनुष्य के सारे पाप धूल जाते हैं।जेठ शुक्ल पक्ष दशमी के दिन मनाया जाता है। कहते हैं की वैदिक के 10 शुभ गणनाओं में यह दिन भी एक है। मनुष्य के जीवन में विचारों कार्यों और वाणी से संबंधित 10 पापों से आज के दिन गंगा स्नान करने से मुक्ति मिलती है।हरिद्वार , प्रयाग, मिजार्पुर, वाराणसी, पाटलिपुत्र के घाटों पर श्रद्धालुओं की अत्याधिक भीड़ होती है। उन्होंने कहा कि भारत में आदि अनादि काल से ही गंगा जीवनदायिनी और मोक्षदायिनी रही है। भारतीय संस्कृति सभ्यता और अस्मिता का प्रतीक गंगा की अविरल और निर्मल धारा के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती है।आज के दिन लोग गंगा स्नान, पूजन, दान पुण्य काफी करते हैं, जिस-जिस क्षेत्र से यह पतित पावनी गंगा गुजरी है, वहां के निवासियों के द्वारा अलग-अलग ढंग से इसकी पारंपारिक पूजा की जाती है। लोग मां को इस पार से उस पार तक माला चढ़ाकर, दूध चढ़ाकर अपनी मन्नत पूरी करते है। अब तो साइंटिस्ट लोग ने भी मान लिया है की गंगाजल बहुत ही पवित्र है जय हो गंगा मैया की जय हो सनातन धर्म की।

# बगहा दो के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से संचालित है अवैध नर्सिंग होम

**झोपड़ी व पशु शेड में संचालन, पानी चढ़ाने से लेकर ऑपरेशन तक की व्यवस्था**

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** एक तरफ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए तमाम यत्न किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अनपढ़ व गरीब लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप सक्रिय हो गए हैं। मनरेगा से निर्मित पशु शेड से लेकर झोंपड़ियों आदि में दर्जनों की संख्या में झोलाछाप के द्वारा इलाज किया जा रहा है। हाल के दिनों में एक चिकित्सक के द्वारा मरीज को मार दिए जाने का आरोप मरीज के परिजन द्वारा लगाया गया था। जिसको लेकर जांच टीम की गठन की गई थी। उसकी आंच अभी थमी भी नहीं कि तमाम अवैध नर्सिंग होम व क्लिनिक चलने लगे। आश्चर्य इस



बात की है कि इनका एक ठेकेदार भी है जो इनके सुरक्षा व विभागीय कार्रवाई का जिम्मा लेकर इनको ऐसा करने की छुट दिए हुए हुए है। उक्त ठेकेदार का स्वास्थ महकमे में कितनी पैठ है यह वही जाने मगर उसके हौसले की दाद देनी पड़ेगी जो खुलेआम अवैध नर्सिंग होम संचालित करवाने का हौसला रखता है और विभागीय कार्रवाई से वंचित है।

जब भी कोई जांच टीम पहुंचती है तो वह व्यक्ति सक्रिय हो जाता है। सोचनीय विषय है कि पर्यटन के क्षेत्र में अपना स्थान बना चुके वाल्मीकि नगर में बड़े बड़े अधिकारी, सरकार में मंत्री, यहां तक की मुख्यमंत्री भी बार-बार आते जाते रहते हैं। विगत दिनों महामहिम राज्यपाल महोदय का भी दो दिवसीय वाल्मीकि नगर का दौरा हुआ था। इस दौरान सभी विभाग अपनी-अपनी कमियों को दुरुस्त करने में लगे थे। मगर अवैध नर्सिंग होम संचालकों पर इसका कोई असर नहीं दिखा और वे लगातार मरीज भर्ती करने में लगे हुए थे। अब इसे स्वास्थ्य विभाग की कमजोरी कहे या फिर मिलीभगत। हालांकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी इनपर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। अगर इसी तरह से बिना डिग्री व व्यवस्था के झोपड़ी व पशु शेड में नर्सिंग होम लगातार संचालित होते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मरीज अस्पताल से घर आने के बजाय डाइरेक्ट परलोक सिधारेगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश सिंह नीरज ने कहा कि इनकी जांच कर अवैध निर्सिंग होम को सील किया जाएगा तथा उनके संचालको पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छोटू बारिक बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता

**विभिन्न संगठनों में काम करने का है बेहतर अनुभव**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश जय देवगिरी ने संगठन का विस्तार करते हुए ऊजार्वान और समर्पित युवाओं को संगठन में जगह दिया है। इसी कड़ी में युवा गया पाल पंडा और सामाजिक कार्यकर्ता छोटू बारीक को भारतीय जनता पार्टी युवा



मोर्चा में जिला प्रवक्ता का दायित्व दिया गया है। बता दें कि छोटू बारिक फल्गु सेवा समिति, हिंदू युवा शक्ति संघ श्री राम नवमी पूजा समिति जैसे विभिन्न सामाजिक संगठनों में अनेक पदों को सुशोभित कर चुके हैं। संगठन को मजबूत और क्रियाशील बनाने में इनका अच्छा अनुभव रहा है। जिसे देखते हुए पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिला प्रवक्ता बनने के बाद छोटू बारिक ने बताया कि संगठन में जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरे कर्तव्य निष्ठा और समर्पण भावना के साथ कार्य करूंगा। पार्टी के संगठनात्मक ढांचा को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इनके मनोनयन पर जिला भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी, उपाध्यक्ष आशीष पाठक,महामंत्री कौशल कुमार,मंत्री सिद्धार्थ मुदौल्य आदि नेताओं ने शुभकामनाएं दी है।

## दुसरे दिन भी जारी रहा पोलियो अभियान

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी :** पिपरासी एवं मधुबनी पीएचसी के पोषक क्षेत्र में सोमवार को दूसरे दिन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पिपरासी पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दिन रविवार को 427 बच्चों तथा आठ नवजात को पोलियो की खुराक डोर टू डोर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पिलाया गया। उधर मधुबनी पीएचसी प्रभारी डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि रविवार को पोलियो अभियान के तहत 3900 बच्चों व 12 नवजात को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पांच दिवसीय कार्यक्रम का दूसरे दिन यह अभियान जारी रहा। किसी भी सेंटर से कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। अभियान से पूर्व स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया था। स्वास्थ कर्मी डोर टू डोर जाकर जाकर नवजात शिशु से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिला रहे है।

## जल ही जीवन का है आधार

मचा हुआ है जल के लिए,
आज धरती पर हाहाकार।
जल- संरक्षण करें सभी,
जल ही जीवन का है आधार ।।
बिन जल नहीं रहेगी यह
हरियाली, दुर्दिन आयेगा।
अन्न उगेंगे कैसे,
प्यास धरा की कौन बुझाएगा?
नदियां ताल-तलैया दिन-दिन,
हैं जलहीन हुए जाते।
आसमान में भी अब मेघ,
कहां पहले से लहराते?
बढ़ती जनसंख्या कर रही,
निरंतर ही जल का दोहन।
पेड़ कट रहे तेजी से,
कच्छप गति से वृक्षारोपण।।
ऐसे में जल का संकट,
गहराता ही चल जायेगा।
बिन जल जीवन हीन धरा होगी,
यह जग जल जायेगा।।
जल कुदरत का है,अति
मूल्यवान, सुंदर,शीतल उपहार।
इसकी बूंद-बूंद हम बचा करें,
अपने जग पर उपकार।।
मचा हुआ है जल के लिए,
आज धरती पर हाहाकार।
जल -संरक्षण करें सभी,
जल ही जीवन का है आधार।।



**डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी**
असिस्टेंट प्रोफेसर
अंग्रेजी विभाग
जीबीएम कॉलेज, गया

# 3456 हज यात्री जेद्दा के लिए होंगे रवाना, मिलेगी सुविधाएं

**डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश**

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** हज यात्रा 2023 का सफल आयोजन के उद्देश्य से गया अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के सभाकक्ष में डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बताया गया कि हज यात्रा शुरूआत 07 जून से 22 जून, 2023 तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के लगभग 3456 आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे।

बैठक में डीएम ने हज यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत समीक्षा की। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया की पूर्व वर्ष एयरपोर्ट पर हज



यात्रियों के सुविधा हेतु आवासन, शुद्ध शीतल पेयजल, शौचालय, स्नानागार, कूलर की व्यवस्था, पर्याप्त रौशनी साथ ही साथ वजूखाना, नमाजगाह, इत्यादि की मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया की पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज यात्रियों की सुविधा में किसी प्रकार की कमी न हो, इसे सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया की अपने अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से करेंगे। साथ ही पूर्व वर्ष की तैयारी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष और बेहतर व्यवस्था करने की हर संभव प्रयास करेंगे।

डीएम ने नगर आयुक्त, गया नगर निगम, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बोधगया को निर्देश दिया की एयरपोर्ट परिसर को साफ सफाई तथा परिसर की भी सफाई हेतु पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाकर करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने प्रतिदिन फॉगिंग करवाने का निर्देश दिया।

डीएम ने निर्देश दिया की हज यात्रा के दौरान हज यात्रियों की सुविधा हेतु एयरपोर्ट पर अस्थाई नियंत्रण कक्ष, स्वास्थ्य जांच शिविर, पुलिस थाना, मे आई हेल्प यू काउंटर, पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी का संस्थापन इत्यादि करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला जन संपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की हज यात्रियों के स्वागत के लिए स्वागत द्वार का निर्माण, उनकी सुविधा के लिए विभिन्न जगहों पर महत्वपूर्ण दूरभाष नंबर का प्रदर्शन, सीसीटीवी, पेयजल, शौचालय, शिविरों इत्यादि का साइनेजेज लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि हज यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक एयरपोर्ट, सिविल सर्जन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्तागण, एयरपोर्ट के पदाधिकारीगण सहित हज कमिटी के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहर ›› अपडेट

## मारपीट मामले पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

सुगौली, पू च : स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 18 में मारपीट की घटना प्रकाश में आया है। इसको लेकर वार्ड नंबर 18 निवासी हाकिम खान ने स्थानीय पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि वह रविवार की सुबह गांव के ही मंजूर खान, शाहिद खान सहित करीब आधा दर्जन लोग आए और मेरे दरवाजे पर गाली- गलौज देने लगे। जब मैं घर से बाहर निकला तो देखा कि सभी लोग लाठी-डंडे लिए हुए थे। मुझे देखते हीं गाली-गलौज व मारपीट करने लगे, जिससे मेरा सर फट गया। बचाने आई मेरी पत्नी चांद तारा खातून को को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान उन्होनें जमकर लूटपाट मचाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

# सीएम नीतीश कुमार सड़क मार्ग से आज आएगे सिमरिया धाम : डीएम

## डीएम, एसपी और जेडीयू जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम की तैयारी का लिया जायजा

▶▶ करेगें स्थाई गंगा तट पर बनने बाले सीढ़ी घाट का शिलान्यास, तैयारी जिला प्रशासन ने की पूरी

राष्ट्रीय खबर



**बेगूसराय :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से बेगूसराय सिमरिया धाम सड़क मार्ग के रास्ते दोपहर 12:30 से 1 बजे दिन में पटना से बेगूसराय सिमरिया धाम आएंगे। सीएम सिमरिया के गंगा तट पर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थाई सीढी घाट का निर्माण व रिवर फ्रंट का शिलान्यास सिमरिया में जिला प्रशासन के द्वारा बनाए गये मंच से रिमोट दबाकर करेगें। इसकी जानकारी डीएम रोशन कुशवाहा ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि सीएम सिमरिया धाम में मात्र 40। से 45 मिनट तक ही रुकेंगे।उसके बाद फिर पटना वापस लौट जाएंगे। डीएम ने बताया कि सीएम साहब सीढ़ी का शिलान्यास करने के बाद गंगा तट पर भी निरीक्षण करने जाएंगे।वहां से लौटने के क्रम में सीएम सभी मीडिया कर्मी को ब्रिफिंग भी करेगें। उसके बाद पटना के लिए फिर निकल जाएंगे। डीएम ने बताया कि मीडिया कर्मी के लिए एक स्थाई कपड़े का कॉटेज बनवाया गया है। जहां पर सभी जिले के मीडिया कर्मी रहेंगे।सीएम मंच से शिलान्यास करने के बाद गंगा तट की ओर निरीक्षण करने के लिए जाएंगे। उस दौरान किसी भी मीडिया कर्मी को साथ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जाने का एलाव नहीं रहेगा। एसपी योगेंद्र कुमार ने पूछने पर बताया कि सीएम के सुरक्षा व्यवस्था में गंगा तट जिले के सभी डीएसपी समेत जिले के सैकड़ों पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कल रहेंगे। एसपी ने बताया कि सीएम के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमारे पुलिस के जवान सघन चेकिंग अभियान में जुट गए हैं। कार्यक्रम स्थल को पूरा सैनिटाइज किया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर पुलिस के जवान की पैनी नजर रहेगी। सिमरिया धाम में सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान सोमवार को डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी योगेन्द्र कुमार, नगर निगम बेगूसराय के नगर आयुक्त मनोज कुमार, एसडीसी शशि कुमार, प्रभाकर कुमार, हेड क्वाटर डीएसपी निशीत प्रिया, सदर डीएसपी अमित कुमार, तेघडा डीएसपी डा. रवि मोहन प्रसाद, बलिया डीएसपी कुमार वीर वीरेंद्र, बखरी डीएसपी चंदन कुमार के अलावे जेडीयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, बरौनी बीडीओ वीरेंद्र कुमार, सीओ सुजीत कुमार सुमन भी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने बेगूसराय के पांच खिलाड़ी नई दिल्ली रवाना




**मंसूरचक, बेगूसराय :** नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम मे 31 से 2 जून तक आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिये बेगूसराय के 5 खिलाड़ी सोमवार को बेगूसराय स्टेशन से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। प्रतियोगिता में बिहार के तरफ से 69 खिलाड़ी इवेंट में शिरकत करेगे। उक्त जानकारी बेगूसराय कराटे संघ के सचिव कराटे प्रशिक्षक जिवेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बिहार टीम में बेगूसराय जिले के 5 प्रतिभागी शिरकत करेगे। इनमें सीनियर बालक (– 60kg) से उबनत लाल महतो के पुत्र रितेश कुमार, सीनियर काता इवेंन में विकाश कुमार, कैडेट (–47kg) बालिका में रामप्रसाद की पुत्री अंजली भारती, सब जूनियर (–40kg) बालक में रमंजय कुमार महतो की पुत्री अर्चना कुमारी वही सब जुनियर (– 35kg) बालिका में दिव्या कुमारी शिरकत करेगे। उन्होंने ये भी बताया कि इस प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जितने वालों को एशियन गेम के ट्रायल के लिए चयन किया जायेगा। जिसका आयोजन चीन में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023 तक होना है। प्रतियोगिता में जिवेश कुमार को बिहार का पहला कोच के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। खिलाड़ियों को बेगूसराय कराटे संघ के अध्यक्ष रविशंकर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी बातों की दी गयी जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**गढहारा, बेगूसराय :** बरौनी प्रखंड के मध्य विद्यालय गढहारा में स्कूली छात्राओं को सुरक्षित माहवारी व स्वस्थ रहने को लेकर एक ज्ञानवर्धक सभा सोमवार को आयोजित की गयी। वहीं आगत-अतिथियों का स्वागत नीलम कुमारी ने की। सभा के दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पारसमणि ने स्कूली छात्राओं के मन में उठने वाले कई सवालों का जवाब देकर उन्हें सन्तुष्ट किया।साथ ही उन्होंने कहा कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस सप्ताह के तहत छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। माहवारी या मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता बनाये रखने और इससे सम्बंधित भ्रांतियां मिटाने के उद्देश्य से यह जागरूकता दिवस मनाया जाता है। आज के दौर में भी गांव व शहरों में रहने वाली बहुत सी महिलाएं हाईटेक के दौर में भी मासिक धर्म से जुड़ी कई जरूरी चीजों से अंजान हैं। इस संबंध में बातचीत करने से परहेज करती है। छोटी सी लापरवाही महिलाओं को कई तरह की बीमारियों को बुलाबा देती है। जैसे सर्वाइकल कैंसर और योनी संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस यानी ह्यवर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डेह्ल मनाने का उद्देश्य है कि युवतियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मासिक धर्म के सम्बन्ध में अहम जानकारी उपलब्ध करवाना है। इससे वो किसी तरह की बीमारी का शिकार होने से बच सकें। उन्होनें कहा कि

ज्यादातर महिलाओं और युवतियों को हर महीने 5 दिन मासिक धर्म होता है और पीरियड्स साइकिल का औसत अंतराल 28 दिन का होता है। इसी कारण से विश्व भर में 28 मई को विशेष रूप से मनाया जाता है। साथ ही बताया कि मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। जिस पर खुलकर बात करना जरूरी है। जिससे उनको इससे जुड़ी किसी भी तरह की बीमारी से बचाया जा सके।

कार्यक्रम के बाद सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें कई तरह की फूड सप्लीमेंट दवाइयां आदि उपलब्ध कराया गया। मौके पर एएनएम श्वेता कुमारी, अंकिता मिश्रा, अर्पणा कुमारी, अल्पना एवं उषा कुमारी समेत दर्जनों छात्रा मौजूद थे।

# टीएसएन की ओर से स्कूली बच्चों को दी गई बाल श्रम रोकथाम की जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**बेगूसराय :** बखरी प्रखंड स्थित मोहनपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलसीपुर व उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमनपुर में टीएसएन के बैनर तले बाल श्रम से रोकथाम व पलायन हो रहे बाल मजदूर से बचाव के लिए स्कूल के बच्चों के बीच क्वीज व आर्ट कला के माध्यम से बाल श्रमिकों व हो रहे पलायन से बचाव हेतु बच्चों के बीच रखा गया। जिसमें बच्चों ने इस क्वीज जैसे प्रतियोगिता भाग लेते हुए अपने अपने विभिन्न तरीकों से प्रदर्शन किया। उसके तत्पश्चात बच्चों के बीच संस्थान के माध्यम से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल से सम्मानित करते हुए 1 पौधों के साथ बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथी ही जिला लीडिंग जिला प्रखंड समन्वयक गुलशन कुमार के द्वारा बच्चों के बीच बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधन 2016 की धारा तीन एवं जीने के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी क्षेत्र परिवार और परिवारिक उधम एवं मनोरंजन को छोड़कर तथा किशोर किशोरियों का 14 एवं 14 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम खतरनाक व्यवसाय और प्रक्रियाओं में नियोजन काम करवाना प्रतिबंधित है। बिहार के विभिन्न ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल मोटर एवं चाय की दुकान इत्यादि घरेलू कामकाज, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप एवं गैरेज ईट भट्टा निर्माण, पटाखा उद्योग, सीमेंट उद्योग के विरुद्ध सशक्त कानूनी कार्रवाई करवाने का प्रावधान है। साथ ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमनपुर के अध्यापक दिनेश कुमार के द्वारा बच्चों के बीच बाल श्रम से जुड़े जानकारी को साझा किया गया। प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर के अध्यापक अखिलेश कुमार द्वारा बाल श्रम के बचाव हेतु बच्चों के बीच जानकारी दी। इस सोशल एक्टिविटी प्रोग्राम सहायक शिक्षक पिंटू कुमार, शिक्षिका दिना कुमारी, शिक्षक इंद्रदेव पासवान, सहायक शिक्षिका शिखा त्रिपाठी, पूर्व उप मुखिया राम कुमारी देवी, टीएसएन प्रखंड समन्वयक गोपाल कुमार, जीविका सीएम जेवनार समेत स्कूल के सैकड़ों बच्चे ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए बाल श्रम रोकथाम के कार्य में अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए शपथ ली।

# प्रथम इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट हैंडबॉल चैंपियनशिप : बालक वर्ग में माउंट लिटेरा जी स्कूल, तो बालिका वर्ग में जीके मेमोरियल बना चैंपियन

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू चं :** इस्ट चंपारण हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित एकदिवसीय प्रथम इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट हैंडबॉल चैंपियनशिप के बालक वर्ग में राजहंस पब्लिक स्कूल को 5-3 से हराकर माउंट लिटेरा जी स्कूल ने ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। बालिका वर्ग में जीके मेमोरियल चैंपियन बनी। फाइनल मुकाबले में जीके मेमोरियल ने ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल ने 3-1 से हरा दिया। माउंट लिटेरा जी व राजहंस पब्लिक स्कूल दोनों टीमें सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में हुए फैसले के बाद फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। माउंट लिटेरा जी ने जीके मेमोरियल को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में पहुंची, तो राजहंस पब्लिक स्कूल ने सेमीफाइनल में जीएमएस कटहां को हराया। चैंपियनशिप का सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबला रोमांच से भरा रहा। बालक वर्ग में स्टार प्लेयर का अवार्ड माउंट लिटेरा जी स्कूल के छात्र रोमित ने जीता। वहीं बालिका वर्ग से सुषमा को स्टार प्लेयर का अवार्ड मिला। लीग चरण के बाद क्वाटर, सेमीफाइनल व फाइनल के मुकाबले हुए। इससे पहले एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, कोषाध्यक्ष मंकेश्वर पांडेय, इस्ट चंपारण टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र मिश्रा बाबा, उज्ज्वल पांडेय, अमित कुमार, डॉ. अमित कुमार, चंदा कुमारी, अरुण गुप्ता, संयुक्त सचिव परमेश्वर कुमार, अनिमेश कुमार, माउंट लिटेरा जी स्कूल के प्रशिक्षक पवन कुमार, जीके मेमोरियल स्कूल के प्रशिक्षक विमल कुमार आदि ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की। खेल समाप्ति के बाद अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र मिश्र बाबा, सचिव विकास कुमार, पूर्व क्रिकेटर इम्तियाज अली आदि द्वारा संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया गया।

बालक व बालिका दोनों वर्गो से 20-20 खिलाड़ी चयनित : चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर बालक व बालिका दोनों वर्गो से 20-20 खिलाड़ी चयनित हुए। चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। इन सभी खिलाड़ियों का कैंप लगेगा। बिहार हैंडबॉल संघ की ओर आगामी आयोजित बालक व बालिका अंडर-15 राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए कैंप में प्रदर्शन के आधार पर पूर्वी चंपारण टीम की 12-12 खिलाड़ियों की घोषणा की जाएगी।

हार क्षणिक है और हौंसला निरंतर : अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के प्रति समाज की सोच बदली है, तो अब खिलाड़ी विश्व पटल पर धाक जमा रहें। हमारे खिलाड़ियों को पर्याप्त संसाधन व उनके चयन में पारदर्शिता रहे। इस पर जोर दिया जा रहा। चैंपियनशिप में देखा गया है कि कई टीमें अच्छा प्रदर्शन के बाद भी आगे नहीं बढ़ पाई हैं, लेकिन लगातार अच्छे प्रदर्शन का हौंसला उनके अंदर साफ नजर आया है। हार क्षणिक है और हौंसला निरंतर। इसलिए हार से कभी मन को कमजोर नहीं करना चाहिए। इस कड़ी में उन्होंने चैंपियनशिप में भाग ले टीमों के सभी स्कूल मैनेजमेंट के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं सभी प्रशिक्षकों को बधाई दी।

# टीपी वर्मा कॉलेज में अनुसूचित जाति, जनजाति का प्राक प्रशिक्षण परीक्षा केन्द्र स्थापना की मांग

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** टीपी वर्मा कॉलेज में अनुसूचित जाति, जनजाति परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के लिए अध्यक्ष अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग बिहार सरकार को सम्बोधित आवेदन विधायक वीरेंद्र गुप्ता को डॉ चंद्रभूषण बैठा एवं सुनील वर्मा ने सौंपा। टीपी वर्मा कॉलेज राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सह परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रभूषण बैठा ने आग्रह किया है कि थरुहट बाहुल्य क्षेत्र के मेघावी एवं मेहनती जनजातीय छात्रों का शैक्षिक सामाजिक एवं नैतिक उत्थान के दृष्टिगत महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति का प्राक प्रशिक्षण परीक्षा केंद्र की स्वीकृति मिलने पर, यहां के छात्रों का उत्थान व भविष्य उज्जवल होगा।

खेल निदेशक सुनील वर्मा ने बताया कि यह महाविद्यालय भारत और नेपाल सीमा क्षेत्र में स्थित है, जहां सिकटा, मैनाटांड़, साठी, रामनगर, भिखनाठोरी जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बाहुल्य विद्यार्थी है। इस क्षेत्र के विद्यार्थी साधन व सुविधा विहीन, अभावग्रस्त हैं। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए बेतिया, मोतिहारी जाने और रहकर खर्च करने में असमर्थ है। जिसके कारण वे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से वंचित रह जाते हैं, यह एक गंभीर समस्या है।

विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आवेदन प्राप्त कर कहा कि यह अच्छी एवं प्रशंसनीय पहल है। जिससे क्षेत्र के युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा। विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने हर्षपूर्वक बताया कि यह सौभाग्य की बात है कि जिस कॉलेज का विद्यार्थी रहा, उसके लिए कुछ करने का अवसर मिल रहा है। विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने आश्वास्त किया कि आवेदन सरकार को सौंपकर, इस दिशा में पहल के लिए प्रयास होगा।

# नाटक चरण दास चोर में दिखा एक सच्चे ईमानदार चोर की हत्या

राष्ट्रीय खबर



**बेगूसराय :** रविवार को आशीर्वाद रंगमंडल बेगूसराय द्वारा रंगकर्मी मदन द्रोण एवं मोहन महर्षि को समर्पित प्रथम आशीर्वाद मासिक नाट्य श्रृंखला 2023 के अंतर्गत पांचवे माह में बेगूसराय प्राइवेट आईटीआई लवहरचक रामदीरी में सचिन कुमार द्वारा निर्देशित और हबीब तनवीर द्वारा लिखित नाटक चरण दास चोर का सफल मंचन किया गया। मंचन से पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन अभिषेक कुमार निदेशक सेंट जोसेफ स्कूल, अवधेश सिंहा वरिष्ठ रंगकर्मी, हरीश हरिऔध रंगकर्मी, डॉक्टर सपना भारती, संजय गौतम, अनुपमा कुमारी (शिक्षिका), संजय कुमार सिंह, रोनक कुमार (उपाध्यक्ष भाजपा) एवं आशीर्वाद रंगमंडल के सचिव अमित रोशन संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। आगत अतिथियों का स्वागत सचिव अमित रोशन ने फूल पौधा भेंट कर किया। आज के वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हेतु रंगमंडल फूल का पौधा प्रदान कर पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, के दृष्टिकोण से कर रही है।उद्घाटन करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रथम आशीर्वाद मासिक नाट्य श्रृंखला 2023 का आयोजन रंगमंच के लिए अभूतपूर्व है। रंगमंडल के सचिव अमित रोशन का यह कदम सराहनीय है। शिक्षिका अनुपमा ने कहा कि नई पौध रंगमंच का भविष्य है। आज के दर्शक में जो छोटे बच्चे हैं, वह नाटक देखकर कल के सुनहरे भविष्य हो सकते हैं। रंगमंडल को सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए भी कार्यशाला का आयोजन करना चाहिए। भाजपा नेता रौनक ने कहा कि इस आर्थिक युग में रंगमंच करना कठिन कार्य है, लेकिन अमित भैया ने जीवन में चुनौती का सामना कर आगे बढ़े हैं। हम सब तो सीखे हैं रिक्स लेना। संजय गौतम, डॉक्टर सपना भारती, हरीश हरिऔध ने श्रृंखला के आयोजन हेतु रंगमंडल को बधाई दी। इसके उपरांत हबीब तनवीर द्वारा लिखित नाटक चरण दास चोर का मंचन युवा रंगकर्मी सचिन कुमार के निर्देशन में शुरू हुआ। विजय दान देथा की कहानी पर आधारित नाटक चरणदास चोर प्रसिद्ध नाटककार हबीब तनवीर द्वारा लिखा गया है का मंचन बेगूसराय की रंग संस्थान सूरजन आर्ट एंड सोशल एसोसिएशन द्वारा किया गया।बेगूसराय के चर्चित रंग निर्देशक सचिन कुमार द्वारा इसका सफल निर्देशन किया गया। चोर की भूमिका में जाने माने अभिनेता मोहित मोहन ने दर्शकों को अपने अभिनय से मनोरंजन किया। गुरु की भूमिका में चर्चित अभिनेता सचिन कुमार ने अमिट छाप छोड़ी। रानी की भूमिका में प्रीति कुमारी ने खूब तालियां बटोरी।संदीप कुमार, मृणाल कुमार, राजकुमार, रौनक पोद्दार, सौरभ कुमार, सूरज कुमार तथा मधुसूदन कुमार ने अपने अभिनय से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। संगीत परिकल्पना अमन कुमार का था तथा गायन में श्रुति कुमारी, चंदन कुमार और अमन कुमार थे। नितेश कुमार ढोलक वादक थे। प्रकाश संचालन मनोज कुमार और सौरव कुमार का था। सॉन्ग ट्रक आर्यन मनुवंश का था। चरण दास नाम का चोर अपनी चोरी से काफी प्रसिद्ध हो जाता है। प्रशासन के काफी मशक्कत के बाद भी वो चोर पकड़ा नहीं जा सका। एक दिन चोर भागा हुआ साधु बाबा के पास पहुंचा है, जिसे वह अपना गुरु बना लेता है। बात-बात में गुरु से चार प्रण कर लेता है। सोने की थाली में नहीं खाऊंगा, हाथी पर बैठकर जुलूस में नहीं जाऊंगा, किसी रानी से शादी नहीं करूंगा तथा किसी देश का राजा नहीं बनूंगा। गुरु ने कहा कि तू चोर यह सब तुम्हारी जिंदगी में नहीं आने वाला है, परंतु चरण दास बोलता है।

## अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** कार्यपालक अभियंता ने कहा कि विभाग के सभी योजनाओं से सम्बंधित एकरारनामा एवं निविदा निष्पादन समय से करना सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता ने उपर्युक्त विचार अनील कुमार, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग अंचल बेतिया ने कार्यालय कक्ष में योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक में उपस्थित अभियंताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। जिस कामों में विलंब है वह काम अविलंब कराना सुनिश्चित करें, जिससे विभाग को अवगत कराया जा सके कि काम समय से हो रहा है। इस अवसर पर मुकेश कुमार कार्यपालक अभियंता नरकटियागंज, रंजीत कुमार कार्यपालक अभियंता बेतिया, सहायक अभियंता शमी अहमद, कार्यालय सहायक मोतीलाल राम, अभिलाष पराशर आईटी मैनेजर, लेखा लिपिक कृष्ण मुरारी सहाय, रवि शंकर झा उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक नियम पालन नही करने पर ई-चलान के साथ भेजा गया फोटो

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपु :** ,जिले मे ट्रैफिक सिग्नल नियम पालन नही करने वालो को अब ई-चालान के साथ गाड़ी की फोटो भी भेजी जाएगी।बिते शनिवार से यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार नई बाजार के एक व्यवसायी को उनकी कार की तस्वीर भेजी गई। सूत्रो के मुताबिक ट्रैफिक थानेदार धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रैफिक सिग्नल व नियम तोड़ने वाले वाहन मालिकों को ई-चालान का मैसेज भेजा जा रहा था। ऑनलाइन चालान जमा कराने के लिए लिंक भी दिया जा रहा था। चालान मिलने पर कई लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही दावा किया कि उनकी गाड़ी ने ट्रैफिक सिग्नल या अन्य नियम नहीं तोड़ी।आपत्तियों की संख्या अधिक देखते हुए ई-चालान के साथ फोटो भेजने का निर्णय लिया गया। सूत्रो द्वारा जानकारी मिली कि,ट्रैफिक थानेदार ने बतया कि जनवरी से अप्रैल तक में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर 1.96 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 21 लाख आठ हजार रुपये नगद वसूल किए गए। एक करोड़ 74 लाख 67 हजार रुपये का ई-चालान वाहन मालिकों के मोबाइल व ई-मेल पर भेजा गया है। हाईवे पर कांटी मोतीपुर के बीच जनवरी में ओवरस्पीडिंग के लिए 17 लाख 41 हजार 500 रुपये का ई-चालान भेजा गया। फरवरी में ओवर स्पीडिंग के मामले बढ़ गए। इसमें 28 लाख 82 हजार रुपये का ई-चालान काटा गया। मार्च में शहरी इलाके में ट्रैफिक सिग्नल शुरू हो गया। मार्च में हाईवे व शहरी इलाके में सिग्नल तोड़ने व ओवरस्पीडिंग के लिए 53 लाख 34 हजार का चालान कटा। अप्रैल में 75 लाख 45 हजार का ई-चालान कटा। वही,ट्रैफिक थानेदार ने बताया कि बीते 17 मई को नई बाजार के एक व्यवसायी की कार पक्कीसराय में सिग्नल को गलत दिशा से पार करते हुए कैमरे में दिखी। उनका पांच हजार रुपये का ई-चालान कटा। मैसेज मिलने के बाद व्यवसायी की ओर से आपत्ति की गई। आपत्ति में बताया गया था कि उनकी कार घर से बाहर नहीं निकली थी। ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए उनकी कार की फोटो भी भेजी गई ।

# घर में घुसकर पिस्तौल की बट से पीटकर किया जख्मी

राष्ट्रीय खबर



**बेगूसराय :** छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत अंतर्गत बाजितपुर गांव वार्ड संख्या 4 में एक युवक को बुरी तरह पीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है, जहां पीड़ित रामकुमार राम ने लिखित आवेदन के अनुसार बताया कि उसके ग्रामीण लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार राम, अकलू राम हथियार से लैस होकर उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज कर रहा था। मना करने मेरा बेटा अर्जुन राम गया तो सभी ने मिलकर पिस्तौल के बट से प्रहार कर पिटाई करने लगा। जिसमें अर्जुन राम का सिर फट गया। जिससे काफी खून बह जाने से बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। बचाने गए परिवार के सभी लोगों के साथ मारपीट करने लगा। जब हम हल्ला किए तो आस-पड़ोस के लोग व ग्रामीण पहुंचा तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल सभी लोग को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीएचसी छौड़ाही में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायल का इलाज जारी है। पीड़ित राम कुमार राम द्वारा घटना की लिखित शिकायत छौराही थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

## गंगा दशहरा कल, इसी पावन दिवस को मां गंगा का पृथ्वी पर हुआ था अवतरण

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू चं:** गंगा दशहरा का पुण्य पवित्र पर्व 30 मई को मनाया जाएगा। ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन गंगा जी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा नदी में स्नान,दान एवं उपवास का विशेष महत्व है। आज के दिन समस्त मांगलिक कार्यों के लिए सर्वसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुराण के अनुसार हस्त नक्षत्र से संयुक्त ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी दश प्रकार के पापों को हरने के कारण दशहरा कहलाती है। ये दस पाप हैं बिना अनुमति के दूसरे की वस्तु लेना, हिंसा, परस्त्री गमन, कटु बोलना, झूठ बोलना, पीछे से बुराई या चुगली करना, निष्प्रयोजन बातें करना, दूसरे की वस्तुओं को अन्यायपूर्ण ढंग से लेने का विचार करना, दूसरे के अनिष्ट का चिंतन करना व नास्तिक बुद्धि रखना। प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि इस दिन गंगाजी या समीप की पवित्र नदी, सरोबर अथवा घर में स्नान करने के पश्चात गंगा के साथ नारायण, शिव, ब्रम्हा, सूर्य, राजा भगीरथ और हिमालय पर्वत का भी पूजन करना चाहिए। गंगा दशहरे को जो वस्तुएँ उपयोग में ली जाए उनकी संख्या दस होनी चाहिए। पूजा में दस प्रकार के पुष्प, दशांग धूप, दस दीपक, दस प्रकार के नैवेद्य, दस ताम्बूल और दस फल होने चाहिए। दक्षिणा भी दस ब्राम्हणों को देने का विधान है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**मधुबनी :** प्रखंड के गोबरहिया गांव में रविवार को ग्लोरी ऑफ गॉड प्लेस सोसाइटी के तरफ से नशा मुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी विराट कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार व यूपी से पहुंचे कवि एवं वक्ताओं ने सम्मेलन में उपस्थित हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुषों को नशा से दूर रहने के लिए कवियों ने कविता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सम्मेलन कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्लोरी ऑफ गॉड प्लेस ट्रस्ट के अध्यक्ष वैश्य राज राम उर्फ राजकुमार एवं संचालन संतोष संगम ने किया। सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि अवध किशोर यादव ने कहा कि बिहार में सरकार शराब पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। ताकि लोग नशा मुक्त हो जाए। उन्होंने कहा कि शराब सहित सभी प्रकार के नशा लोगों की बुद्धि को नष्ट करता है। इसलिए नशा से बिल्कुल दूर रहे आसपास के लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए अपील करें। उन्होंने दहेज एवं बाल विवाह पर भी जोर देते हुए कहा कि बाल विवाह एवं दहेज लेना भी सामाजिक बुराई है। विचार गोष्ठी और विराट कवि सम्मेलन में यूपी और बिहार से पहुंचे कवि आर्यभट्ट, एंटी खां, भावना द्विवेदी,डाक्टर सत्यम, हदया शर्मा, दुर्गेश दुर्लभ सहित अन्य कवियों ने भी कवि के माध्यम से हजारों की संख्या में उपस्थित महिला वी पुरुषों को संबोधित किया।

## नाबालिक युवती के अपहरण मामले में प्राथमिकी दर्ज

**बगहा :** पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से नबालिक युवती को बहला फुसलाकर अपहरण करने की मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में नाबालिक युवती के भाई ने गांव के ही लगभग आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध चौतरवा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 19 मई की संध्या 5 बजे इनकी पड़ोसन आशा देवी पति बाबुमन यादव घर आई। तथा नाबालिक बहन उम्र 16 वर्ष को बुला कर अपने साथ लेकर गई। परंतु इनकी बहन जब 9 बजे तक घर नहीं आई तो काफी खोजबीन की गई। आशा देवी के घर पुछने गए तो वे भी घर से गायब मिली। तथा घर के लोग कुछ भी बताने से इंकार कर रहे थे। खोजबीन के क्रम में पता चला कि इनकी नाबालिक बहन को गांव के ही वीरेंद्र यादव, आशा देवी चौतरवा के तरफ लेकर जा रहे थे। पुनः आशा देवी के घर गए तो वीरेंद्र यादव भी घर पर नही थे। चौतरवा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष कामेश कुमार ने बताया कि घटना के बावत पीडित व्यक्ति ने वीरेंद्र यादव, आशा देवी, नगीना यादव, जयकिशुन यादव, भोला यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जूट गई है। तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

# पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ में रविवार को पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिकू सिंह ने पीएचसी में जन्मे नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाकर की। गौरतलब हो कि इस अभियान के तहत 28 मई से 1 जून तक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद की खुराक दी जाएगी। पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो बूथ के अलावे घर-घर जाकर आशा व एएनएम के द्वारा दवा पिलाई जा रही है। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह उर्फ निरज ने बताया कि पांच दिवसीय प्लस पोलियो अभियान के तहत कुल 84 हजार 674 का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत एक भी बच्चा न छूटे इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इस मौके पर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिकू सिंह ने कहा कि जन्म से पांच वर्ष तक का कोई बच्चा दवा पीने से छूटने न पाए इसका पूरा ख्याल रखा जाए। लोग भी अपने-अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं। ताकि खतरनाक लकवाग्रस्त बीमारियों से बचा जा सके. इस मौके पर डॉ. राजेंद्र काजी, बीसीएम अनिल कुमार, यूनिसेफ के पंकज कुमार, एएनएम प्रणिता कुमारी, समाजसेवी डा.त्रिशूल कुमार सिंह,गोलु चौरसिया आदि के साथ कई अन्य मौजूद थे।

# पुलिस ने नवजात बच्ची चोरी मामले में गिरफ्तार मां व बेटी को भेजा जेल, बच्ची परिजन को सौंपा

राष्ट्रीय खबर





**चकिया पू चं:** पुलिस ने नवजात बच्ची चोरी मामले में गिरफ्तार चोर मां व बेटी को रविवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। गिरफ्तार मां और बेटी की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के जुगौलिया गांव के गुलाब खां टोला निवासी खैराती खान की पत्नी नसीमा खातून व समी अकरम खान की पत्नी रोशनी खातून के रूप में बताई गई है।

वहीं पुलिस ने बरामद बच्ची को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो की बीते शुक्रवार को भोर में अनुमंडलीय अस्पताल स्थित प्रसव कक्ष के कमरा संख्या 4 से जन्म के 12 घंटा के अंदर इलाजरत नवजात बच्ची की मां व बेटी ने चोरी कर फरार होने में सफल रहा था। परिजनों ने अस्पताल के सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया था। इस बाबत पिपरा थाना क्षेत्र के भेरखिया गांव निवासी कमलेश राम ने बताया था की बीते गुरुवार को पत्नी गायत्री देवी को प्रसव पीड़ा होने के उपरांत आशा के साथ 102 नंबर एंबुलेंस वाहन से अस्पताल लाया था। जहां पर शाम में प्रसव कक्ष में एक नवजात बच्ची को जन्म दिया था। इसके बाद प्रसव कक्ष के कमरा संख्या 4 के बेड संख्या 7 पर रखा गया था। साथ में चार परिजन भी थे। देर रात्रि होने पर सभी सो गए, अगले दिन सुबह जब नींद खुली तो नवजात बच्ची चोरी हो गई थी। वहीं चोरी होने की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची बरामद करने को लेकर जमकर बवाल काटा था व अस्पताल के सुरक्षा पर सवाल उठाये थे। घटना के उपरान्त पुलिस को बच्ची के गुलाब खां में होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके उपरांत थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में आनन फानन में इस मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई विश्वजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। टीम ने त्वरित करवाई करते हुए मधुबन थाना क्षेत्र के जुगौलिया गांव के गुलाब खां टोला में छापेमारी कर घटना के दुसरे दिन नवजात बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया था तथा दो महिला बच्ची चोर को गिरप्तार कर थाने लाई थी। छापामारी दल में एसआई प्रीति कुमारी पीएसआई सानू गौरव, अफजल रजा, गौरव कुमार, पूजा कुमारी एएसआई असलम अंसारी के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जनता दरबार में किया गया 3 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**भैरोगंज :** शनिवार के दिन भैरोगंज थाना परिसर में जनता दरबार लगाकर 3 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। जिसमें राजस्व अधिकारी कौशिकी चौबे राजस्व कर्मचारी रूपेश कुमार तथा एसआई भरत कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार में पहुंचे 3 फरियादियों को आपसी तालमेल व सहयोग से 3 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारी कौशिकी चौबे ने बताया कि बिहार सरकार के न्याय विभाग की तरफ से यह कार्यक्रम चलाया गया है। जिसमें माननीय न्यायालय के समय की बचत को देख ऑन द स्पॉट ही मामलों का निपटारा किया जा रहा है। इस क्रम में संदीप कुमार बनाम रुदल राम, हरिश्चंद्र बनाम लालबाबू साह तथा दिलीप राव बनाम ध्रुव यादव को विधिवत रूप से समझा-बुझाकर सही दिशा दिया गया।

## समाधान दिवस पर थाना परिसर में हुआ भू समस्याओं का निराकरण

**बगहा :** पुलिस जिला के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर जनता दरबार आयोजित कर एक भूमि विवाद मामलों की सुनवाई करते हुए ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया। तथा पांच जटिल मामलों की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष कामेंश कुमार के नेतृत्व में संपन्न जनता दरबार में राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार, अमीत कुमार व मो फिरोज मौजूद रहे। इस दौरान दर्जनों की संख्या में फरियादियों ने अपनी - अपनी भूमि संबंधित समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा। राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि भूमि संबंधित विवाद की पांच आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें एक जटिल मामलों की सुनवाई करते हुए ऑन द स्पोर्ट समाधान किया गया। तथा शेष दोनों पक्षों को नोटिस जारी करते हुए अगले शनिवार को को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी प चम्पारण के आदेश के आलोक में प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस पर जनता दरबार आयोजित कर भूमि संबंधित मामलों का समाधान किया जाता है। इस अवसर पर जमदार रविन्द्र सिंह समेत थाना के कई पुलिस पदाधिकारी व दर्जनों की संख्या में फरियादी शामिल रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार के दिन बगहा जिला कार्यालय मे की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बगहा नगर अध्यक्ष विजय कुमार साहू व संचालन महामंत्री शैलेश दुबे ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बगहा विधायक राम सिंह व विशिष्ट अतिथि बगहा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी मौके पर उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बैठक में 9 साल बेमिसाल के तहत महा जनसंपर्क कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से जानकारी दी गयी। तथा महा जनसंपर्क कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया गया। भाजपा बगहा जिला कार्यालय में आयोजित इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे , रितु जायसवाल ,अजया राय शर्मा ,दीपक राही, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजया सिंह जी, आइटी सेल के जिला संयोजक गोविन्द जायसवाल, अनिल यादव, रौशन तिवारी, दीपू जायसवाल, शैलेश दुबे, अमित पांडेय, आत्मानंद यादव, नीतीश यादव, राजन गुप्ता, बासु शुक्ला सहित भाजपा के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# हरारो एक ऐसा गांव, जहां के सभी लोग है शाकाहारी

राष्ट्रीय खबर



**वैशाली :** चिन्तामणीपुर पंचायत के हरारो गांव में जन सुराज के सिपाहियों ने पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष ब्रह्मम देव भगत से एक शिष्टाचार मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष ने बताया की मेरा गांव पूर्णतः नशा मुक्त है। मेरे गांव में तीन दुकान है लेकिन कही पर सिगरेट गुटखा नहीं बिकता है। गांव के सभी लोग शाकाहारी है। गांधी वादी चिंतक और सर्वोदयी नेता लक्षणदेव बाबू ने कहा कि आज के समय में यह बड़ी बात है इस गांव के लोग गांधी के विचारों के तहत अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज लोक पर तंत्र हावी है। गांव के लोगों के चाहने के बावजूद गांव का राज्य और केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण गांव उजड़ते जा रहा है। शिक्षा,खेती और उधोग धंधे पूरी तरह चौपट हो चूंकि है। इन्हीं समस्याओं के समाधान हेतु जन सुराज अभियान पूरे बिहार में यात्रा कर रही है और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गांवों का विकास गांव के लोगों के द्वारा ही करना चाह रही है। 1925 मे अखिल भारतीय चरखा संघ, सीपीआई और आर एस एस का गठन हुआ लेकिन आज आर एस एस दिल्ली के गद्दी पर विराजमान है और देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाह रही है जो भारतीय संविधान के आत्मा के विरुद्ध है। जनसुराज युवाओ को क्लब के माध्यम से जोड़ कर एक दूसरे के करीब लाने का काम कर रही है इससे फिर से एकता और भाई चारा का मुहिम बनेगा जिसमें नवयुवक और नवयुवतिया जोर शोर से जुड़ रहे हैं। कम्तौली, केशोपुर और हरारो गांव में लोगों से जन सुराज के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक फैलाने का प्रयास किया जा रहा है अम्वेदकर क्लब के अध्यक्ष संतोष कुमार, अध्यक्ष रूपेश कुमार बैधनाथ भगत, संजीव कुमार,डॉ विनय पासवान,वरीय अधिवक्ता मुकेश ठाकुर,डॉ आनंद कुमार, अधिवक्ता वंदना प्रीतम आदि लोगों ने भाग लिया।

## हरियाणा की तरह बेगूसराय में भी 30 से 40 लीटर दूध देने वाली गाय और 20 से 25 लीटर दूध देने वाली भैंस पैदा करने की होगी तकनीक

राष्ट्रीय खबर

**बेगूसराय:** तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र के रात गांव पंचायत अंतर्गत दुलारपुर दियारा दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति के परिसर में रविवार को बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व एमएलसी रामबदन राय, पूर्व नगर विधायक अमिता भूषण, बरौनी डेयरी के अध्यक्ष विजय शंकर सिंह, आरजेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार, राष्ट्रीय सचिव सोनू शंकर, जिला परिषद सदस्य रीता देवी, मुखिया आरती कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता वयोवृद्ध कांग्रेस नेता मदन मोहन सिंह गांधी ने की। जबकि संचालन राम सेन सिंह ने किया। इस दौरान बरौनी डेयरी के अध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने कहा कि दुलारपुर दूध समिति बरौनी डेयरी की शान व बान है। क्योंकि इसने जिला स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रति पशु गभार्धान पर 5 हजार रुपए बरौनी डेयरी के माध्यम से देने का अनुरोध भारत सरकार से किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तरह ही बेगूसराय में भी 30 से 40 लीटर दूध देने वाली गाय और 20 से 25 लीटर दूध देने वाली भैंस पैदा करने की तकनीक गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी। पूर्व विधान पार्षद सह जदयू के वरिष्ठ नेता रामबदन राय ने कहा कि दुलारपुर दुग्ध समिति उत्कृष्ट दूध उत्पादक समिति है। जो यहां के किसानों की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि जो सरकार से नहीं होगा, वह सहकार से होगा। यह इस समिति ने करके दिखाया है। समिति के अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने बताया कि इस समय समिति में कुल 433 सदस्य हैं।कुल कारोबार 1 करोड़ तक पहुंच गया है। इसके पास अपनी भूमि और भवन है। इस समिति ने सैकड़ों लोगों को गांव में ही स्वरोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने पशुओं के लिए निःशुल्क बीमा की व्यवस्था, किसानों के लिए केसीसी की सुविधा उपलब्ध कराने आदि मांग की। पूर्व नगर विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेत्री अमिता भूषण ने दूध समिति में महिलाओं की भूमिका की सराहना की और कहा कि महिलाएं घर में रहते हुए पशुपालन कर आत्मनिर्भर बन रही है। यह अपने आप में काबिले तारीफ है। मौके पर जिला पार्षद सदस्या रीता देवी, मुखिया आरती कुमारी, शिक्षाविद सह रंगकर्मी सच्चिदानंद पाठक, कांग्रेस नेत्री रुचि सिंह, भगवानपुर प्रखंड प्रमुख इंद्रजीत कुमार, रंगकर्मी सच्चिदानंद पाठक एवं अभिलाष पाठक के नेतृत्व में मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# भाजपा मंडल बगहा-दो कार्यसमिति की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भारतीय जनता पार्टी जिला बगहा के मंडल बगहा 2 शक्ति केन्द्र सेमरा कटकुईया के कटकुईया गांव में मंडल कार्यसमिति का बैठक मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन मंडल के महामंत्री विवेक यादव ने किया।

भाजपा बगहा दो मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया कि कार्य समिति की बैठक आगामी 30 मई से 30 जून तक चलने वाली पार्टी का जनसंपर्क अभियान से संबंधित पूर्व तैयारियां तथा कार्यकताओं को दिशा निर्देश देने के लिए की गई। जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल के तमाम उपलब्धियों के साथ 9 साल बेमिसाल आदि पर विशेष चर्चा की गई ।

इस दौरान बैठक में वाल्मीकिनगर विधानसभा संयोजक ओम निधि वत्स , जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया , हेमराज पटवारी, अमरलाल चौधरी , जिला मंत्री रतन उरांव , मंडल महामंत्री विनोद काजी सहित सभी मंडल उपाध्यक्ष, मंत्री, कार्यसमिति सदस्य व शक्ति केन्द्र प्रमुख उपस्थित हुए।

## सरपंच पद पर विभा देवी ने 1205 व वार्ड सदस्य पद पर आशा देवी ने 10 वोटों से की जीत दर्ज

**चकिया पू चं:** कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को जमुनिया पंचायत के सरपंच व भेरखिया के वार्ड सदस्य पद के लिए मतगणना मध्य विद्यालय बालक के परिसर स्थित हॉल में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी अब्दुल कयूम ने दिया। मतगणना पूर्व निर्धारित समय अनुसार शुरू हुई व शांतिपूर्ण समाप्त हो गई । जमुनिया पंचायत से सरपंच पद में विभा देवी ने सुनील कुमार सिंह को 1205 मतो से पराजित कर अपना जीत दर्ज की। वही भेरखीया पंचायत के वार्ड 4 के वार्ड सदस्य पद पर आशा देवी ने सुकली देवी को 10 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। जीत की सूचना मिलने पर निर्धारित एरिया के बाहर खड़ी समर्थकों की भीड़ उमर पड़ी । जितने वाले खेम्मा में खुशी की लहर दौर पड़ी।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**मधुबनी :** प्रखंड के गोबरहिया गांव में रविवार को ग्लोरी ऑफ गॉड प्लेस सोसाइटी के तरफ से नशा मुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी विराट कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार व यूपी से पहुंचे कवि एवं वक्ताओं ने सम्मेलन में उपस्थित हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुषों को नशा से दूर रहने के लिए कवियों ने कविता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सम्मेलन कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्लोरी ऑफ गॉड प्लेस ट्रस्ट के अध्यक्ष वैश्य राज राम उर्फ राजकुमार एवं संचालन संतोष संगम ने किया। सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि अवध किशोर यादव ने कहा कि बिहार में सरकार शराब पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। ताकि लोग नशा मुक्त हो जाए। उन्होंने कहा कि शराब सहित सभी प्रकार के नशा लोगों की बुद्धि को नष्ट करता है। इसलिए नशा से बिल्कुल दूर रहे आसपास के लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए अपील करें। उन्होंने दहेज एवं बाल विवाह पर भी जोर देते हुए कहा कि बाल विवाह एवं दहेज लेना भी सामाजिक बुराई है। विचार गोष्ठी और विराट कवि सम्मेलन में यूपी और बिहार से पहुंचे कवि आर्यभट्ट, एंटी खां, भावना द्विवेदी,डाक्टर सत्यम, हदया शर्मा, दुर्गेश दुर्लभ सहित अन्य कवियों ने भी कवि के माध्यम से हजारों की संख्या में उपस्थित महिला वी पुरुषों को संबोधित किया।

संपादकीय

# यह किधर जा रहा है देश

जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस ने कल जो कुछ किया उससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या वाकई देश लोकतंत्र को छोड़कर किसी दूसरी तरफ जा रहा है। जिस तेवर में प्रधानमंत्री ने नये संसद भवन में लोकतंत्र के मंदिर की बात कही, दिल्ली पुलिस का आचरण तो उसके बिल्कुल उलट है। ऐसा तब हुआ जबकि आरोपी बृजभूषण सिंह उसी नये संसद भवन में मौजूद था। पुलिस ने रविवार को पहलवानों के खिलाफ क्रूर बल का प्रयोग किया और उन्हें और उनके समर्थकों को दिल्ली और आसपास के राज्यों में हिरासत में ले लिया। पहलवानों को घसीटने, धक्का देने और मारपीट के वीडियो व्यापक रूप से साझा किए जाने के बाद कई विपक्षी नेताओं, महिला अधिकार कार्यकताओं और अन्य लोगों ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाई है। करीब 700 पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। जब पहलवानों को हिरासत में लिया जा रहा था और पुलिस कार्रवाई की जा रही थी, बृजभूषण



शरण सिंह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नए संसद भवन के उद्घाटन में भाग ले रहे थे। वही दिल्ली पुलिस जिस पर सिंह के खिलाफ दायर दो एफआईआर में धीरे-धीरे कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है जिसमें एक नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के लिए पोस्को कानून की धारा भी लगी है। पहलवानों के खिलाफ मामला रविवार को दंगा करने, गैरकानूनी रूप से एकत्र होने और लोक सेवकों को उनकी ड्यूटी करने से रोकने के आरोप में हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटे बाद दर्ज किया गया था। पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगट और बजरंग पुनिया सहित विरोध में भाग लेने वाले सभी पहलवानों को मामले में नामजद किया गया है। यौन उत्पीड़न करने वाले बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में दिल्ली पुलिस को सात दिन लग गए, लेकिन शांतिपूर्वक विरोध करने के लिए पहलवानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में उन्हें सात घंटे भी नहीं लगे। क्या इस देश में तानाशाही आ गई है। घटनाक्रम इस बात का संकेत देते हैं कि देश लोकतंत्र छोड़कर किसी दूसरी दिशा में जा रहा है। वैसे पुलिस हिरासत से रिहा होने के बाद पहलवान फिर से जंतर-मंतर पर फिर से अपना सत्याग्रह शुरू करेंगे। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा उन कुछ सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने रविवार को नई दिल्ली में पुलिस द्वारा अपने विरोध स्थल से खींचे जाने के बाद पहलवानों के समर्थन में फिर से बात की। देर शाम महिला बंदियों को रिहा कर दिया गया। जैसा कि अपेक्षित था, अधिकांश सक्रिय भारतीय खिलाड़ी, क्रिकेटरों सहित रविवार की इस दुखद घटना पर चुप रहे। नीरज चोपड़ा उन दुर्लभ एथलीटों में से एक थे जिन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। देर रात, भारत के फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने प्रदर्शनकारियों ने कहा पहलवानों को बिना सोचे समझे घसीटे जाने की क्या जरूरत है। यह किसी के साथ व्यवहार करने का तरीका नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान भी विरोध का समर्थन कर रहे थे। भारत के पूर्व फुटबॉलर सीके विनीत ने कहा, यह शर्म की बात है कि देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सड़क पर घसीटा जा रहा है। पिछले 36 दिनों से ये पहलवान सड़कों पर हैं और सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री एजेंडा से चलने वाली फिल्म पर अपनी राय दे सकते हैं लेकिन ओलंपिक पदक विजेताओं पर एक शब्द भी नहीं कहा जा सकता है? कुल मिलाकर यह स्पष्ट है कि एक सांसद को समर्थन देने के नाम पर प्रधानमंत्री देश के अनेक लोगों को नाराज कर रहे हैं। इन महिला पहलवानों का धरना और रविवार को उनके साथ पुलिस का आचरण पूरी दुनिया ने देखा है। ऊपर से गिरफ्तारी के बाद महिला पहलवानों का फर्जी फोटो शेयर किया जाना भी यह साबित कर देता है कि साजिश कितनी गहरी है। वैसे यह अलग बात है कि अब सोशल मीडिया के विकल्प की वजह से जनता को सही और गलत की पहचान करने का अवसर मिल गया है। इसलिए अब जनता पहले की तरह गुमराह नहीं होती या भावना में नहीं बह जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस का एक अधिकारी एक ऐसी गाड़ी से लगातार घोषणाएं करता दिखा। वह अधिकारी बार-बार यही बात दोहरा रहा था, कोई भी ऐसा कार्य जो देश विरोधी है, गलत है वो स्वीकार्य नहीं होगा, उचित कार्रवाई की जाएगी, आप लोग ऐसा न करें। हमारे लिए ये एक गर्व का क्षण है कि हमारा नया संसद बना है और जिसका आज उद्घाटन भी हुआ है। आपसे विनती है कि शांति-व्यवस्था बनाए रखें, कानून को अपने हाथ में न लें। किसी भी तरह का देश-विरोधी प्रचार न करें. आप नारेबाजी न करें। इसी वजह से यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या मोदी के शासनकाल में देश में दो किस्म का राज कायम किया गया है। भाजपा के लिए अलग कानून और पूरे देश की जनता के लिए अलग।

# मोदी सरकार- साहसिक निर्णयों के नौ वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों, धरातल पर ईमानदारी से योजनाओं का क्रियान्वयन, लाभार्थियों से सीधे संवाद, भष्ट्राचार के विरोध में अभियान, आपदा को अवसर में बदलने, जातिवादी और वंशवादी दलों पर प्रहार करके देश की राजनीति बदल दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता किए बिना राष्ट्र सर्वोपरि है मंत्र को साकार करते हुए त्वरित निर्णय लेकर दुनियाभर में देश की गरिमा स्थापित की है। दुनियाभर में भारत की छवि तेजी से विकसित होते, समर्थ, सशक्त और सक्षम राष्ट्र की बनी है। विश्व की बड़ी महाशक्तियों को प्रधानमंत्री की नीतियों ने प्रभावित भी किया है। कोरोना महामारी में आपदा को अवसर में बदलते हुए प्रधानमंत्री की नीतियों, कार्यों और योजनाओं के कारण भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, भारतीय जनता



कैलाश विजयवर्गीय
स्तंभकार

पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के महामंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री, वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर उनका जीवन और कार्य हमें प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार किसी गैरकांग्रेसी दल को 1984 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने दम पर बहुमत मिला। मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं, आतंकवादी घटनाओं पर अकुंश लगाने, देश में शांति का वातावरण तैयार करने, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, नक्सलियों की कमर तोड़ने, दुश्मनों को उनके घर में तबाह करने के कारण उनके नेतृत्व में 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा के 303 सदस्यों को चुनकर भेजा। भाजपा आज विश्व में सबसे बड़ा राजनीतिक दल है।

स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित नरेंद्र मोदी जब किसी कार्य को करने को बीड़ा उठाते हैं तो असंभव को संभव करने की दिशा दिखाते हैं। इसी कारण 130 करोड़ देशवासी और करोड़ों कार्यकर्ता उनमें भारत को विश्वगुरु के पद पर स्थापित करने की क्षमता देखते हैं। मोदीजी केवल पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तरह गरीबी हटाओ का नारा नहीं देते, वे गरीबों के कल्याण, उत्थान और आर्थिक विकास को धरातल पर साकार रूप देते हैं। यह अलग बात है कि मोदीजी के नारे, विचार, कार्य और योजनाएं विरोधी दलों के नेताओं को विचलित करते हैं। इसी कारण राजनीतिक हताशा के कारण पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के अड्डे नेस्तनाबूद करने वाली सर्जिकल स्ट्राइक के प्रमाण मांगने पर अड़े कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को अमेठी की जनता ठुकरा देती है।

मोदीजी ने पहली 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही मोदीजी ने जन कल्याण के लिए योजनाओं की शुरूआत की। मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश की नौकरशाही अपने रवैये को बदलना पड़ा। ऊपर से लेकर नीचे तक तेजी से कार्य होने लगे। भ्रष्टाचार पर लगाम लगी। 8 नवंबर 2016 को एक हजार और पांच सौ के नोट बंद करने की घोषणा से देश में कालाधन जमा करने वालों पर बड़ा आघात किया गया। आतंकवादियों और नक्सलियों की ढांचा चरमरा गया। 2016 में जारी किए गए दो हजार के नोट का चलन बंद करने की घोषणा का असर भी कालेधन पर प्रहार है। नोटबंदी के बाद ऑनलाइन लेन-देन को बढ़ावा मिलने के कारण कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान लोगों को परेशानी नहीं हुई। नोटबंदी की घोषणा से पहले 29 सितंबर 2016 को भारतीय सेना ने 16 सितंबर 2016 को कश्मीर के उरी में सेना शिविर में सोये हुए 18 जवानों की शहादत का बदला पाकिस्तान में घुसकर में लिया था। भारत के जवानों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में तीन किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह कर दिया था। यह पाकिस्तान को बड़ा सबक था। तमाम अंतरराष्ट्रीयों मंचों पर पाकिस्तान की बोलती बंद हो गई थी।

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 78 वाहनों के काफिले को आतंकवादियों ने विस्फोट कर निशाना बनाया था। तब प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को विश्वास दिलाया था कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और गुनहगारों को सजा जरूर दी जाएगी। पुलवामा हमले के ठीक 12 दिन बाद 26 फरवरी को भारतीय वायुसेना के मिराज-2000 विमानों ने रात को नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके खैबर पख्तूनख्वाह के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक करके 300 आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। इन दो साहसिक निर्णयों से भारतीय सेना का शौर्य विश्व के सामने आया। सेना को मजबूत बनाने के लिए 16 जून 2022 को अग्निपथ योजना की घोषणा की गई। इसके तहत थल सेना, नौसेना और वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती हो रही है। विपक्ष की हायतौबा मचाने के बावजूद देश के युवा सीमाओं की रक्षा के लिए आगे आ रहे हैं।

5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म किया था। केंद्रीय गृहमंत्री ने राज्यसभा में अनुच्छेद 370 को हटाने के साथ ही राज्य का विभाजन जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के दो केंद्र शासित क्षेत्रों के रूप में करने का प्रस्ताव किया था। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर केंद्र शासित विधानसभा वाला प्रदेश बना और लद्दाख बिना विधानसभा वाला केंद्रशासित क्षेत्र बन गया। इस साहसिक कदम से एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। 10 जनवरी 2020 को मोदी सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए नागरिकता संशोधन कानून लागू किया गया। मोदी सरकार ने बड़ा आर्थिक सुधार करते हुए 1 अप्रैल 2020 को 10 सरकारी बैंकों का चार बड़े बैंकों में विलय किया गया।

इसी तरह 1 जुलाई 2017 को एक देश, एक कर व्यवस्था के लिए जीएसटी लागू की गई। 19 सितंबर 2018 तो मुस्लिम महिलाओं की तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाई गई। मोदी सरकार ने तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं के लिए गुजरा भत्ता भी दिलाया। मोदी सरकार के साहसिक निर्णयों की तरह की गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, अनुसूचित जाति-जनजातियों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं की लंबी सूची है। मोदीजी ने साहसिक निर्णयों के साथ ही सबका साथ, सबका विकास के साथ ही सबका विश्वास प्राप्त किया है।

# ईमानदारी महान गुण है

**अब गतांक से आगे .. ..**

18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी। भौतिक विज्ञान के विकास में जिन वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है उसमें आइजक न्यूटन का अप्रितम योगदान है। वे कहा करते - 'कठिनाइयों से गुजरे बिना कोई अपने लक्ष्य को नहीं पा सकता। जिस उद्देश्य का मार्ग कठिनाइयों के बीच नहीं जाता, उसकी उच्चता में सन्देह करना चाहिए।'

वे प्रकाश के सिद्धांतों की खोज में बीस वर्षों से लगे थे।

अनेक शोधपत्र तैयार किए गए थे। वे मेज पर पड़े थे, वहीं लैम्प जल रहा था, उनका कुत्ता डायमड उछला और मेज



पर चढ़ गया। लैम्प पलट गया। मेज पर आग लग गई। देखते-देखते बीस वर्षों की कठिन तपस्या से तैयार शोधपत्र जलकर खाक हो गए। न्यूटन जब टहलकर आए, तो इस दृश्य को देखकर उन्हें अपार कष्ट हुआ। एक क्षण तो इतने उद्विग्न हुए कि डायमंड को मार कर खत्म करने की बात भी सोचने लगे, लेकिन न्यूटन ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने डायमंड को पास बुलाया, उसकी पीठ पर हाथ रखा, सिर थपथपाते हुए कहा, 'ओ डायमंड! डायमंड! जो नुकसान तूने पहुंचाया है, तू नहीं जानता।'

उन्होंने धैयपूर्वक सारे शोधपत्र की सामग्री को अपनी स्मृति में खोजा और फिर उसी उत्साह से नया शोधपत्र तैयार करने में जुट गए।

.. .. .. **समाप्त।**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस विशेष - ३१ मई २०२३

# तंबाकू के जहर में धुंआ होती जिंदगियां

हमारे समाज और देश में तंबाकू का जहर पीढ़ी दर पीढ़ी को लगातार तबाह कर दर्दनाक मौत के कगार पर खड़ा कर रहा है। विडंबना देखिये कि तंबाकू जैसा नशीला घातक जहर हमारे आसपास बड़ी ही आसानी से उपलब्ध होता है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग, महिला और बुजुर्ग तक तंबाकू की लत के आदी बन चुके है। घर-परिवार, चौराहा, बाजार, दफ्तर, संस्थान या कोई भी क्षेत्र हो, तंबाकू मुँह में दबाये या सिगरेट फूंकते अनेक लोग नजर आते है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध होने के बावजूद भी लोग नियम तोड़ते है। आजकल तो शहरों में ई-सिगरेट का ट्रेंड खूब चल पड़ा है, जो नई पीढ़ी को आकर्षित कर रहा है। तंबाकू का सेवन बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, सिगार, चुट्टा, धुमती, चिलम, चेरूट, गुटखा, खैनी, जर्दा, तंबाकू पान मसाला, तंबाकू पान सुपारी, मावा, स्नस (चूसने वाला रूप), मिश्री, गुल, गुधाकू, सुंघनी या नसवार आदि के रूप में किया जाता है। तंबाकू जलाने पर उस धुएँ से निकलने वाले कई जहरीले रसायन और यौगिक मानव शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। तंबाकू से निकलनेवाला निकोटिन भी हेरोइन, कोकीन और अल्कोहल के समान ही नशे की लत है, यह निकोटिन सेकंड के भीतर मस्तिष्क तक पहुंच जाता है। धूम्रपान फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति कम कर सहनशक्ति को भी कम करता है, निकोटिन के अलावा तंबाकू में अमोनिया, आर्सेनिक, कार्बन मोनोऑक्साइड, टार, नेफथलीन, रेडियोधर्मी यौगिक, हाइड्रोजन साइनाइड, सीसा, चूना, कैडमियम, मेन्थॉल जैसे जहरीले तत्व होते है। तंबाकू मानवीय शरीर को घातक बीमारियों की ओर धकेलता है। धूम्रपान करने वाले अन्यों के मुकाबले 13-14 साल पहले मर जाते है। हर साल, एचआईवी/एड्स, अवैध दवाओं, आत्महत्याओं, हत्याओं, सड़क दुर्घटनाओं और आग से संयुक्त रूप से जितने लोगों की मृत्यु होती है, उससे अधिक लोगों की मृत्यु तंबाकू से होती है। हर दिन 2800 और हर साल 10 लाख भारतीय तंबाकू संबंधित रोगों के कारण असमय जान गवाते है। 35-69 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए भारत में वर्ष 2011 में तंबाकू के उपयोग के कारण सभी बीमारियों से कुल आर्थिक लागत 1,04,500 करोड़ रुपये थी। धूम्रपान करने वालों को फेफड़ों के कैंसर होने की संभावना 20-25 गुना अधिक होती है, दिल का दौरा पड़ने की गुंजाईश 2-3 गुना ज्यादा, अचानक मौत का 3 गुना ज्यादा खतरा, स्ट्रोक का 2 गुना अधिक जोखिम, सांस की तकलीफ से पीड़ित होने की संभावना 3 गुना अधिक होती है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से फेफड़े, मुंह, होंठ, जीभ, भोजन नली, गले और मूत्राशय का कैंसर हो सकता है। तंबाकू का धुआँ 70 कैंसर पैदा करने वाले तत्वों सहित 7,000 से अधिक रसायनों का एक जटिल मिश्रण है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 600,000 मौतें सेकंड हैंड स्मोक के कारण होती हैं। सेकंड हैंड धूम्रपान अर्थात हम धूम्रपान न करते हुए लेकिन धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आने से घातक बीमारियों का शिकार होते है। दुनिया के लगभग आधे बच्चे तंबाकू के धुएं से प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम
साहित्यकार

**सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध होने के बावजूद भी लोग नियम तोड़ते है। आजकल तो शहरों में ई-सिगरेट का ट्रेंड खूब चल पड़ा है, जो नई पीढ़ी को आकर्षित कर रहा है।**

जानकारी

# महाबलीपुरम



महाबलीपुरम दक्षिण भारत का एक आकर्षक पर्यटन स्थल है जो ममल्लापुरम के नाम से भी जाना जाता है। यह तमिलनाडु राज्य में स्तिथ एक छोटा और खूबसूरत शहर है जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और विरासत के लिए देश और दुनिया में मशहूर है। यहाँ विशाल समुद्री तट और पल्लव वंश के राजाओं द्वारा बनाए गए मंदिरों की शान देखते ही बनती है। प्राचीन काल में यह एक विकशित बंदरगाह के रूप में विख्यात था। आज यह जगह प्राचीन मंदिरों से लेकर सदियों पुराने मंदिरों के खंडहर और गुफाओं तक पर्यटकों पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर देता है। महाबलीपुरम चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर बंगाल के कड़ी के किनारे स्तिथ है। यह अपने कई वास्तुशिल्प चमत्कारों के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है। यह शहर हर इतिहास प्रेमियों को बहुत आकर्षित करता है। महाबलीपुरम को चेन्नई के आसपास सबसे अधिक देखे जाने वाला जगहों में से है क्यों की यहाँ की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता हर किसी के मनमोह लेती है।

# iPhone 15 Pro Max की लीक कर देगी निराश

नई **दिल्ली :** Apple हर बार की तरह इस साल भी अपनी लेटेस्ट आईफोन सीरीज लेकर आने वाली है। इस सीरीज के फ्लैगशिप फोन iPhone 15 Pro Max का हाल ही में खुलासा हुआ है। आगामी आईफोन के कुछ स्पेसिफिकेशंस की जानकारी इस लीक में नजर आई है। यहां हम आपको आगामी आईफोन 15 प्रो मैक्स के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



ट्विटर पर Tech_Reve द्वारा हाल ही में एक लीक के जरिए आगामी ढँङ्गल्ली 15 ढ१ङ्क ट७ का खुलासा हुआ है, जिससे इसके स्पेसिफिकेशंस के साथ कुछ दिलचस्प जानकारी सामने आईं हैं। नई जानकारी में पता चलता है कि 15 Pro Max में मौजूदा iPhone 14 Pro Max के जैसा कैमरा और डिस्प्ले टेक्नोलॉजी मिलेगी।

**पहले जैसा होगा कैमरा**

लीक के अनुसार, आईफोन 15 प्रो मैक्स में IMX803 कैमरा सेंसर पर बेस्ड 48 मेगापिक्सल 1/1.28? क्वाड-बायर कैमरा मिलेगा जो कि पहले से ही iPhone 14 Pro और ढ१ङ्क ट७ मॉडल में दिया गया था। इस लीक से उन लोगों को निराशा हो सकती है जो कि सोनी IMX903, 1? सेंसर पर बेस्ड एक नए कैमरा की उम्मीद कर रहे थे।

डिस्प्ले की बात करें तो ऐसा लग रहा है कि आईफोन 15 प्रो मैक्स में मौजूदा जनरेशन वाली M12 OLED पैनल टेक्नोलॉजी जारी रहेगी। यह परफॉर्मेंस टेक्नोलॉजी टेस्टिंग के आधार पर बेहतरीन साबित हुई थी। यूजर्स को ब्राइटनेस के लेवल या अन्य बदलावों के मामले में ज्यादा सुधार की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

**डिजाइन में होगा बदलाव**

आगामी आईफोन में डिस्प्ले का साइज थोड़ा अलग होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, iPhone 14 Pro Max में दी गई 160.7 मिमी की तुलना में 159.8 मिमी की कम ऊंचाई और 77.6 मिमी के बजाय 76.7 मिमी की थोड़ी कम चौड़ाई हो सकती है। हालांकि, सटीक डिस्प्ले डाइमेंशन के बारे में अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"भारत 1960 से महिला सैनिकों को यूएन पीसकीपिंग मिशन पर भेजता आ रहा है । 2007 में भारत दुनिया का पहला देश बना जब यूएन पीसकीपिंग मिशन में सारी महिला सैनिकों को ही रखा गया।"

सुखविंदर सिंह सुक्खू
हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री





"वह अपने रोल को परफेक्ट बनाने के लिए किसी तरह की कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जब तक शूटिंग खत्म नहीं हुई, तब तक वह पूरे दिन सिर्फ एक ग्लास दूध और एक खजूर खाते थे।"

रणदीप सिंह हुड्डा
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## इच्छाए अनन्त आकाश की भांति है

रात के अंधेरे में हमने रस्सी को सांप समझ लिया। भ्रांति में भी एक निश्चय होता है। रस्सी में सर्प के भांति ही समाज मे यह भ्रम व्याप्त है कि गरीबी,अभाव और दरिद्रता से बड़ा कोई दुख नही है। भगवान महावीर ने सच्चा सुख खोजा और बताया कि दु:ख का कारण इच्छाएं है।ज्यो ज्यो हमारी इच्छाएं बढ़ेगी। दु:ख भी बढ़ेंगे। इच्छाओ की निवृत्ति ही सुख है। इच्छा और आवश्यकता में अंतर है। इच्छा और आसक्ति में भी अंतर है। इन तीनो को समझने से सत्य की खोज सरल होगी।जो चीज हमारे पास है उसे हम देना नही चाहते है,यह हमारी उस चीज के प्रति आसक्ति है। इसी तरह जो चीज हमारे पास नही है और हम चाहते है कि हमारे पास हो जाए। वह हमारी इच्छा है।जैसे मेरे पास दो कलम है। इसमें एक कमल की मुझे आवश्यकता है।वह मेरे लिए आवश्यक है। दूसरा कलम मेरे पास फालतू है।उसकी मुझे जरूरत नही है । यदि कोई मुझसे दूसरा कलम मांगता है और मैं उसे देना नही चाहता तो यह मेरी कलम के प्रति आसक्ति है। मैं सोचूं के मेरे पास तीन कलम हो जाए तो तीसरे कलम की चाह मेरी इच्छा हुई ।इच्छा और आवश्यकता में अंतर यह है कि इच्छा वह है जो कभी पुरी न हो और आवश्यकता वह है जो पूरी होकर रहेगी।और इच्छा कभी पूरी होती ही नही। इच्छा और आसक्ति ही दुख का कारण है।भगवान महावीर ने कहा था कि साधु ही सबसे सुखी है।यह इसलिए कहा कि साधु के जीवन मे त्याग है। इच्छा और आसक्ति साधु दोनों को त्याग देता हैं। सच्चा सुख बाहर नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### बीओआई ने केसीसी धारियों के लिये शिविर

**दारू** : दारू पंचायत भवन दारू में बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा सोमवार को केसीसी ऋण धारियों के लिए ओटीएस कैंप का आयोजन किया गया । इस शिविर में 23 ऋण धारियों ने अपना केसीसी ऋण सेटलमेंट करवाया जिसमें से कुल राशि 185500 का भुगतान बैंक को किया गया। बैंक की शाखा प्रबंधक आरती कुमारी ने बताया कि इस तरह के शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों के द्वारा उठाया जाना चाहिए वैसे ऋण धारी जो अपना ऋण सेटलमेंट नहीं करवाये है वह 30 मई को बासोबार में आकर करवा सकते है।

## सिटी अपडेट्स >>

### मुस्कान योगा डांस एकेडमी में समर कैंप संपन्न

हजारीबाग : हजारीबाग गर्मी की छुट्टी प्रारंभ होते ही बच्चों का मनोरंजन प्रारंभ हो जाता है ऐसे मनोरंजन को दिलचस्प बनाने के लिए कई संस्थाओं के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी आयोजन के क्रम मे मुस्कान योगा डांस एकेडमी के द्वारा छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसके अंतिम दिन सोमवार को समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा एवं युवा व्यवसाई रोहित केसरी शामिल हुए। दोनों अतिथियों को मुस्कान योगा डांस एकेडमी के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने समर कैंप परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को देखकर प्रभावित हुए। जिसके बाद समर कैंप के सभी उत्कृष्ट बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### स्वयं सेवकों ने लोगों को किया जागरूक

**बड़कागांव** : बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हरधरा बागी के समीप सूर्य मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में स्वयं सेवकों के द्वारा विशेष शिविर के पांचवे दिन का शुभारंभ लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली जिसमें बड़कागांव हो या गुआहाटी, है अपना देश अपना माटी₹ गंदगी को दूर भगाना है। स्वच्छता को अपनाना है ₹ आदि नारो से रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोफेसर सुरेश महतो ने रैली का संचालन किया। प्रोफेसर सुरेश ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कुरमी समाज को एसटी में शामिल करने को लेकर विचारगोष्ठी

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड स्थित महटिकरा चमगढा. में टोटोमिक कुरमी/कुडमी महतो समाज का अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर विचारगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता रघुनंदन प्रसाद एंव संचालन रामप्रसाद महतो ने किया । आगे की आंदोलन करने की रणनीतियों पर चर्चा किया गया ।जिसमें समाज की ओर प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर को रांची मोराबादी मैदान में विशाल रैली का आयोजन होगा वही 29 नवंबर को पूरे झारखंड में आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शीतल ओहदार ,विशिष्ट अतिथि कामेश्वर महतो, देवकी महतो जिला अध्यक्ष ,रघुनंदन प्रसाद ,मंच संचालन पूर्व उप प्रमुख राम प्रसाद महतो ,सिकरी पंचायत के मुखिया प्रभु महतो, उप मुखिया पूनम देवी, ओम प्रकाश महतो, कपिलदेव महतो, निर्मल महतो ,शशि कुमार ,अर्जुन महतो, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

**हादसा** रेलवे के हाई टेंशन तार से खम्भा सट जाने से 25000 वोल्ट करंट खंभे में उतर आया

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत

▶▶ धनबाद गोमो स्टेशन के बीच बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई

राष्ट्रीय खबर





**धनबाद:** धनबाद रेल मंडल के कतरास स्टेशन के आउटर निचितपुर हाल्ट पर रेलवे मेंटनेंस का काम के दौरान हाई टेंशन तार के करंट के चपेट में आने से छह मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 20 अन्य बुरी तरह झुलस गए है। मृतकों की पहचान गोबिंद सिंह, श्यामदेव सिंह, संजय राम, श्याम भुइंया, सुरेश मिस्त्री और दामोदर राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि निचितपुर हाल्ट ठेकेदार द्वारा मौके पर खंभे गड़वाए जा रहे थे। तभी रेलवे के हाई टेंशन तार से खम्भा सट जाने से 25000 वोल्ट करंट खंभे में उतर आया और तमाम मजदूर उसके चपेट में आ गए। इसके बाद चंद सेकेंड में ही छह मजदूरों की मौत हो गई। घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेलवे अस्पताल ले जाया गया है।

घटना की खबर मिलते ही धनबाद गोमो स्टेशन के बीच बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। अप और डाउन रूट की तमाम ट्रेनें अलग अलग स्टेशनों पर रोक दी गई हैं। घटना के बाद धनबाद रेल मंडल के तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि, तकरीबन 11 बजकर 50 मिनट पर यह घटना हुई है। जानकारी मिलते ही तुरंत रेस्क्यू टीम के साथ सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने हादसे में 6 मजदूरों के मारे जाने की पुष्टि की है। जबकि अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की बात कही है। उन्होंने माना कि घटना कहीं ना कहीं सुपरवाइजर की लापरवाही से हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की चार लेवल पर जांच होगी और जांच के बाद ही बताया जा सकता है कि आखिर किस कारण से पॉवर ब्लॉक नहीं लिया गया और यह घटना हुई। दरअसल, ऐसे कामों के पहले पॉवर ब्लॉक कराया जाता है, उसके बाद ही मजदूरों को काम पर लगाया जाता है।

## डीएमएफटी प्रबंध शासकीय निकाय समिति की बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग डीएमएफटी प्रबंध शासकीय निकाय की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएमएफटी मद से ज़िला के स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में अन्य आधारभूत जन सुविधाओं के लिए चयनित व प्रस्तावित योजनाओं के सन्दर्भ में गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त के अलावे उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, सिविल सर्जन, समाज कल्याण अधिकारी, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला परिषद, पेयजल आपूर्ति, लघु सिंचाई, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभागों के अभियंता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी मद से खनन प्रभावित इलाकों में लोगों की सुविधाओं के चयनित योजनाओं एवं खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, समाज एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में संबंधित विभागीय अधिकारी स्वयं रुचि लें समय समय पर योजना स्थल पर जा कर कार्यों की गुणवाता को परखें एवं फीडबैक से ज़िला प्रशासन तक पहुंचाएं।

उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी/अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों से कहा कार्य की गुणवत्ता एवं समय योजना पूर्ण करने में कोताही बरतने वाले संवेदकों पर कारवाई करें। साथ ही कार्यपालक अभियंताओं को यह भी कहा योजना प्राकल्लन औचित्यपूर्ण हो एवं डीएमएफटी मद से चयनित योजना व विभागीय योजना से डूप्लीकेसी न हो यह हर हाल में सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा अभियंत्रण विभागों को खासकर भूमि विवादों के कारण योजना क्रियान्वयन एवं पूर्ण करने में आ रही अड़चनों को तुरंत स्थानीय अंचल व पुलिस प्रशासन से समन्वय बना कर मामले का समाधान निकालने के लिए पहल करने का निर्देश दिया।

## प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

राष्ट्रीय खबर



**चरही** : चरही थाना क्षेत्र के 44 नंबर कॉलोनी के समीप सोमवार को एक ही पेड़ पर फंदे से युवक व युवती की शव बरामद हुआ। ये घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था । इस बीच दोनों में कुछ हुआ जिससे दोनों ने पेड़ में फंदे लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना प्राप्त होते ही चरही पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शव को अपने में कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान हो गया था लड़का का नाम हाईमूल निशात पिता दुकालू निशात उम्र 21 छत्तीसगढ़ निवासी लड़की सोनिका कुमारी पिता पंचराम चौहान नाबालिक 16 वर्ष के थे दोनों छत्तीसगढ़ निवासी बताया जा रहा है दोनों के बीच कई वर्ष से प्रेम प्रसंग चलते आ रहा था जीने मरने का कसम खाया था दोनों के परिवार वाले इस रिश्ता से नाखुश थे इसी बीच दोनों को तू तू मैं मैं होते रहता था।

### जिला प्रशासन ने रामनवमी के सफल आयोजन पर किया सम्मान समारोह आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग हालिया संपन्न हुए हजारीबाग की सुप्रसिद्ध रामनवमी पर्व 2023 के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम के द्वारा ज़िला प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रूप से अपनी सेवा देने वाले तथा रामनवमी पर्व के सफल संचालन के लिए गठित महासमिति एवं सद्भावना समिति के सदस्यों को उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के माध्यम से उपायुक्त में अपने संबोधन में सभी अखाड़ा दलों,महासमिति के सभी सदस्यों तथा सद्भावना समिति के सभी सदस्यों को शुभकामना देते हुए कहा कि सम्मान समारोह आयोजित होने में थोड़ी बिलंब हुई, लेकिन रामनवमी पर्व के सफल संचालन में तमाम सदस्यों का पूरा सहयोग मिला,सभी ने दिन-रात एकल उद्देश्यों के साथ कार्य को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस बार की रामनवमी में श्रद्धालुओं व आगंतुकों की भारी संख्या से पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए। एक दूसरे के बेहतर समन्वय और प्रबंधन से माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहा।

## 15 लाख की लागत से बन रहा भगवान जगन्नाथ का रथ

राष्ट्रीय खबर



**चौपारण** : चौपारण आगामी बीस जुन से प्रस्तावित पांच दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव की तैयारी को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालु भक्तों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रथयात्रा को लेकर कई निर्णय लिए गए। मंदिर परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डॉ केशवानंद प्रभु ने बताया कि रथ बनाने का काम आरंभ हो गया है। रथ बनाने के लिए इस्कान मुख्यालय मायापूर, प बंगाल से कारीगरों का दल आया है। बीते पांच दिनों से निर्माण कार्य जारी है। काफी विशेष रथ बनाया जा रहा है। इसे बनाने में लगभग पंद्रह लाख की राशि खर्च होगी। रथ की उंचाई ध्वजा लेकर लगभग चालीस फीट होगी जो कि काफी भव्य होगा। वहीं चौडाई 24 फीट और लंबाई 18 फीट होगी। रथ में हाईड्रोलिक इस्तेमाल होगा ताकि उंचाई कम अथवा बढाया जा सके। रथयात्रा के प्रचार प्रसार के लिए तथा लोगों को महामहोत्सव में आमंत्रित करने के लिए श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बताया कि इस आयोजन को झारखंड की पहचान के रूप में स्थापित किया जायेगा।मौसीबाड़ी हनुमत सेवा संस्थान के परिसर गढकाली में विविध धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक को विशेष रूप से संजय सिंह तथा अभिषेक सिंह ने संबोधित करते हुए लोगों से सहयोग की प्रार्थना की। बैठक में समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, जिप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि संजय राणा, राकेश पाण्डेय, दयानंद केशरी, सिबन केशरी, उपेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, मुकेश सिंह,रंजन सिंह, सुमन सिंह, सुशांत राय, करुण सिंह, प्रमोद शर्मा, आशीष सिंह, सियाराम सिंह, विकास सिंह, प्रकाश सिंह सहित दर्जनों अन्य भक्त मौजूद थे।

**समारोह** जैनियो के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेदशिखरजी तीर्थ कोरिया भवन में

## दो बहनों ने साध्वी दीक्षा ग्रहण कर सन्यासी जीवन को अपनाया

▶▶ गाजे-बाजे के साथ निकले शोभा यात्रा

▶▶ मुंबई की दोनों युवतियां दर्शी कुमारी और देशना कुमारी भी शामिल हुई

राष्ट्रीय खबर



**पीरटांड़** : जैनियो के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेदशिखरजी मधुबन के तलेटी तीर्थ कोरिया भवन में सोमवार को दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया।यहां य बता दे कि तपागच्छ समुदाय के गच्छाधिपति जैनाचार्य रामचन्द्र शुरीश्वर समुदाय के परम प्रभावक शिष्य जैनाचार्य विजय मुक्ति प्रभ शुरीश्वर, आचार्य विजय अक्षयभद्र शुरीश्वर एवं आचार्य विजय पुण्य प्रभ शुरीश्वर की उपस्थिति में या कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पिछले दो दिनों से जारी अनुष्ठानों के बीच मधुबन के तलेटी में दीक्षा समारोह को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई थी। इस शोभा यात्रा ने पूरे सम्मेद शिखर मधुबन का भ्रमण किया। गाजे-बाजे के साथ निकले शोभा यात्रा में दीक्षा लेने वाली मुंबई की दोनों युवतियां 19 वर्षीय दर्शी कुमारी और 15 वर्षीय देशना कुमारी भी शामिल हुई थी।इस दौरान शोभा यात्रा में मुंबई के कई श्रद्धालुओं के साथ दर्शी के पिता मनीष कुमार और देशना के पिता अमित कुमार समेत पूरा परिवार बेटियों के इस त्याग को लेकर उत्साह के साथ शामिल हुए थे।जिसके बाद सोमवार की सुबह दो जैन युवतियां दीक्षा लेकर आजीवन साध्वी का वेश धारण कर जा रही थी।तीन जैनाचार्य समेत मधुबन में साधनारत साधु संतों के सानिध्य में मुम्बई निवासी दर्शी कुमारी तथा देशना कुमारी सांसारिक सुख सुविधा को त्यागकर व पारिवारिक सम्बन्धो को छोड़कर साध्वी दीक्षा ग्रहण किया।साध्वी दीक्षा ग्रहण कर दोनो बहने सन्यासी जीवन को अपनाया। इस दौरान साधु संतों के सानिध्य में धार्मिक विधियां पूरी की गई। दीक्षार्थी के अनुनय विनय के बाद विधि पूर्वक दीक्षा दी गई। दीक्षा महोत्सव में दीक्षार्थी परिवार व भारी संख्या में श्रद्धालु भक्ति भावना में लीन रहे।

## न्यूज फटाफट

### मूल सुविधाओं की मांग को लेकर गोलबंद हुए बड़कागांव के ग्रामीण

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में मौलिक सुविधाओं की मांग करने को लेकर गोलबंद हुए ग्रामीण. इसके लिए ग्रामीणों ने बरखा का प्रखंड के मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में बैठक किया. इसकी अध्यक्षता महेश प्रसाद साह एवं संचालन समाजसेवी लखींद्र ठाकुर ने किया. इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधि अधिवक्ता, शिक्षक छात्र एवं बुद्धिजीवी वर्ग भी भाग लिए. बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि बड़कागांव में भारत का महारत्न कंपनी एनटीपीसी के नेतृत्व में त्रिवेणी सैनिक द्वारा हर दिन करोड़ों रुपए का कोयले का उत्खनन किया जा रहा है यहां के कोयला से देश-विदेश मैं बिजली उत्पादन हो रहा है. लेकिन बरका गांव में अंधेरा छाया हुआ है. बाहरी लोगों को रोजगार मिल रहा है.यहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है. सीएसआर के तहत बड़कागांव प्रखंड में ना बिजली ना सड़क ना पानी ना स्कूल का काम हो रहा है। एनटीपीसी एवं इसके सहायक कंपनी त्रिवेणी सैनिक में रोजगार लेने संबंधित चर्चा की गई। टीम गठित कर सांसद, विधायक एवं अन्य आला अधिकारी से मिलकर समस्याओं का निदान निकालने का निर्णय लिया गया ।बैठक में बादम में प्रधानमंत्री आवास न बनना एवं बड़कागांव में अंचलाधिकारी का न होने पर भी चर्चा की गई। बैठक कराने में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम का अहम योगदान रहा.मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, बड़कागांव प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, केरेडारी बेलतू पंचायत के मुखिया जितनी देवी, लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, सोनू इराकी, रामसेवक महतो, रामचरित्र महतो, राजकुमार साव, मिथलेश कुमार, जनिसार आलम, रामकृपाल राणा,आदि उपस्थित हुए।

### पटेल इंटर कॉलेज सांइस में 12वीं के शत प्रतिशत विद्यार्थियों को कामयाबी

**हजारीबाग** : हजारीबाग एनएच-33 स्थित नमन विद्या मोड़ के निकट पटेल इंटर कॉलेज सांइस में जैक की ओर से ली गई 12वीं साइंस की परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. इस कॉलेज के सभी 65 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. आकाश कुमार 457 अंकों के साथ कॉलेज टॉपर बने. वहीं रुस्तम कुमार 427 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे. पप्पू कुमार 426 अंक, तारुसी कुमारी 423 और प्रिया पांडेय 408 अंक लाकर क्रमवार टॉप-5 में अपनी जगह बनाई. कॉलेज के निदेशक उदय प्रसाद सिंह, प्राचार्य राकेश कुमा, चित्तरंजन कुमार समेत सभी शिक्षकों और पूरे कॉलेज परिवार ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सचिव डॉ सच्चिदानंद कुमार ने कहा कि इस कॉलेज में पढ़ाई और विभिन्न गतिविधियों के अलावा नैतिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाता है. यही वजह है कि शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में कामयाबी पायी. सचिव ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### धार्मिक अनुष्ठान से आध्यात्मिक ऊर्जा का होता है संचार-अंबा प्रसाद

**केरेडारी:** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के चट्टी पेटो में शिव गौरी प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का आयोजन दिनांक 29 मई से 31 मई तक किया जा रहा है जिस के उपलक्ष में दिन सोमवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया एवं उक्त कलश यात्रा में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रही। निकाले गए कलश यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद शामिल होकर गांव का भ्रमण किया वही इस दौरान अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि की मंगल कामना की इस मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के भक्ति आयोजन से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है क्षेत्र में यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है व जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है वहां तक पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। ज्ञातव्य हो कि केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के चट्टी पेटो में चल रहे महायज्ञ में हरिद्वार एवं बनारस के विद्वानों के द्वारा सभी पूजन एवं कार्यक्रम संपन्न हो गए तथा यज्ञ के अंतिम दिन महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष व कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,सचिव अमित प्रसाद गुप्ता,कोषाध्यक्ष अकाश गुप्ता, उमेश साव, रविंद्र कुमार पांडे समेत कई लोग मौजूद थे।

### अपराधियों के द्वारा 6 लाख लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया



**हजारीबाग** : हजारीबाग डेमोटांड़ स्थित मदर हेचरी में एक दर्जन हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। घटना रविवार देर रात 12 बजे की बताई गई है। इस संबंध में मदर हैचरी के संचालक उमाकांत साहू द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया है। घटना में शामिल तीन लोगों को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों को पुलिस गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि रविवार देर रात करीब 12 बजे 10 नकाबपोश हथियारबंद लोग बोलेरो से डेमोटांड़ स्थित हैचरी घुसे। उन लोगों ने सभी कमरों के अलमारी की चेकिंग की और लगभग 6 लाख रुपए नगद लेकर करीब 1 बजे वहां से चलते बने। अपराधियों के जाते ही वहां के कर्मचारियों ने पुलिस को इस बात की सूचना दी। मुफस्सिल पुलिस ने त्वरित एक्शन में आई और मधुपुर निवासी अकबर अली पिता मो कलीम शेख, देवघर निवासी सैफुल शेख पिता चिरकूदिन शेख व मुकुंदगंज निवासी राहुल कुमार उर्फ मोनू पिता स्व राजू राय मंडल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सिकरी में मंडा पूजा मेला का आयोजन 01 जून को एवं समापन 02 जून को



**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड सिकरी पंचायत में मंडा पूजा की शुरूआत 22 मई 2023 सोमवार को पाठ बंधी से किया गया। इसी दिन से शिव भक्त टोली बनाकर गांव गांव घूम कर चौक चौराहों में निर्गुण भक्ति गीतों के साथ-साथ नाच गाकर शिव भक्ति से लोगों को रूबरू करा रहे हैं । जिसे देखकर लोगों में नई जोश एवं उमंग भर आती है। लोग खुशी से शिव भक्तों को रुपया, पैसा, चावल वगैरह देकर दान पुण्य कर रहे हैं । इस बार शिव भक्तों की टोली में छोटे छोटे नन्हे शिवभक्त भी शिव भक्ति में जुटे हुए हैं, एवं बड़े एवं अनुभवी शिव भक्तों के साथ अपनी कला से लोगों को रूबरू करा रहे हैं । खास बात यह है। कि इस बार मंडा पूजा में शिव भक्तों की संख्या में नन्हे-मुन्ने शिव भक्तों की संख्या अधिक है, जिसे देखने के लिए लोग कड़ी धूप में भी बाहर निकल आते हैं ।और उनके द्वारा जो नाच गान का कीर्ति दिखाया जाता है, इसे देखकर लोग बहुत आनंदित होते हैं। मंडा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार 31 मई 2023 बुधवार को शिवभक्त संझत करेंगे, जिसमें सारे शिवभक्त जमीन पर लेट कर धूर लोटन का कार्य करेंगे । इसके बाद सारे शिव भक्त नदी जाकर स्नान कर पुनः शिव मंदिर लौटकर पूजा पाठ कर जलपान ग्रहण करेंगे।

## प्रदेश >> अपडेट

### डीलर एसोसियेशन का घरना प्रदर्शन छह को

**मेदनीनगर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन भारखण्ड के आहवान पर 6 जून को अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर भारखण्ड सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु सोमवार को पलामूँ जिला के सभी प्रखण्डों एवं नगर निगम से आए हुए विक्रेताओं ने गौरी शंकर मैरेज हॉल रांची रोड रेड़मा में बैठक की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जन संघर्ष मोर्चा आज निकलेगा भुगतान मार्च

**पाकुड़ :** सहकारिता विभाग,पाकुड़ द्वारा संचालित पाकुड़ और सोनाजोड़ी लैम्पस के जमाकर्ता खाताधारीओं का गाढ़ी कमाई का पैसा पूर्ण होने के बावजूद भी वर्षों से लंबित पड़े हैं। लाख कोशिश के बावजूद भी इस राशि को प्राप्त करना टेढ़ी खीर बन गई है । इसके लिए कई बार बैठक हुई। आश्वासन मिला मामला जस के तस है। इसे लेकर संयोजक हिसाबी राय के अध्यक्षता में जन संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है और उस के बैनर तले लगातार कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में 30 मई मंगलवार को दिन के 1 बजे भुगतान की मांग को लेकर उपायुक्त पाकुड़ को मांग पत्र सौपने हेतु सिद्धो-कानु पार्क, पाकुड़ से जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक हिसाबी राय के नेतृत्व में भुगतान मार्च निकाला जाएगा।

### खुशहाल बचपन के तहत हिरणपुर प्रखंड के सेविका को दिया गया प्रशिक्षण

**पाकुड़ :** सूचना भवन के सभागार में खुशहाल बचपन अभियान अंतर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती चित्रा यादव, महिला सुपरवाइजर चंदना सिंह एवं पीरामल फाउंडेशन एडीसी टीम के जिला प्रतिनिधि के द्वारा चयनित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने की बैठक

**पाकुड़ :** जिला के हिरणपुर प्रखंड मे इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने अध्यक्ष बानिज शेख की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। जिसमे कई तरह के अहम मुद्दों पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों को रक्तदान के फायदे, यातिम बच्चे को सहायता करना, वृद्धा वेवा सबको मदद करना, आग जनी घटनाओ को मदद पहुंचाना एवं मजबूतीकरण पर थैलोसीमिया पीड़ित बच्चो पर विशेष ध्यान आकर्षित कर युवाओं को मोटिवेशन करने की अति अवश्यकता है। हिरणपुर के आसपास बसे गांव के युवा सब काफी रक्तदान के लिए उत्सुक है लेकिन एक जरिये की जरूरत रही और वे इंसानियत फाउंडेशन का साथ होकर नेक कार्य मे सरिक होंगे समूह के उप अध्यक्ष नुरुज्जामान ताहिरी बी नेगेटिव 28वीं बार रक्तदान अपने जीवन के कई घटनाओ को व्यक्त करते हुए युवाओं को संबोधित किया।

### शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध : उपायुक्त

**पाकुड़ :** रविवार देर शाम को उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिले में संचालित सभी कोटि के उच्च ,उच्चतर एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के परीक्षाफल में सुधार करने से संबंधित चर्चा की गई। बतलाया गया की जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, उन्हें रोटेशन के माध्यम से शिक्षकों की व्यवस्था कर परीक्षाफल में सुधार करने से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उपायुक्त ने मैट्रिक परीक्षाफल में पाकुड़ जिला के उत्कृष्ट प्रदर्शन का सराहना की, कहा कि भविष्य में इस दिशा में और अधिक बेहतर प्रयास करने की अपेक्षा की है ताकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सके।उपायुक्त ने उतीर्ण करने वाले बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

**बैठक** खडगे और राहुल से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार का एलान

# विपक्षी नेताओं की बैठक 12 जून को पटना में

राष्ट्रीय खबर

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों की बैठक संभवतः 12 जून को बिहार की राजधानी पटना में होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विपक्षी ताकतों को एकजुट करने के लिए बैठक की योजना बनाई जा रही है। श्री कुमार रविवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में जनता दल (यूनाइटेड) के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी संभावना है कि बैठक ज्ञान भवन में होगी। सीएम ने कहा कि सभी समान विचारधारा वाले दलों की विपक्षी एकता बैठक जून में 12 जून के आसपास आयोजित की जाएगी और हमें एकजुट मोर्चा पेश करने के लिए कमर कसनी होगी। कुमार ने हालांकि मीडिया से बातचीत नहीं की। बैठक की तारीख पर फैसला रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के 20 विपक्षी दलों के फैसले के करीब आया है। पार्टियों ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश की प्रथम नागरिक के रूप में, उन्हें उद्घाटन समारोह का सही नेतृत्व करना चाहिए था।



घटनाक्रम से परिचित महागठबंधन (जीए) के नेताओं ने कहा कि सत्ताधारी (भाजपा) के विरोध में समान विचारधारा वाले 18 से अधिक दल बिहार के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा यह एक तैयारी बैठक होने जा रही है और मुख्य बैठक बाद में होगी। पटना में बैठक आयोजित करने का विचार अप्रैल में कुमार के साथ बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दिया गया था क्योंकि यहीं से स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपना सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन शुरू किया था। हाल ही में, कर्नाटक कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद, कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ नए सिरे से बातचीत की। इससे पहले मई में, कुमार ने मुंबई में एनसीपी नेता शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की थी ताकि विपक्ष को एकजुट करने के अपने मिशन में उन्हें विश्वास में लिया जा सके।

ममता बनर्जी ने पहले ही कुमार द्वारा पेश की गई वन-ऑन-वन रणनीति को स्वीकार कर लिया है और जद (यू) ने पहले ही लगभग 475 सीटों को मान्यता दे दी है जहां संयुक्त विपक्ष भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में प्रवेश कर सकता है।

## अनुकंपा समिति की बैठक में 18 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** उपायुक्त अंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 31 मामलों का समीक्षा की गयी जिनमें 18 आवेदकों के अनुशंसा प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए उन्हें नौकरी देने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे व अनुकंपा समिति के सदस्य ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया।मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की,जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## जलसहियाओं ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**मेदनीनगरः** अपने निजी मांगों को लेकर जलसहियाओ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व सचिव प्रीति गुप्ता की अध्यक्षता में की गई।उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जल सहिया का प्रदर्शन किया गया।जिसमें अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर के मांग पत्र को सौंपा गया जिसमें निम्न बिंदुओं पर रोशनी डाली गई।1.पूर्व सरकार के द्वारा दिए जा रहे ?1000 मासिक मानदेय व बकाया के साथ वापस किया जाए।2. निर्वाचन से पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक मानदेय भुगतान का वादा पूर्ण किया जाए।3. कार्यकाल में मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ एवं 20 लाख का बीमा भुगतान किया जाए।4. विभाग के रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार नियुक्ति में प्राथमिकता दिया जाए एवं 65 वर्ष तक सेवा की गारंटी दिया जाए।5. ठेकेदार को कार्य ना दे करके जलसहियाओं को स्वच्छता से संबंधित कार्य दिया जाए।इत्यादि मांगों को लेकर के झारखंड राज्य की जनसंख्या आवाहन पर पलामू जिला के सभी प्रखंड के जलसहिया अपनी मांगों को रखते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला सचिव प्रीति गुप्ता. चंदा पांडे उपाध्यक्ष, संयुक्त संयुक्त सचिव उषा देवी, प्रेमवती देवी शारदा सिंह, सुषमा देवी ,कलावती देवी, चंदना देवी , विमला देवी, बेगम , आरती वर्मा,इत्यादि हजारों जलसहिया अपनी मांगों को लेकर के उपस्थित रहे।

## आजाद भारत के इतिहास में 28 मई को काले अक्षरों में लिखा जायेगा



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह जिला भाकपा सचिव रुचिर कुमार तिवारी नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइंया, आलोक कुमार तिवारी, सोहेल अख्तर एवं श्रद्धानंद तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि कल का दिन 28 मई आजाद भारत के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा मोदी जी जिस प्रकार से नये संसद भवन का उद्घाटन किए और जिस तरह से ब्रिटिश साम्राज्यवाद का देश के नए प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को सत्ता हस्तांतरित करते समय जिस मंत्रोच्चारण के साथ सिंहॉल समर्पण किया था उसी तरह से मोदी जी ने दंडवत करते हुए उसे प्राप्त किया। और और संसद के निचले सदन लोकसभा के अध्यक्ष के बगल में स्थापित किया जो साम्राज्यवादी सोच का परिचालक है। जिस समय नेहरु जी को अंग्रेजो के द्वारा सत्ता हस्तांतरित करने के समय सौंपा गया था उस समय देश में लोकतंत्र स्थापित नहीं हुआ था और जब लोकतंत्र स्थापित हो गया तो सिंगौल का कोई महत्व नहीं रहा। परंतु मोदी जी ने इसी ब्रिटिश साम्राज्यवाद का नमूना स्थापित कर अपनी सोच को जाहिर करता है वही देश के आदिवासी महिला राष्ट्रपति जो देश का प्रथम नागरिक एवं दोनों सदनों का सर्वोपरि सदस्य होता है उसे आमंत्रित न कर प्रधानमंत्री के रूप में अपने को सर्वपरी साबित कर दलितों को अपमान करने का प्रयास किया है। वही दिल्ली के जंतर मंतर पर गोल्ड मेडलिस्ट पहलवानों ने यौन शोषण के खिलाफ भाजपा के सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे थे उनको जबरन पुलिस बल से पिटवाया गया और पोस्को एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज हुआ भाजपा के सांसद बृजभूषण सिंह ने संसद भवन में जाकर कानून का मजाक उड़ा रहा है जिसका हम निंदा करते हैं हिंदुस्तान मोदी जी के इस अपमान को नहीं सहेगा।

## संत मरियम के बच्चों का स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** एनर्जी पार्क, पटेल नगर, पटना, बिहार में 7वा रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड के सैकड़ों स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । कड़े मुकाबलो में पलामू के स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो और बिट्टू कुमार गोल्ड मेडल, और नीरज कोरवा और युवराज सिंह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया । साथ ही राधा कृष्ण साव को सर्टिफिकेट मिला। विदित हो की इस चैंपियनशिप में पलामू के 11 ने स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था , उन सभी को स्केट्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा प्रमाण-पत्र देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया साथ ही स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने छात्रों के शानदार सफलता से अभिभूत होकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की स्केटिंग जैसे खेलों में पलामू का आगे बढ़ना यहां के छात्रों के हित में है । इस चैंपियनशिप के बाद बहुत सारे छात्र विजयी प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे ।अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके के लोग भी विभिन्न खेलों में अपना कैरियर बनाएंगे । आगे देव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई और सदैव मदद करने का आश्वासन दिया।

## तुगलकी फरमान सुनाने वाले पंचायतों पर होगी कार्रवाई : राजकुमार लकड़ा

राष्ट्रीय खबर

**मेदनीनगरः** पलामू एक वक्त था जब गांव की पंचायतों में हुए फसलों का हर स्तर पर सम्मान दिया जाता था। हाल के दिनों में कुछ मामले ऐसे आए हैं जिसमें आपराधिक घटनाओं को लेकर पंचायत कानून को अपने हाथ में लेकर तुगलकी फरमान सुना रही हैं। जिसके कई उदाहरण सामने आए हैं। पंचायतें ग्रामीण इलाकों में हत्या और दुष्कर्म के मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। इन पंचायतों खिलाफ पुलिस बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पलामू गढ़वा लातेहार में कानून को अपने हाथ में लेने वाले पंचायत के खिलाफ दर्ज एफआईआर के डाटा और उसकी स्थिति को खंगाला जा रहा है।पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि कानून को किसी भी व्यक्ति को अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। के पुलिस पर कानून के पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायत या अन्य कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेता है तो पुलिस उसके के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। आईजी ने ग्रामीणों से कानून को अपने हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया है। पलामू प्रमंडल में पिछले एक सप्ताह के अंदर तीन मौकों पर पंचायत ने कानून को अपने हाथ में लिया या तुगलकी फरमान को सुनाया है।



पलामू के पाटन थाना क्षेत्र में लड़की ने शादी से इनकार किए जाने के बाद पंचायत ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए लड़की का सिरमुड़वा कर जंगल में छोड़ दिया था। इस दौरान लड़की की पिटाई भी की गई थी। पलामू के सदर थाना क्षेत्र में मुखिया के देवर ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था, घटना के बाद गांव में पंचायत बैठी थी और पूरी घटना को दबाने का प्रयास किया गया था।

गढ़वा जिला के खरौंधी में भी प्रेम संबंधों को लेकर पंचायत ने फरमान सुनाया था और लड़की को उसके प्रेमी के हाथों में सौंप दिया था।पिछले एक दशक के आंकड़ों पर गौर करें तो पलामू गढवा और लातेहार में 65 से अधिक पंचायतों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। कई ऐसे भी मामले हैं जिन पर एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है, शिकायतकर्ता सामने नहीं आए हैं।

## न्यूज फटाफट

### बहनों ने भाई को पत्थर से मारकर किया घायल



**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ीवीर में मोटरसाइकिल विवाद को लेकर सगी बहन ने अपने भाई को ईट पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल युवक सुजीत कुमार भुइया उम्र 28 वर्ष ने बताया कि सोमवार की सुबह वह अपने चाचा हरिओम भुइयां का मोटरसाइकिल लेकर किसी काम से गया था। काम खत्म होने के बाद जब वह अपने घर लौटा तो मोटरसाइकिल देर से लेकर आने पर चाचा हरिओम से उसका बहस होने लगा। इसी बीच हरिओम की बहन अनिता कुमारी और मनीता कुमारी उसे पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया है जहां इलाज के बाद भी युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से घटना के बारे में पूछताछ की है। घटना के बाद से पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बाइक दुघर्टना में युवक घायल



**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गर्दा निवासी एजाजुल अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी उम्र 25 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एजाजुल अंसारी लातेहार अपने चाचा के घर गया था।उधर से लौटने के दौरान वह सुबियाखड़ के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर घायल की इलाज अपने देखरेख में करवा रहे हैं।

### समस्याओं को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त से की मुलाकात



**पलामू :** झामुमो पलामू के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने उपायुक्त से मिलकर पलामू के समस्याओं पर बात की। पीएमसीएच मे 100 बेड का निर्मित अस्पताल जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 04 /12/22 को किया गया था, उसका उपयोग मरीजों के लिए अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए इसका सकारात्मक प्रयास श्री सिन्हा द्वारा किया गया है। ऊंटारी रोड की कई समस्याओं को भी उन्होंने उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसका निदान भी जल्द किया जाएगा। साथ ही पुलिस स्टेडियम का सुंदरीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग भी जिलाध्यक्ष ने रखी। श्री सिन्हा ने बताया ह्लउपायुक्त के समक्ष समस्याओं को रखा है, उपायुक्त से मुलाकात काफी सकारात्मक रही है, अस्पताल जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा हमारा प्रयास है की मरीजों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े रिम्स रेफर से मुक्ति मिले ये मेरा प्रयास रहेगा, और आने वाले कुछ महीनों में पलामू पुलिस स्टेडियम नए रूप में तैयार किया जाएगा जिससे की हमारे खिलाड़ियों को खेल का अच्छा मैदान मिल पाएगा। ऊटारी प्रखंड में समस्याओं का जाल फैला है, इस पर भी उपयुक्त महोदय से सकारात्मक बात हुई है, जल्द जल्द निदान किया जाएगा। पलामू के उपायुक्त बहुत सुलझे हुए व्यक्ति हैं, ये समस्याओं का तुरंत निराकरण पर विश्वास करते हैं और हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर झामुमो नेता अविनाश देव और उतारी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता मौजूद थे।

### ओलम्पिक मेडल विजेता महिला पहलवानों पर बर्बर लाठीचार्ज निंदनीयः शत्रुघ्न

**पलामू :** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर निकृष्ट, मनुवादी व घोर महिला विरोधी मोदी सरकार द्वारा नये संसद भवन में उद्घाटन के नाम पर राजतंत्र की नींव रखने के अवसर पर देश के लिए ओलम्पिक पदक जीतनेवाली महिला पहलवानों पर बर्बरतम लाठीचार्ज कर घसीटते हुए नई दिल्ली के जंतर-मंतर से अमानुषिक तरीके से हटाने की घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा है कि ब्लातकारियों के पक्ष में निर्लज्जता की हद तक गिरी हुई निकृष्ट मोदी सरकार देश के लिए कलंक बन गई है,जो ना केवल महिलाओं,दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्गो के संवैधानिक अधिकारों की विरोधी है,बल्कि यह सरकार वर्तमान संविधान व लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के यौन शौषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बदले केन्द्र सरकार के अधीन काम करनेवाली दिल्ली पुलिस सारी मयार्दाओं को भूलकर देश की शान बढ़ानेवाली बेटियों के खिलाफ जो नीचता दिखलाई है,वह भारतीय पुलिसिंग सिस्टम को नंगा करनेवाला है।

### विधायक ने किया विवाह मंडप का ऑनलाइन शिलान्यास



**पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड के बलरा गांव में पहाड़ी तर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने फंड से विवाह मंडप का ऑनलाइन शिलान्यास कर ग्रामीणों की मांग पूरी की। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है।ऑनलाइन शिलान्यास के बाद विधायक श्री सिंह ने कहा कि वे एक एक करके क्षेत्र के सभी जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जात पात से ऊपर उठकर जमात की राजनीति करते हुए सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता के साथ ही प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह , विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि विधायक श्री सिंह जनता के सच्चे हमदर्द हैं। जिनका एक मात्र उद्देश्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है।

## न्यूज फटाफट

### नीरज ने एफबीके खेलों से नाम वापस लिया



**नयी दिल्ली:** टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने मांसपेशी में खिंचाव के कारण नीदरलैंड के हेंगेलो में होने वाले एफबीके खेलों से नाम वापस ले लिया है। नीरज ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए ट्वीट किया, चोट हमारे सफर का हिस्सा होती हैं, लेकिन यह कभी आसान नहीं होता। हाल ही में अभ्यास करते हुए मेरी एक मांसपेशी में खिचाव आ गया। चिकित्सीय जांच के बाद मैंने और मेरी टीम ने फैसला लिया है कि हम इस चोट को बढ़ाने वाला कोई जोखिम मोल नहीं लेंगे। दुर्भाग्य से, इसके कारण मुझे हेंगेलो में एफबीके खेलों से नाम वापस लेना होगा। एफबीके खेल एक वार्षिक ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता है जो चार जून को आयोजित होगी। नीरज ने कहा, आयोजकों और टूर्नामेंट की सफलता की कामना करता हूं। मैं ठीक होने की राह पर हूं और जून में ही ट्रैक पर लौटने की कोशिश करूंगा। आप सब के समर्थन के लिये धन्यवाद। नीरज ने हाल ही में पुरुष भाला फेंक एथलीटों की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में भारत के लिये पहला ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले नीरज विश्व एथलेटिक्स की रैंकिंग में ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से 22 अंकों से आगे हैं। चोपड़ा ने छह मई को दोहा में 88.67 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ डायमंड लीग का पहला चरण जीतकर अपने 2023 सीजन की शुरुआत की थी। उन्होंने हालांकि 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने वाले पावो नूरमी खेलों को लेकर कोई पुष्ट नहीं की है।

### सभी खेल संगठनों में सुरक्षा उपाय लागू होने की जरूरत: बिंद्रा



नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के सदस्य अभिनव बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों की ह्यभयावह तस्वीरोंह्व पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को सभी खेल संगठनों में ह्यस्वतंत्र सुरक्षा उपायह्व लागू करने की मांग की। बीजिंग ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज बिंद्रा ने ट्वीट किया, '' कल रात सो नहीं सका। अपने साथी भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की भयावह तस्वीरों ने (मुझे) विचलित रखा। समय आ गया है कि हम सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय लागू करें। '' उल्लेखनीय है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। करीब एक महीने से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर बैठे पहलवानों ने रविवार को नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान संसद तक मार्च करने और महिला महापंचायत आयोजित करने का फैसला लिया था। पहलवान हालांकि जंतर-मंतर रोड से आगे नहीं बढ़ सके और पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू उखाड़ दिये। बिंद्रा ने कहा, '' हमें सुनिश्चित करना होगा कि अगर ऐसी स्थिति आती है तो इसका निपटान बेहद संवेदनशीलता और सम्मान के साथ किया जाये। हर एथलीट एक सुरक्षित और सशक्त करने वाले माहौल का हकदार है। '' बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली पुलिस सभी पीड़ितों के बयान लेकर बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर चुकी है, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) से संबंधित है। कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह हालांकि अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। बिंद्रा से पहले टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने भी पहलवानों की दुर्गति पर चिंता व्यक्त की थी।

## ट्विटर

### अब महिला पहलवानों के खिलाफ उतरा आईटी सेल

# फर्जी फोटो शेयर कर गुमराह करने की साजिश

- बजरंग पुनिया ने असली तस्वीर जारी की
- फर्जी फोटो में दोनों हंसते हुए दिखाये गये
- पुलिस ने जबरन सभी को गिरफ्तार किया

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** पहलवान बजरंग पुनिया ने संगीता फोगट और विनेश फोगट की एक मॉर्फ्ड फोटो के बाद आईटी सेल के लोगों की खिंचाई की, जिसमें उन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान मुस्कुराते हुए दिखाया गया था, ट्विटर पर दिखाई दिया। साक्षी मलिक सहित पहलवानों को आज उनके समर्थकों के साथ हिरासत में ले लिया गया, जब उन्होंने नए संसद भवन की ओर मार्च करने की कोशिश की, क्योंकि इसका उद्घाटन किया जा रहा था। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर अपने धरना स्थल को भी खाली करा लिया है। मामले की जानकारी होने के बाद खुद अंतर्राष्ट्रीय पहलवान बजरंग पुनिया ने दो तस्वीरें ट्वीट कीं - एक जाली और दूसरी असली।




असली वाले में गिरफ्तार दोनों पहलवान संगीता फोगट और विनेश फोगट को मुस्कुराते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। फर्जी फोटो में उन्हें मुस्कुराते हुए दिखाता है, यह दशार्ता है कि वे अपने विरोध के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसके बाद बजरंग पुनिया ने ट्वीट किया, आईटी सेल के लोग इस झूठी तस्वीर को फैला रहे हैं। हम स्पष्ट करते हैं कि जिसने भी इस फर्जी तस्वीर को पोस्ट किया है उसके खिलाफ शिकायत दर्ज की जाएगी। वैसे अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि फर्जी फोटो किसकी तरफ से सबसे पहले जारी की गयी थी।

बता दें कि यह सारे लोग भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पहलवानों को बसों में धकेल कर अलग-अलग स्थानों पर ले जाने के तुरंत बाद, दिल्ली पुलिस ने पहलवानों के अन्य सामानों के साथ खाट, गद्दे, कूलर, पंखे और एक तिरपाल छत को हटाकर विरोध स्थल को साफ करना शुरू कर दिया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बार-बार अनुरोध और चेतावनियों को नजरअंदाज किया और उन्हें रोकने की कोशिश करने वाले पुलिस कर्मियों के साथ कुश्ती की। आज देश के लिए एक महत्वपूर्ण दिन था क्योंकि नए संसद भवन का उद्घाटन होना था और विरोध स्थल से आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी के बावजूद वे ऐसा करते रहे।

## एशिया कप सेमीफाइनल में भारत, विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई किया

**एजेंसियां**

**सलालाह, (ओमान):** गत चैंपियन भारत ने जूनियर पुरुष एशिया कप 2023 के अपने आखिरी पूल-ए मैच में थाईलैंड को 17-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस विशाल जीत के साथ भारत ने दिसंबर में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है।



नियमों के अनुसार, जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाली टीमों को विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना था, जबकि मलेशिया ने विश्व कप का मेजबान होने के नाते टूर्नामेंट में जगह बना ली थी। मलेशिया के रविवार को एशिया कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद चारों सेमीफाइनलिस्ट टीमों ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया। अंगद बीर सिंह (13वां मिनट) ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में भारत का खाता खोला, जबकि दूसरे क्वार्टर में योगेंबर रावत (17वां मिनट), उत्तम सिंह (24वां मिनट) और अमनदीप लाकड़ा (26वां, 29वां मिनट) ने गोल जमाकर भारत की बढ़त हाफ टाइम से पहले 5-0 कर दी। तीसरे क्वार्टर में उत्तम (31वां मिनट) और अंगद (33वां मिनट) के साथ-साथ अरैजीत सिंह हुंदल (36वां मिनट) और विष्णुकांत सिंह (38वां मिनट) ने भी एक-एक गोल दागकर भारत के स्कोर में योगदान दिया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले बॉबी सिंह धामी (45वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत का स्कोर 10-0 पर पहुंचा दिया। शारदा नंद तिवारी (46वां मिनट), अमनदीप (47वां मिनट) और अंगद (47वां मिनट) ने शुरुआती दो मिनटों में ही तीन गोल करके चौथे क्वार्टर को भारत के नाम कर दिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने हेजलवुड को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया

**एजेंसियां**

**दुबई:** तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड ने चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल स्क्वाड में जगह बना ली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने सात जून से होने वाले खिताबी मुकाबले के लिये हेजलवुड को 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया है। हेजलवुड इस महीने की शुरुआत में मामूली दर्द के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) छोड़कर स्वदेश लौट आये थे, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने लंदन के द ओवल



मैदान पर होने वाले फाइनल से पहले उन्हें फिट घोषित कर दिया था। हेजलवुड कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ियों से सजे गेंदबाजी आक्रमण में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में 15-सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके बीसीसीआई ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में लंदन भेजा है।

## वीर सावरकर के किरदार के लिये रणदीप हुड्डा ने 26 किलो वजन घटाया



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में वीर सावरकर के किरदार के लिये 26 किलो वजन घटाया है। रणदीप हुड्डा इन दिनों स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर आधारित फिल्म ह्यस्वतंत्र वीर सावरकरह्व को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा अभिनय के साथ ही निर्देशन भी कर रहे हैं। फिल्म निर्माता आनंद पंडित ने बताया है कि फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' के लिए रणदीप ने 26 किलो वजय घटाया है।आनंद पंडित ने बताया कि रणदीप पूरी तरह अपने किरदार में डूब गए हैं। इस रोल के बारे में उन्होंने पहले ही कहा था वह अपने रोल को परफेक्ट बनाने के लिए किसी तरह की कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जब तक शूटिंग खत्म नहीं हुई, तब तक वह पूरे दिन सिर्फ एक ग्लास दूध और एक खजूर खाते थे। पूरे चार महीने जब तक शूटिंग खत्म हुई उनका यही रुटीन रहा। रोल को परफेक्ट बनाने के लिए उन्होंने अपने बाल भी मुंडवा लिए थे।

## अक्षय कुमार ने जागेश्वर धाम और बद्रीनाथ धाम में की पूजा-अर्चना



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने जागेश्वर धाम और बद्रीनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। अक्षय कुमार हाल ही में बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे थे, जहां उन्होंने भोलेनाथ के दर्शन किए। अब अक्षय अल्मोड़ा स्थित प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचे। इसके बाद वह बद्रीनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। ज्योतिर्लिंग जगन्नाथ के दर्शन कर बदरी विशाल के द्वार पर मत्था टेकने के साथ ही उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद अक्षय कुमार ने कहा कि जागेश्वर धाम अलौकिक है। हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता। इसके बाद अक्षय कुमार यहां बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने पहुंचे। जहां उन्होंने बद्रीनाथ की पूजा-अर्चना की।

## 'आदिपुरुष' का नया गाना 'राम सिया राम' रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मो के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'आदिपुरुष' का नया गाना 'राम सिया राम' रिलीज हो गया है। ओम राउत के



निर्देशन में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' में प्रभास की मुख्य भूमिका है। आदिपुरूष का दूसरा गाना 'राम सिया राम' रिलीज हो गया है। इस गाने को साचेत और परम्परा ने गाया है,वहीं, इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम पांच भाषाओं में रिलीज किया गया है। टी सीरीज की ओर से यूट्यूब पर इस गाने को रिलीज किया गया है। गाने के साथ लिखा गया है, 'राम से रूठे, राम से माने, राम सिया राम, सियाराम, जय जय राम'। गाने का संगीत भी सचेत और परम्परा ने ही दिया है। फिल्म 'आदिपुरुष' 16 जून 2023 को रिलीज होगी। इस फिल्म में प्रभास के अलावा सैफ अली खान, कृति सेनन, देवदत्त गजानन नागे, सोनल चौहान, वत्सल सेठ आदि प्रमुख भूमिका में हैं।

## आमिर खान की चैंपियन्स में काम करेंगे रणबीर कपूर!



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर फिल्म चैंपियन्स में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान फिल्म चैंपियन्स में काम करने वाले थे, लेकिन अब बतौर एक्टर वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और बतौर निर्माता वह इस फिल्म के लिए अच्छे एक्टर की तलाश कर रहे हैं। आमिर ने चैपियंस के लिये लीड रोल निभाने के लिए सलमान खान को अप्रोच किया था लेकिन बात नहीं बनी।आमिर की यह फिल्म वर्ष 2018 में प्रदर्शित कैंपियन्स का ऑफिशियल रीमेक है।

## मनीष पॉल की वेबसीरीज रफूचक्कर का टीजर और पोस्टर रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता मनीष पॉल की वेबसीरीज रफूचक्कर का टीजर और पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जियो स्टूडियोज की वेब सीरीज रफूचक्कर का आज टीज़र और पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। रफूचक्कर से ओटीटी स्पेस में डेब्यू करनेवाले अभिनेता मनीष पॉल इसमें एक ठग की दिलचस्प किरदार में नजर आनेवाले है। यह वेब सीरीज़ 15 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज़ होगी। टीजर में मनीष पॉल की अविश्वसनीय बहुमुखी प्रतिभा झलकती है । वह फिटनेस विशेषज्ञ से लेकर एक मोटे बूढ़े व्यक्ति तक, एक पंजाबी वेडिंग प्लानर से लेकर और कई किरदार के लिए अपने लुक्स से आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार



है। ज्योति देशपांडे, अर्जुन सिंह बरन, कार्तिक डी निशंदर द्वारा निर्मित, रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित रफूचक्कर में प्रिया बापट, अक्षा परदसनी, सुशांत सिंह और शिरीन सेवानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत

**सीहोर:** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम जहाजपुरा में नहाने के दौरान नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई है। इस घटना में सौरभ, प्रियांशु और हर्ष नागर की मौत हो गयी। तीन बच्चें रायसेन जिले के है। सभी बच्चे माथनी गांव में रिश्तेदार के यहां आए थे। तीनों बच्चों के शव को बाहर निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### असम के सोनितपुर क्षेत्र में भूकंप के हल्के झटके

**गुवाहाटी :** असम के सोनितपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके पड़ोसी देश बंगलादेश, भूटान और चीन में भी महसूस किए गए। गौरतलब है कि मेघालय में 28 मई को 4.5 तीव्रता के हल्के भूकंप के झटके महसूस किये गये थे।

### मार्बल ब्लॉक पत्थर के नीचे दबने से श्रमिक की मौत

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ के गांधीनगर थाना क्षेत्र में आज मार्बल ब्लॉक पत्थर के नीचे दबने से एक श्रमिक की अकाल मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्बल औद्योगिक क्षेत्र के शांतिनाथ स्टोनैक्स में कार्यरत बिहार चंदेपुर निवासी श्रमिक नवीन कुमार मंडल (30) की मार्बल ब्लॉक के नीचे दबने के बाद अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गांजा तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, तीन फरार

**सतना:** मध्यप्रदेश के सतना जिले में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने गाँजा की तस्करी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि रेल्वे सुरक्षा बल की विशेष क्राईम टीम ने सारनाथ एक्स्प्रेस से गांजा लेकर उचेहरा स्टेशन पर उतरे दो लोगों को 35 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके तीन अन्य साथी फरार हो गये।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### नकाबपोश लुटेरे पेट्रोल पंप कर्मचारी से 40 लाख लूटकर फरार

**फतेहगढ़ :** पंजाब में फतेहगढ़ के भटमाजरा गांव में सोमवार नकाबपोश लुटेरे पेट्रोल पंप कर्मचारी से करीब 40 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए । फतेहगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने बताया कि पेट्रोल पंप कर्मचारी हरमीत सिंह पैसे जमा कराने बैंक जा रहा था तभी बदमाशों ने उनकी कार रोककर गोली चलानी शुरू कर दी और 40 लाख रुपये छीनकर फरार हो गए।

### कश्मीर में पांच तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ में संलिप्त एक महिला सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 1.8 किग्रा चरस पाउडर जब्त किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पंपोर के कार्यकारी मजिस्ट्रेट, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और पुलवामा के कानूनी मेट्रोलॉजी विभाग की मौजूदगी में लेलहर काकापोरा निवासी एक महिला तस्कर की गिरफ्तारी की गयी है और मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर से जयपुर की ओर गेगल थाना क्षेत्र में आज रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अजमेर में गगवाना बाईपास पर जयपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बाइक सवार पति-पत्नी को पीछे से टक्कर मार दी । जिससे दोनों गम्भीर घायल हो गये । क्षेत्रवासियों ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय पहुंचाया , जहां महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।

---

**जुगलबंदी**

### केजरीवाल को मिला केसीआर का भी साथ

# अध्यादेश वापसी के खिलाफ दिल्ली के सीएम का दौरा जारी



राष्ट्रीय खबर

**हैदराबाद:** दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने यहां के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। वे दोनों अन्य नेताओं के साथ के सी राव से मिलने के लिए हैदराबाद में आये थे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली सरकार से अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले की शक्तियों को वापस लेने का अध्यादेश जारी करने के विषय पर बात की गई थी। केंद्र सरकार किस तरह से अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर रही है, इस मुद्दे पर केजरीवाल ने कहा कि राज्यपाल के पद का भी दुरुपयोग किया जा रहा है और चंद्रशेखर राव की ओर मुड़ते हुए कहा, जैसे आपके राज्यपाल आपके विधेयकों को पारित नहीं करते हैं। ऐसी व्यवस्था के तहत जहां, जहां क्या मुख्यमंत्रियों की जरूरत है? सिर्फ एक पीएम और 29 राज्यपाल होने दें।

केजरीवाल ने कहा, जिसके लिए चंद्रशेखर राव ने सहमति में सिर हिलाया। मान ने कहा कि उनकी सरकार भी राज्य के राज्यपाल के निशाने पर थी, जिन्होंने विधानसभा का बजट सत्र बुलाने से इनकार कर दिया और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कि सत्र बुलाया जाना चाहिए, बजट भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया, जहां राज्यपाल को मेरी सरकार कहना था। मान ने कहा, फिर से हमें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा और कोर्ट ने आदेश दिया कि सरकार द्वारा दिया गया भाषण जैसा है वैसा ही पढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, वर्तमान में सारे राजभवन भाजपा के अधिकारी बन गए हैं और राज्यपाल भाजपा के प्रचारक बन गए हैं।

यहां पंजाब में विधेयकों को रोक दिया गया है, और तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में, राज्यपाल उन राज्य सरकारों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। इसी क्रम में यहां के मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में नरेंद्र मोदी से दिल्ली के लिए लाये गये अध्यादेश को वापस लेने की बात कही।

## तेलंगाना में गरज के साथ बारिश, ओलावृष्टि होने के आसार



एजेंसियां

**हैदराबाद :** तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। मौसम विभाग की बुलेटिन के मुताबिक भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नालगोंडा, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यदाद्री भुवनगिरी और नागरकुर्नूल जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। वहीं अगले पांच दिनों में राज्य के शेष जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई। राज्य के खम्मम में रविवार को सबसे अधिक तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भाजपा मध्यप्रदेश में जीतेगी 200 से ज्यादा सीटें : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी। चौहान ने अपने बयान में बिना किसी का नाम लिए कहा कि दिल को बहलाने को 'बाबा', ख्याल अच्छा है। भाजपा मध्यप्रदेश में 200 से ज्यादा सीट जीतेगी। उन्हें ख्याली पुलाव पकाने हैं तो वे पकाते रहें। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आज दिल्ली में दिया एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे संवाददाताओं से ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के आंकलन के अनुसार पार्टी को मध्यप्रदेश में 150 सीटों पर जीत हासिल होगी। इस बयान के बाद चौहान का ये बयान सामने आया है। कांग्रेस की आज दिल्ली में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। श्री गांधी ने इस बैठक के बाद मध्यप्रदेश के संदर्भ में बयान दिया था।

## हाईकोर्ट में अपील करने में विलम्ब के लिए राजस्व विभाग जिम्मेदार : समिति



एजेंसियां

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड में तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर के बन्नाखेड़ा राजि (रेंज) अंतर्गत आरक्षित वन भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से राजस्व भूमि में परिवर्तित किये जाने सम्बंधित प्रकरण में उत्तराखंड उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से अपील दायर करने में हुए विलम्ब के कारणों की जांच हेतु गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट में नैनीताल व उधमसिंह नगर जिले के राजस्व विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। मुख्य वन संरक्षक (कार्ययोजना) संजीव चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 1995-1996 में यहां तैनात रहे तत्कालीन भूमि बंदोबस्त अधिकारी को अभिलेखों की कूट रचना कर नैनीताल जिले की कालाढूंगी तहसील के बंदरजूड़ा ग्राम स्थित आरक्षित वन भूमि को हरदेव सिंह व अन्य के नाम वर्ग 1 (क) श्रेणी की भूमिधरी घोषित करने का दोषी ठहराने के साथ ही उधमसिंह नगर व नैनीताल जिले के जिलाधिकारियों को बार-बार अनुरोध के बावजूद इस प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने हेतु जिम्मेदार ठहराया है। चतुर्वेदी ने बताया कि इस विषय में विभिन्न स्तरों पर वनाधिकारियों द्वारा आयुक्त कुमाऊँ मण्डल को विस्तृत पत्र लिखने व अनुस्मारक भेजने के पश्चात भी किसी प्रकार का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। समिति का मानना है कि यह दस्तावेज इस मामले में प्रदेश सरकार के पक्ष को पुष्ट करने तथा सरकार के दावे को सिद्ध करने के लिए परम आवश्यक थे। जांच रिपोर्ट के अनुसार, "उच्च न्यायालय में अपील दायर करने में हुए विलम्ब का सर्वप्रमुख कारण भी यही था।" समिति ने तत्कालीन बंदोबस्त अधिकारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 409, 467 व 471 सहित भारतीय वन अधिनियम 1927, वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत मामला दर्ज कराये जाने की भी संस्तुति की है।

## बीएसएफ ने अमृतसर सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया



एजेंसियां

**जालंधर :** पंजाब के अमृतसर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पाकिस्तान की एक और नापाक कोशिश को नाकाम करते हुए रविवार रात लगभग 0850 बजे नशीले पदार्थों की खेप ले जा रहे पड़ोसी देश के ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि गहराई वाले क्षेत्र में तैनात सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के धनोई खुर्द गांव के पास एक संदिग्ध पाक ड्रोन की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन को रोकने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी और पाकिस्तानी ड्रोन को मादक पदार्थों की खेप सहित सफलतापूर्वक मार गिराया। क्षेत्र की बाद की तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने खेतों से एक काले रंग का ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस, 300 आरटीके) बरामद किया, जिसमें संदिग्ध हेरोइन का एक बैग था, जो लोहे की अंगूठी के माध्यम से ड्रोन से जुड़ा हुआ था। संदिग्ध नशीले पदार्थों की बरामद खेप का कुल वजन लगभग दो किलो सात सौ ग्राम है।

**उद्घाटन**

### केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के

# उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्बू चिड़ियाघर का लोकार्पण किया



एजेंसियां

**जम्मू :** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को जम्बू चिड़ियाघर लोगों को समर्पित किया और कहा कि यह राज्य अपने विकास के शिखर पर है और यहां के युवा नए जम्मू कश्मीर के वास्तुकार हैं। सिन्हा ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा में जम्बू चिड़ियाघर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि "जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश अपने विकास के शिखर पर है। हमने तेज वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए नए आधार तैयार किए हैं। अब हम ऐसे चरण में हैं जहां हमें केंद्र शासित प्रदेश के विकास में तेजी लाने, इसे ज्यादा समावेशी बनाने और इसकी क्षमता को वास्तविकता में परिवर्तित करने की आवश्यकता है।" उन्होंने कहा कि 70 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थलों के लिए यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लंबित परियोजना के अंतर्गत शुरू की गई थी और यह स्थानीय लोगों एवं केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा करने वाले पर्यटकों दोनों को आकर्षित करेगी। सिन्हा ने आगे कहा, "जी 20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन करने के साथ, जम्मू कश्मीर ने अवसरों के एक नए युग में प्रवेश किया है।

यह एक दुर्लभ क्षण है और दुनिया जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के विकास गाथा की सराहना कर रही है। हमें बाकी राज्यों के विकास के साथ तालमेल स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और विकसित भारत, 2047 के महत्वपूर्ण लक्ष्य में अपना योगदान देना चाहिए।" उपराज्यपाल ने कहा, "हमारे युवा नए जम्मू कश्मीर के वास्तुकार हैं और हम युवा उद्यमियों की संख्या में लगातार वृद्धि देख रहे हैं, जो एक समृद्ध समाज का निर्माण करने, हमारी सभ्यता एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने और शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को संरक्षित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम कर रहे हैं।" सिन्हा ने कहा कि कोई भी शक्ति केंद्र शासित प्रदेश को प्रगति एवं विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने से नहीं रोक सकती है क्योंकि जम्मू कश्मीर के जैसा ही बदल रहा है और केंद्र शासित प्रदेश शांति, प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, "संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश में 24 घंटे विकास हो रहा है। जम्मू कश्मीर के जैसा ही बदल रहा है। आज हमारे पास उत्तर भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर है जो 62.17 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 3,200 कनाल भूमि में फैला हुआ है।" उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू रिवर तवी फ्रंट का काम भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा और तिरुपति बालाजी मंदिर का उद्घाटन 08 जून को किया जाएगा। गौरतलब है कि जम्बू चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जानवर, देखने वाले स्थल, एम्फीथिएटर, स्मारिका की दुकान, पार्क, प्रकृति ट्रेल्स, जलपान स्थल और बीओवी भी शामिल हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### इजरायल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों पर किये हमले

**दमिश्क :** इजरायली युद्धक विमानों ने रविवार रात सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले किये, जिससे भारी नुकसान हुआ। सीरियाई सेना ने एक बयान में कहा इजरायल ने अपने कब्जे वाले गोलन हाइट्स के ऊपर से हवाई हमले किये, जिसने सीरियाई हवाई सुरक्षा को सक्रिय कर दिया। बयान के अनुसार कुछ मिसाइलों को रास्ते में ही मार गिराया गया। इस बीच, मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'मून राइट्स' ने कहा कि इजरायल ने दमिश्क के आसपास के सैन्य स्थलों पर दो बार मिसाइल हमले किये। संगठन ने कहा कि हमले ने दमिश्क के ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र तथा हमेह क्षेत्र में एक हवाई रक्षा अड्डे और सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। इजरायल ने 2023 की शुरुआत से अब तक सीरिया पर 17 बार हमला किये हैं, जिनमें 48 सैन्यकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हुए हैं।

### स्पेन में स्थानीय चुनावों में पीपुल्स पार्टी जीती

**मैड्रिड :** स्पेन की विपक्षी पीपुल्स पार्टी (पीपी) ने नगरपालिका चुनावों में स्पेनिश सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी (पीएसओई) को हरा कर जीत हासिल की है। स्पेन की स्थानी मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। 28 मई को पूरे स्पेन में स्थानीय चुनाव हुए। स्पैनिश यूरोपा प्रेस एजेंसी ने कहा कि पीपी ने 7.43 मिलियन वोट हासिल किये, जो पीएसओई से 3.4 प्रतिशत अंक अधिक है। पीएसओई स्वायत्त समुदायों की 22 राजधानियों में से उन 12 में हार गया जिसमें चुनाव से पहले उसे बढ़त प्राप्त थी।

### शिकागो में गोलीबारी हमले में नौ लोगों की मौत

**वाशिंगटन:** अमेरिका के शहर शिकागो में सप्ताहांत हुई गोलीबारी में घायल हुए कुल 37 लोगों में से अब तक नौ की मौत हो चुकी है। एबीसी न्यूज द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। एबीसी न्यूज ने रविवार को पुलिस के हवाले से बताया था कि घायलों में दो किशोरी 14 और एक 16 वर्षीय शामिल हैं। इसके अलावा, मारे गए व्यक्तियों की उम्र 20 वर्ष से अधिक थी और इनमें एक 69 वर्षीय महिला भी शामिल है। जारी रिपोर्ट के अनुसार, पहली गोलीबारी शुक्रवार देर रात हुई और परिणामस्वरूप एक किशोर(17) घायल हो गया। इसके बाद, फिर से रविवार तड़के गोलीबारी हुई, जिसमें व्यक्ति (35) की मौत हो गई और एक महिला (30) घायल हो गई।

### मादुरो आधिकारिक यात्रा पर ब्राजील पहुंचे मेक्सिको

**सिटी:** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो दक्षिण अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को आधिकारिक दौरे पर ब्राजील की राजधानी के ब्रासीलिया पहुंचे। मादुरो ने कुछ ही घंटे पहले अपने आगमन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "हम संघीय गणराज्य ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंच गये हैं।" मादुरो ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा की ओर से 30 मई को आहूत क्षेत्रीय नेताओं के एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2015 में पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रॉसेफ के दूसरी बार कार्यभार संभालने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील का दौरा किया था।

### तंजानिया के स्टेडियम में भगदड़, एक की मौत, 30 घायल

**दार अस सलाम:** तंजानिया के बंदरगाह शहर दार एस सलाम के बेंजामिन मकापा स्टेडियम में रविवार को भगदड़ मचने से कम से कम एक फुटबॉल प्रशंसक की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। भगदड़ तब हुई, जब तंजानिया के यंग अफ्रीकंस और अल्जीरिया के यूएसएम अल्जर के बीच सीएएफ कन्फेडरेशन कप के पहले चरण के फाइनल को देखने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे फुटबॉल प्रशंसकों ने एक एक्सेस गेट को धक्का देकर भीतर घुसने की कोशिश की। स्वास्थ्य मंत्री उम्मी म्वालिमु ने भगदड़ में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, "मुहिंबिली नेशनल हॉस्पिटल की आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञों की एक टीम ने टेमेके रीजनल रेफरल अस्पताल से पहले ही संपर्क कर लिया है, और वे घायल व्यक्तियों को भर्ती करने और उनकी देखभाल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" गौरतलब है कि यूएसएम अल्जर ने यंग अफ्रीकंस को 2-1 से हराकर मैच जीत लिया। दूसरे चरण का फाइनल एक सप्ताह के भीतर अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में आयोजित किया जायेगा।

### पेरू में 'अल नीनो' के मद्देनजर आपातकाल की घोषणा

**लीमा :** पेरू सरकार ने अल नीनो के संभावित आगमन के 'आसन्न खतरे' के मद्देनजर रविवार को देश के 131 जिलों में 60 दिन के आपातकाल की घोषणा की। आधिकारिक राजपत्र 'एल पेरुआनो' में प्रकाशित एक सरकारी आदेश के अनुसार, अपुरिमैक, कुस्को, जुनिन और पुनो समेत नौ डिपार्टमेंट के 131 जिलों में आपातकाल लगाया गया है। इस उपाय के तहत आपातकालीन प्रतिक्रिया और पुनर्वास कार्यों को निष्पादित करने के लिए क्षेत्रीय प्रशासनों के साथ ही राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्थान (इंडेसी), स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य संस्थानों का आह्वान किया जाता है।

### यूक्रेन के कई इलाकों में धमाकों की गूंज

**कीव:** यूक्रेन के कीव, पोल्टावा, ख्मेलनित्सकी और लविव के क्षेत्रों में रात भर विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यूक्रेनी मीडिया ने यह जानकारी दी। देश के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय ने बताया कि सोमवार तड़के यूक्रेन के अधिकांश हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। विस्फोटों की आवाज कीव, पोल्टावा, ख्मेलनित्सकी, लवीव, ओडेसा, विनित्सिया और चर्कासी के क्षेत्रों में सुनी गई। देर रात हवाई हमले की चेतावनी देश की राजधानी कीव के और खेरसॉन के साथ साथ माइकोलाइव, किरोवोह्रद, चेर्निहाइव, सुमी में दी गयी थी। बाद में रात में जाइटॉमिर, खार्किव और ओडेसा क्षेत्रों के साथ-साथ रिव्ने, खमेल्नित्स्की और विन्नित्सिया के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। हवाई हमले के सायरन यूक्रेन के अधिकांश हिस्सों में बजने लगे।

### तुर्की में दूसरे दौर के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन विजेता घोषित

**इस्तांबुल:** तुर्की के वर्तमान राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने दूसरे दौर के राष्ट्रपति चुनाव में 52.14 प्रतिशत मतों के साथ जीत हासिल की। मुख्य चुनाव अधिकारी अहमत येनर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार तुर्की में मतदान केंद्रों और विदेशी मिशनों और सीमा पार से 99.43 प्रतिशत मतपत्रों की मतगणना के बाद एर्दोगन को 52.14 प्रतिशत, जबकि केमला किलिकडारोग्लू को 47.86 प्राप्त हुए। तुर्की के राष्ट्रपति के रूप में रेसेप तैयप एर्दोगन को चुना गया है।

## आज का इतिहास

- 1381 : इंग्लैंड के एसेक्स में किसानों का विद्रोह शुरु।
- 1539 : स्पेन के हर्नान्डो डी सोटो ने फ्लोरिडा की खोज की।
- 1606 : सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का निधन।
- 1646 : स्पेन और नीदरलैंड ने युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1778 : महान फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्तेयर का निधन।
- 1867 : उत्तर प्रदेश के देवबंद में दार-उल-उलूम की स्थापना हुई।
- 1919 : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने जालियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में 'सर' की उपाधि वापस की।
- 1966 : अमेरिकी विमानों ने उत्तरी वियतनाम पर बमबारी की।
- 1975 : यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का गठन हुआ।
- 1981 : बंगलादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान की हत्या हुई।
- 1987 : गोवा देश का 25वां पूर्ण राज्य बना।
- 1996 : छह वर्षीय बालक गेधुन चोकी नाइया को नया पंचेन लामा चुना गया।
- 1990 : पेरू में भूकंप से 135 लोगों की मौत हुई।
- 1998 : पाकिस्तान द्वारा एक और (छठा) परमाणु परीक्षण, अफगानिस्तान में भीषण भूकम्प से 5000 लोगों की मौत।

## एसोसिएशन का धरना

रांची: पुरानी पेंशन योजना की बहाली साथ ही अपनी 15 सूत्री मांगों के समर्थन में पोस्टल व आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने सोमवार को मुख्य डाक महाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष धरना दिया। धरना के बाद चीफ पीएमजी को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही स्पीड पोस्ट के माध्यम से ज्ञापन प्रधानमंत्री को भी भेजा गया। एसोसिएशन के सचिव एमजेड खान ने बताया कि मांगों के समर्थन में 21 जुलाई को देशभर के केंद्रीय पेंशनर्स संसद मार्च में भाग लेंगे।

पड़ताल — हथियारों का जखीरा बरामद होने की संभावना

# पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को लेकर खूंटी पहुंची एनआईए की टीम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए अपने साथ लेकर जिले के रनिया पहुंची है। दिनेश गोप की निशानदेही पर भारी संख्या में हथियारों का जखीरा बरामद होने के आसार लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए की पूछताछ में उसने क्षेत्र में हथियार छुपाकर रखने की बात कबूली है। लेकिन कहां छुपाई है इस बारे में दिनेश ने कहा कि उसे मालूम नहीं है। दिनेश गोप ने कहा कि उसे जगह ध्यान में नहीं है। कहा कि उसने कहा हथियार डंप किए हैं, उसे वह जगह मालूम नहीं है। एनआईए के साथ भारी संख्या में पुलिस की टीम रनिया के सुदूर इलाके में अभियान चला रही है।एनआईए टीम के साथ रनिया पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियां भी शामिल है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) नक्सली संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ अमरजीत सिंह से लगातार पूछताछ कर रही है। उससे संगठन के बारे में अहम जानकारियां जुटा रही है। फिलहाल दिनेश गोप एनआईए के समक्ष कई राज खोल चुका है। एनआईए को पूछताछ में पता चला है कि दिनेश गोप ने तुपूदाना क्षेत्र में संपत्ति खरीदी है। वहीं कुछ कारोबारियों के साथ मिलकर इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योग में भी निवेश किया है।तुपूदाना के कुछ होटलों और अपार्टमेंट में भी पैसे लगाए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। दिनेश गोप द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एनआईए ने जांच शुरू कर दी है। अगर उसकी संपत्ति की पुष्टि हो जाती तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। 40 साल के दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को नेपाल से गिरफ्तार किया था और वह 30 मई तक एनआईए के रिमांड में है।

## रांची आउटर रिंग रोड निर्माण का प्रस्ताव लगभग तैयार, केंद्र को भेजा जायेगा प्रस्ताव



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**आउटर रिंग रोड निर्माण का प्रस्ताव लगभग तैयार हो गया है। पथ निर्माण विभाग इसका डीपीआर फाइनल करके जल्द ही भारत सरकार की स्वीकृति के लिए भेजेगा। इसकी तैयारी की जा रही है। रांची आउटर रिंग रोड करीब 195 किमी लंबा होगा। इसका सर्वे पूरा कर लिया गया है। यह एनएच 33 रांची-रामगढ़ रोड से शुरू होकर नेशनल हाइवे 75 के मांडर के पास जायेगी। यहां से उकरीद से दूसरा फेज एनएच 23 रांची-गुमला मार्ग से इटकी तक जायेगा। वहां से एनएव 75 एक्सटेंशन रांची-चाईबासा रोड पर कालामाटी के पास निकलेगा। फिर यहां से एनएच 33 रांची-टाटा रोड होते हुए अनगड़ा से एनएच 3 रांची-रामगढ़ मार्ग तक जायेगा। हाल में रांची आये केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी ने इस आउटर रिंग प्रोजेक्ट निर्माण कराने की घोषणा की थी। उन्होंने 5000 करोड़ रुपये की योजना की मंजूरी देने की बात कही थी। हालांकि, इंजीनियरों ने बताया कि 6000 करोड़ रुपये लागत आयेगी। एक किमी रोड में करीब 30 करोड़ खर्च होने का आकलन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विभाग ने आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए पूरी तैयारी कर लिया है, जल्द ही केंद्र के पास स्वीकृति के लिए अब भेजा जायेगा।

### ट्रक और बाइक में सीधी टक्कर में दो युवक की मौत

**रांची** : खरसीदाग ओपी इलाके के कोचबोंग रिंगरोड में दर्दनाक सड़क हादसा में दो युवकों की जान चली गयी। ट्रक और बाइक में सीधी टक्कर में बाइक सवार 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी भी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस ने बाइक के आधार पर दोनों मृतकों की शिनाख्त कर ली है। एक मृतक हुंडरू का रहने वाला बताया जा रहा है तो वहीं, दूसरा नामकुम थाना क्षेत्र के महुआ टोली निवासी बताया जा रहा है। दोनों मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है।

## लाइनमैन नईम अंसारी से लोगों ने की मारपीट

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**कांके थाना अंतर्गत बुकरु चामा गांव में बिजली दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन नईम अंसारी को रविवार रात करीब 10.30 बजे कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी आकाश कच्छप और अघनु गाड़ी और अज्ञात 6-7 लोगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट में लाइनमैन नईम अंसारी बुरी तरह जख्मी हो गया। सर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने के बाद तत्काल कांके पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुके थे। कांके पुलिस और परिजनों के सहयोग से देर रात कांके स्वास्थ केंद्र में बीजली कर्मी नईम अंसारी का प्राथमिक उपचार कर घर भेजा गया। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पिठौरिया ने कांके थाना में आकाश कच्छप, अघनु गाड़ी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार रविवार रात तकरीबन 10.30 बजे बुकरू चामा में बिजली की तार गिर गई थी। जिसे लाइनमैन नईम अंसारी अपने सहयोगी मालिक अंसारी के साथ ठीक करने पहुँचे थे। वही 7-8 की संख्या में पहले से कुछ लोग मौजूद थे, और लाइनमैन से उलझ गए। और मारपीट करने लगे। इस दौरान एक कार्यक्रम से घर लौट रहे युवा कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर ने मारपीट कर रहे बदमाशों के चुंगल से लाइनमैन नईम अंसारी को बचाया। बाद में नईम अंसारी ने अपने परिजनों और कांके थाना को इसकी सूचना दी।

## पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार, बिहार में करता था बिक्री

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मृत्युंजय कुमार साव है और वह नामकुम इलाके का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने दो बाइक बरामद किए हैं। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि कांके मिसिर गोंदा निवासी प्रदीप कुमार की बीते 25 मई को बाइक चोरी हो गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने तफ्तीश की।

पुलिस को सफलता हाथ लगी।इसी बीच पुलिस की टीम को यह जानकारी मिली कि आरोपी लोवाडीह इलाके में है। टीम ने लोवाडीह स्थित संतोष कच्छप के मकान में छापेमारी की। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे खदेड़कर दबोचा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लोवाडीह से चोरी की दो बाइक बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी विकास राज के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था।

## सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह चार जून को, तैयारी पूरी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति और हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह का आयोजन 4 जून को होगा। आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है।

सोमवार (29 मई ) इस विषय को लेकर रांची के डैम पार्क कांके रोड में बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप एवं संचालन भानू उरांव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह पहले 14 मई 2023 को मनाने का निर्णय हुआ था। लेकिन उस दिन समिति के अभिभावक व मार्गदर्शक डा। करमा उरांव का निधन हो जाने के कारण कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा था। पुनः इसी कार्यक्रम को दिनांक- 4-6-2023 को सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह , हेसल जतरा टाड, पिस्का मोड़ रांची में करने का निर्णय लिया गया है।

### बीच जून में चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**रांची:** 25 अप्रैल की तारीख पार हो गई। लेकिन, रांची और पटना के बीच सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत की शुरूआत अभी नहीं हो सकी है। इस ट्रेन से सफर करने के लिए बिहार-झारखंड के लोगों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि, मई का महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। जून महीने की शुरूआत होने वाली है। इसका नंबर गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच शुरू हो रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के बाद आ जाएगा। इस बात पर पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी ने भी अपनी हामी भरी है। उनके अनुसार इस बात की पूरी संभावना बन चुकी है। इसके लिए रेलवे की तैयारी भी चल रही है। ये तैयारी सारे स्तरों पर सक्षम तरीके से हो रही है। लेकिन, इस नए सेमी हाई स्पीड ट्रेन की शुरूआत की तारीख अभी तय नहीं हुई है। वंदे भारत एक्सप्रेस को रांची-पटना के बीच नए रूट पर ही चलाए जाने की उम्मीद है। रांची से पटना आने पर इस ट्रेन का मेंटेनेंस राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में होगा।

### मुख्य सचिव को पत्र लिख कार्रवाई की मांग

**रांची:** सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिख है। जिसमें उन्होंने सतबरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राज किशोर प्रसाद के क्रियाकलापों की जांच की मांग की है। उन्होंने सबूत के तौर पर कई कागजात भी प्रस्तुत किए है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि राजकिशोर प्रसाद बड़े पैमाने पर सरकारी विकास योजनाओं में योजनाबद्ध तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में सैकड़ो गैर जरूरतमंद लोगों से पैसा लेकर लाभुक का चयन करते हैं फिर मामला प्रकाश में आने के बाद 1500 से अधिक लोगों का पेंशन रद्द कर देते हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वयं सेवक के माध्यम से लाखों रुपए की वसूली राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गयी है। जिसकी शिकायत पहले भी लाभुकों ने डीडीसी से की है।


झारखण्ड सरकार

ध्यानार्थ !

सभी तम्बाकू विक्रेता

सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ या सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने की प्रस्थापना या विक्रय करने की अनुमति देना या पेश करना, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन, 2003 (COTPA) की धारा 6(a) एवं Juvenile Justice Act (Care and Protection of Children) 2015 की धारा 77, के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

सभी तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद विक्रेता, तम्बाकू बिक्री स्थल पर नीचे दर्शाये गये बोर्ड (प्रारूप एवं मापदण्ड के अनुरूप) का प्रमुखता से प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लघंनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

फ्लैक्स/बोर्ड का प्रारूप निम्न प्रकार से है :-




अठारह वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध है

30 cm

60 cm

आज ही तम्बाकू की लत से अपने को आजाद करें।

कॉल करें- टॉल फ्री नंबर- 1800-11-2356, प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक (सोमवार छोड़कर)

104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 298357 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24



राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

नौ कदम और

दिल्ली
तेलंगना
हिमाचल प्रदेश
जम्मु-कश्मीर
गुवाहाटी
आंध्रप्रदेश
चंडीगढ़
बिहार
झारखंड

e-mail (bangla) : rashtriyokhobor@gmail.com
http://rashtriyakhabar.com/epaper
e-mail : rastriyakhabarhn@gmail.com
web : www.rashtriyakhabar.com
Rashtriya khabar
Rashtriyakhabar LIVE
jatiyokhobor.co.in

Visit us @Ph.
0651-2244505
0651-2244605